* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 286

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद लालू प्रसाद से मिलने पहुंचे राहुल गांधी






## न्यूज रील्स

### बॉम्बे हाइकोर्ट बेंच के जज का चलती कोर्ट से इस्तीफा

नागपुर। बॉम्बे हाइकोर्ट के जस्टिस रोहित बी देव ने अपने पद से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। जस्टिस रोहित हाइकोर्ट की नागपुर बेंच में बैठते थे। उन्होंने खुली कोर्ट से इस्तीफे की घोषणा करते हुए माफी भी मांगी। वे 4 दिसंबर 2025 को रिटायर होने वाले थे। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों के मुताबिक, जस्टिस रोहित देव ने कहा कि मेरी किसी के खिलाफ कोई दुर्भावना नहीं है। अगर मैंने किसी का दिल दुखाया हो तो माफ करें। मैं आत्मसम्मान के खिलाफ काम नहीं कर सकता।

### देश के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

नयी दिल्ली। एक ऐतिहासिक पहल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प की नींव रखेंगे। इसके तहत देशभर के 508 स्टेशनों का चयन किया गया है। मोदी 6 अगस्त को सुबह 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इसका शुभारंभ करेंगे। इसमें प्रयागराज, दरभंगा, जयपुर समेत 508 रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

### रोहिंग्या बस्ती में 250 झुग्गियों पर चला बुलडोजर

नूंह। नूंह हिंसा के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने तावडू इलाके में 250 झुग्गी-झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया। ये कंस्ट्रक्शन अवैध था। सूत्रों के मुताबिक यहां बांग्लादेशी रोहिंग्या अवैध तरीके से रह रहे थे और हिंसा में शामिल थे। कई युवकों के नाम एफआइआर में दर्ज हैं। वहीं, नूह में हुई हिंसा के विरोध में गुरुग्राम के पटौदी में हिंदू संगठनों ने मार्च निकाला।

### दिल्ली हाइकोर्ट का आइएनडीआइए को लेकर नोटिस

नयी दिल्ली। दिल्ली हाइकोर्ट ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलमेंट इंक्लूसिव अलायंस (आइएनडीआइए) के नाम को लेकर केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और विपक्षी पार्टियों से जबाव मांगा है। हाइकोर्ट इस मामले की सुनवाई 21 अक्टूबर को करेगा। कोर्ट में गिरीश भारद्वाज ने गुरुवार को याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि विपक्षी गठबंधन का नाम बदल दिया जाये। याचिका में कहा कि 2024 के चुनाव में फायदे के लिए राजनीतिक पार्टियों ने 'इंडिया' नाम इस्तेमाल किया है।

### केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला का बढ़ाया गया कार्यकाल

नयी दिल्ली। केंद्र ने केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला की सेवा को एक साल के लिए 22 अगस्त 2024 तक बढ़ा दिया है। कार्मिक मंत्रालय ने इसके संबंध में एक आदेश जारी किया है। चौथी बार उन्हें इस पद पर विस्तार दिया गया है। भल्ला असम-मेघालय कैडर के 1984 बैच के आइएएस अधिकारी हैं।

## मोदी सरनेम मामला : राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

# सजा पर 133 दिन बाद लगी रोक, सांसदी बहाल होगी

● कोर्ट ने कहा, सजा का असर राहुल ही नहीं, मतदाताओं पर भी पड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मोदी सरनेम मामले में कांग्रेसी नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से फौरी तौर पर राहत मिल गयी है। राहुल की सांसदी जाने के 133 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले पर ही रोक लगा दी, जिसकी वजह से उनकी सांसदी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं होती, तब तक दोषसिद्धि पर रोक रहेगी। सुनवाई की नयी तारीख अभी नहीं बतायी गयी है। दरअसल, मोदी सरनेम से जुड़े मानहानि केस में राहुल को निचली अदालतों ने दो साल की सजा सुनायी थी, जिस वजह से उनकी संसद से सदस्यता चली गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि ट्रायल कोर्ट ने अधिकतम सजा क्यों दी। जज को फैसले में यह बात बतानी चाहिए थी। अगर जज ने 1 साल 11 महीने की सजा दी होती, तो राहुल गांधी को डिसक्वालिफाइ नहीं किया जाता। कोर्ट ने कहा कि अधिकतम सजा के चलते एक लोकसभा सीट बिना सांसद के रह जायेगी। यह सिर्फ एक व्यक्ति के अधिकार का ही मामला नहीं है, यह उस सीट के मतदाताओं के अधिकार से भी जुड़ा मसला है। कोर्ट ने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं कि भाषण में जो भी कहा गया, वह अच्छा नहीं था। नेताओं को जनता के बीच बोलते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। यह राहुल गांधी का कर्तव्य बनता है कि इसका ध्यान रखें। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस संजय कुमार ने मामले पर सुनवाई की। राहुल ने 15 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में हाइकोर्ट और ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट में पहली सुनवाई 21 जुलाई को हुई। कोर्ट ने शिकायतकर्ता और राहुल से जवाब दाखिल करने को कहा। इसके बाद 2 अगस्त को फिर बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। इसके बाद 4 अगस्त तक फैसला सुरक्षित रख लिया था।



### बहाल होगी सांसदी, लड़ सकेंगे 2024 का चुनाव

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत के बाद राहुल की लोकसभा सदस्यता बहाल होने और 2024 के चुनाव लड़ने को लेकर चर्चाएं होने लगी हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से राहुल को मिली राहत फौरी है। कोर्ट ने मामले को खारिज नहीं किया है, बल्कि सजा पर रोक लगायी है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। अगर सुप्रीम कोर्ट राहुल को बरी कर देता है या सजा कम कर देता है, तो वह 2024 का चुनाव लड़ सकेंगे। अगर 2024 तक कोर्ट का फैसला नहीं आता, तो भी राहुल चुनाव लड़ सकेंगे। पूर्व लोकसभा सचिव पीडीटी आचारी कहते हैं कि सजा पर रोक का मतलब है कि अब राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो जायेगी। नियम यही कहता है, भले ही ये अंतरिम रोक क्यों न हो। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के वकील विराग गुप्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार लोकसभा सचिवालय अधिसूचना जारी करेगा, उसके बाद ही राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो पायेगी। इसके पहले लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल के मामले में ऐसा हो चुका है।**



**"आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, सच्चाई की जीत होती है। मेरा रास्ता तो क्लीयर है। मुझे क्या करना है, मेरा क्या काम है, मुझे इसकी क्लैरिटी है। जिन लोगों ने मदद की, जनता ने जो सपोर्ट किया, उसका शुक्रिया। कुछ भी हो जाये, मेरा कर्तव्य यही रहेगा कि भारत की अवधारणा की रक्षा करनी है। - राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**



**"सारे लोग खुश हैं। अक्सर ऐसा होता है कि हमारी बातें निगेटिव जाती हैं, कभी पॉजिटिव भी होती हैं। मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं। अभी संविधान जिंदा है। न्याय मिल सकता है। सिर्फ राहुल गांधी की जीत नहीं है, भारत की जनता और डेमोक्रेसी की जीत है। - मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## मुख्यमंत्री ने झारखंड विधानसभा में समापन अभिभाषण दिया

# मैं गारंटी देता हूं कि सिर्फ एवं सिर्फ झारखंडियों को ही रोजगार और स्वरोजगार दूंगा : हेमंत

- राज्य सरकार विस्थापन आयोग, एससी एवं एसटी आयोग का भी गठन करेगी
- राजभवन द्वारा संदेश के साथ विधेयक विधानसभा नहीं भेजना षड्यंत्र का हिस्सा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा सत्र के समापन अभिभाषण में कहा कि मणिपुर में आदिवासी समाज का उत्पीड़न हो रहा है और वहां की सरकार मूकदर्शक बन तमाशा देख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संरक्षण नियमावली में पिछले वर्ष ग्राम सभा के अधिकार को छीन लिया गया और फिर लोकसभा के चल रहे मानसून सत्र में वन संरक्षण कानून में केंद्र सरकार ने ऐसे संशोधन कर दिये हैं कि भविष्य में आदिवासियों से उनका जंगल ही छीन लिया जायेगा, परंतु मैं न तो पिछले साल के संशोधित नियमावली को इस राज्य में लागू होने दिया और न ही अभी कानून में किये गये बदलाव से आदिवासियों को उनके जंगल से बेदखल करने की केंद्र सरकार के मनसूबे को सफल होने दूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द राज्य सरकार विस्थापन आयोग, एससी एवं एसटी आयोग का भी गठन करने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुखाड़ के मद में राज्य को केंद्र सरकार द्वारा 9000 करोड़ रुपये देना था, लेकिन केंद्र सरकार ने राज्य को मात्र 500 करोड़ों ही दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में 8 लाख वंचित पात्र लाभुकों के लिए पीएम आवास स्वीकृत करने का बार-बार मांग कर रहे हैं, परंतु केंद्र सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विधानसभा के द्वारा 1932 के खतियान वाली स्थानीयता और पिछड़ों को 27% आरक्षण वाले विधेयक को पारित करा कर हम लोग भेजते हैं, तो उसको राज्यपाल के यहां लटका दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पक्का यकीन है कि संविधान के आर्टिकल 200 के अंतर्गत राज्यपाल द्वारा संदेश विधानसभा को नहीं भेजना इसी साजिश का हिस्सा है, जिससे कि हम लोग यह दोनों विधेयक फिर से विधानसभा से पारित करके राज्यपाल को नहीं भेज पायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर लीक न हो हम इसके लिए कानून लाये। गुजरात, उत्तराखंड जैसे राज्यों में जब इस प्रकार का कानून पहले से ही लागू है, तो हम इसे छात्र हित में जब लागू कर रहे हैं, तो फिर यहां के विपक्ष को पेट में दर्द क्यों हो रहा है।

**राज्य में और 40 से 50 हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हम हजारों पदों पर नियुक्ति कर चुके हैं, वहीं और 40 से 50 हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ा चुके हैं। मैं इस बात की गारंटी देता हूं कि सिर्फ और सिर्फ झारखंडियों को ही रोजगार एवं स्वरोजगार दूंगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार अपराध पर पूर्ण नियंत्रण के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। डीजीपी एवं पुलिस के बड़े अधिकारियों को हमने साफ कह रखा है कि अपराध पर किसी भी हालत में लगाम लगायें, इसमें आप को खुली छूट है एवं किसी का पैरवी भी आपको नहीं सुनना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर में हजारों घर जला दिये गये सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी गयी है, परंतु सरकार नाम मात्र के लिए एफआइआर दर्ज की है, वह भी सर्वोच्च न्यायालय से फटकार लगने के बाद।



### युवा नेता सुभाष मुंडा की नृशंस हत्या से दु:खी और मर्माहत हूं : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं बहुत ही दु:खी और मर्माहत हूं, युवा नेता श्री सुभाष मुंडा की नृशंस हत्या कर दी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके हत्यारों को पुलिस द्वारा पकड़ा जा चुका है। इस घटना में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा, परंतु कुछ राज्यों में ऐसा क्यों नहीं हो पा रहा है, मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस क्यों नहीं गिरफ्तार कर पा रही है।**

# झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अब मुख्यमंत्री होंगे

● झारखंड विधानसभा सदन से विधेयक पारित हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मुख्यमंत्री होंगे। अब तक विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति राज्यपाल होते थे। सदन से पारित हुए झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक 2023 में कुलाधिपति का पद राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को दिया गया है। इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजने के लिए छह सदस्यों ने प्रस्ताव दिया था, जिसमें विनोद सिंह, लंबोदर महतो, अनंत ओझा, अमर बाउरी, अमित मंडल और रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल थे।

### बिहार में एनडीए सरकार के दौरान हो चुका है ऐसा

कुलाधिपति का पद राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को दिये जाने पर विधायकों के सवाल का जवाब मंत्री बन्ना गुप्ता ने दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए के शासन में विश्वविद्यालयों से संबंधित तीन विधेयक पास हुए थे। वहां भी मुख्यमंत्री को कुलाधिपति बनाया गया था। इसमें वित्त का प्रावधान भी रखा गया है। ये राज्य के सर्वांगीण विकास का विधेयक है। प्रवर समिति भेजने का यह विषय नहीं है। हम एडवांस प्लानिंग वाले लोग हैं। हम लोग पिछलग्गू नहीं हैं।

### राज्यपाल की जगह सीएम क्यों

आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि इससे वित्तीय बोझ बढ़ेगा। इसमें वित्तीय संलेख तक नहीं है। इसमें राज्यपाल से अनुमोदन लेना जरूरी है। वहीं माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि बदलाव की जरूरत क्यों है। कुलाधिपति अब तक राज्यपाल ही रहे हैं। इस बार बदलाव कर मुख्यमंत्री को किया गया है, तो क्यों?

# सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी में सर्वे पर रोक नहीं लगायी

## कहा, एएसआइ ने ढांचे को नुकसान पहुंचाये बिना सर्वे का भरोसा दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी का भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआइ) की ओर से सर्वे जारी रहेगा। मुस्लिम पक्ष की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हाईकोर्ट के आदेश में दखल क्यों दें? साथ ही मुस्लिम पक्ष से पूछा कि एएसआइ सर्वे पर एतराज क्यों है? सर्वे से मुस्लिम पक्ष को कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है।


कोर्ट ने कहा कि सर्वे गैर आक्रामक तरीकों से होना चाहिए। एएसआइ ने स्पष्ट किया है कि पूरा सर्वेक्षण बिना किसी खुदाई और संरचना को बिना कोई नुकसान पहुंचाये पूरा किया जायेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि सर्वे होने दीजिए। रिपोर्ट को बंद लिफाफे में जमा होने दीजिए।

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सीजेआइ ने आदेश दिया कि सर्वे चलता रहेगा। बिल्डिंग को कोई नुकसान नहीं होगा। सीजेआइ ने कहा कि ऐसे सर्वे से किसी की पूर्व धारणा के पक्ष में या फिर मुस्लिम पक्ष के खिलाफ जायेगा, ऐसा विचार नहीं करना चाहिए। ये गलत है। क्योंकि एएसआइ यह भी रिपोर्ट दे सकता है कि ये औरंगजेब के समय या उससे पहले बना भवन है।

इससे पहले, इलाहाबाद हाइकोर्ट से इजाजत मिलने के बाद गुरुवार सुबह 8 बजे से ज्ञानवापी में एएसआइ की टीम ने सर्वे शुरू कर दिया था। 4 घंटे बाद यानी 12 बजे जुमे की नमाज के लिए सर्वे को रोक दिया गया। दोपहर 3 बजे से सर्वे फिर शुरू हो गया। इस बार एएसआइ टीम में 61 सदस्य हैं। ज्ञानवापी परिसर को चार ब्लॉक में बांटा गया है। चारों तरफ कैमरे लगाये गये हैं। वीडियोग्राफी की जा रही है।



ज्ञानवापी परिसर के अंदर एक साल पहले भी कमीशन ने सर्वे किया था।







सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,400 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# विधेयक के पास हो जाने पर क्या कुछ बदलेगा दिल्ली में

## बिल का सच, केंद्र सरकार का तर्क और केजरीवाल के आरोप

बहुचर्चित दिल्ली अध्यादेश बिल को संसद के निचले सदन, यानी लोकसभा ने पारित कर दिया है और अब यह राज्यसभा में है, जहां इसके पास होने के रास्ते में अब कोई रुकावट नजर नहीं आती। इस विधेयक के लोकसभा में पास होने से पहले से ही इसके जरिये आकार लेनेवाली सियासी रणनीतियों पर पूरे देश की निगाहें बनी हुई थीं और अब, जबकि लोकसभा ने इसे हरी झंडी दे दी है, इसको लेकर सियासत स्वाभाविक रूप से तेज हो गयी है। विपक्ष द्वारा कहा जा रहा है कि इस अध्यादेश के लागू होने के बाद दिल्ली की निर्वाचित सरकार केवल कठपुतली रह जायेगी। विपक्ष के इस आरोप को गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बिल पर हुई चर्चा के दौरान पूरी तरह नकारा और साफ-साफ कहा कि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है। यह हमने नहीं बनाया, पूर्व की सरकारों ने ही यह नियम बनाया है। हां अब बिल के पास हो जाने से केजरीवाल के कारनामों पर जरूर रोक लगेगी और उनके कारनामों से देश अवगत होगा। पक्ष-विपक्ष के अपने-अपने तर्क से दिल्ली अध्यादेश का मुद्दा सियासी रस्साकशी का बड़ा पैमाना बन गया। अब इसका सियासी मतलब क्या है और आम वोटरों पर इसका क्या असर होगा, यह सब जानने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा, लेकिन फिलहाल तो निगाहें राज्यसभा पर हैं, जहां भाजपा को बहुमत नहीं है, पर बीजद और वाइएसआर कांग्रेस जैसे मित्र दलों की मदद से वह इसे पास कराने के लिए तैयार है। क्या है दिल्ली अध्यादेश और क्या होगा इसका सियासी असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

हाल के दिनों में देश की सियासत में भूचाल पैदा करनेवाले दिल्ली अध्यादेश विधेयक को संसद के निचले सदन, लोकसभा ने पारित कर दिया है और अब देश भर की निगाहें राज्यसभा पर हैं, जहां से इसके पास होने के रास्ते में कोई व्यवधान नहीं दिख रहा है। लोकसभा से पारित होने के बाद और राज्यसभा में इसके पास होने की पूरी संभावनाओं के बाद अब चर्चा इस बात की हो रही है कि इस अध्यादेश के लागू होने के बाद से दिल्ली में क्या कुछ बदलेगा।

### क्या है पूरा मामला

दिल्ली में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 लागू है, जो विधानसभा और सरकार के कामकाज के लिए एक रूपरेखा प्रदान करने का काम करता है। साल 2021 में केंद्र सरकार ने इसमें संशोधन किया था। संशोधन के तहत दिल्ली में सरकार के संचालन, कामकाज को लेकर कुछ बदलाव किये गये थे। इसमें उपराज्यपाल को कुछ अतिरिक्त अधिकार दिये गये थे। संशोधन के मुताबिक, चुनी हुई सरकार के लिए किसी भी फैसले के लिए उपराज्यपाल की राय लेने को अनिवार्य किया गया था।

### केजरीवाल सरकार ने कोर्ट में क्या अपील की थी

आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि राजधानी में जमीन और पुलिस जैसे कुछ मामलों को छोड़ कर बाकी सभी मामलों में दिल्ली की चुनी हुई सरकार को सर्वोच्चता होनी चाहिए और दिल्ली का प्रशासन चलाने के लिए आइएएस अधिकारियों पर राज्य सरकार को पूरा नियंत्रण मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर आदेश सुनाया कि उपराज्यपाल के पास दिल्ली से जुड़े सभी मुद्दों पर व्यापक प्रशासनिक अधिकार नहीं हो सकते। उनकी शक्तियां उन्हें दिल्ली विधानसभा और निर्वाचित सरकार की विधायी शक्तियों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं देती।

अधिकारियों की तैनाती और तबादले का अधिकार दिल्ली सरकार के पास होगा। चुनी हुई सरकार के पास प्रशासनिक सेवा का अधिकार होना चाहिए। उपराज्यपाल को सरकार की सलाह माननी होगी। पुलिस, पब्लिक ऑर्डर और जमीन का अधिकार केंद्र के पास रहेगा। उसमें सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर केंद्र सरकार को लगता है कि इसमें संशोधन की जरूरत है, तो वह कानून बना सकती है।



### क्या है सरकार का अध्यादेश

सरकार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) अध्यादेश, 2023 लेकर आयी है। इसके तहत दिल्ली में सेवा दे रहे दानिक्स कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित किया जायेगा। दानिक्स यानी दिल्ली, अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दमन एंड दीव, दादरा एंड नागर हवेली सिविल सर्विसेस। प्राधिकरण में तीन सदस्य होंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री, दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली के गृह प्रधान सचिव। मुख्यमंत्री को इस प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया है। प्राधिकरण को सभी ग्रुप ए और दानिक्स के अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति से जुड़े फैसले लेने का हक तो होगा, लेकिन आखिरी मुहर उपराज्यपाल की होगी। यानी अगर उपराज्यपाल को प्राधिकरण का फैसला ठीक नहीं लगा, तो वह उसे बदलाव के लिए वापस लौटा सकते हैं। फिर भी अगर मतभेद जारी रहता है, तो अंतिम फैसला उपराज्यपाल का ही होगा।

### केंद्र सरकार का तर्क

केंद्र सरकार का तर्क है कि दिल्ली देश की राजधानी है। पूरे देश का इस पर हक है और पिछले कुछ समय से अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की प्रशासनिक गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थान और अथॉरिटी जैसे राष्ट्रपति भवन, संसद, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में हैं। कई संवैधानिक पदाधिकारी जैसे- सभी देशों के राजनयिक दिल्ली में रहते हैं और अगर कोई भी प्रशासनिक भूल होती है, तो इससे पूरी दुनिया में देश की छवि धूमिल होगी। केंद्र सरकार का कहना है कि राजधानी में लिया गया कोई भी फैसला या आयोजन न केवल यहां के स्थानीय लोगों, बल्कि देश के बाकी नागरिकों को भी प्रभावित करता है।

### लोकसभा में क्या कहा गृह मंत्री ने

लोकसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अध्यादेश में नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली एक्ट में बदलाव किया गया है। इसके तहत एलजी को ऑफिसरों के ट्रांसफर, पोस्टिंग आदि में अधिकार दिया गया है। दिल्ली देश की राजधानी है और ऐसे में देशवासियों का इसमें हित जुड़ा हुआ है। दिल्ली का प्रशासन कैसा हो, इस पर देश की नजर है। ऐसे में व्यापक देशहित में जरूरी है कि दिल्ली का प्रशासन चुनी हुई केंद्र सरकार के जरिये हो। केंद्र सरकार दिल्ली के मामले में तय करेगी कि ऑफिसर का कार्यकाल क्या हो, सैलरी, ग्रेच्युटी, पीएफ आदि भी तय करेगी। उनकी पावर, ड्यूटी और पोस्टिंग भी केंद्र तय करेगा। किसी पद के लिए उनकी योग्यता, पेनाल्टी और सस्पेंशन आदि का पावर भी केंद्र के पास ही होगा।

### कैसे पास होता है अध्यादेश

संविधान के अनुच्छेद 123 में राष्ट्रपति के अध्यादेश जारी करने की शक्तियों का वर्णन है। अगर कोई ऐसा विषय हो, जिस पर तत्काल कानून बनाने की जरूरत हो और उस समय संसद न चल रही हो, तो अध्यादेश लाया जा सकता है। अध्यादेश का प्रभाव उतना ही रहता है, जितना संसद से पारित कानून का होता है। इन्हें कभी भी वापस लिया जा सकता है। अध्यादेश के जरिये नागरिकों से उनके मूल अधिकार नहीं छीने जा सकते। केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति अध्यादेश जारी करते हैं। चूंकि कानून बनाने का अधिकार संसद के पास है, ऐसे में अध्यादेश को संसद की मंजूरी चाहिए होती है। छह महीने के भीतर इसे संसद से पास कराना जरूरी होता है।

### आम आदमी पार्टी का दावा

दिल्ली में लगातार इस बात पर बहस जारी है कि यह नया कानून आ जाने के बाद दिल्ली कितनी बदल जायेगी। आम आदमी पार्टी का दावा है कि अधिकारियों की नियुक्ति कमेटी के जरिये होगी, जिसके चेयरमैन स्वयं मुख्यमंत्री होंगे। दिल्ली को सेवाओं के बारे में कानून बनाने का अधिकार भी होगा, लेकिन इसके बाद भी अधिकारियों से उनकी सेवाओं को लेकर कोई गलती होने पर दिल्ली सरकार के पास उन्हें दंडित करने का विकल्प बेहद सीमित होगा। ऐसे में आशंका यही रहेगी कि अधिकारी दिल्ली सरकार की बजाय उपराज्यपाल के जरिये केंद्र की ही बात सुनेंगे। ऐसे में दिल्ली का कामकाज प्रभावित होगा और सरकार बहुत से ऐसा काम नहीं कर पायेगी, जो वह करना चाहती है। आम आदमी पार्टी आरोप लगाती रही है कि दिल्ली अध्यादेश के कानून बनने के बाद लोगों को मिल रही मुफ्त बिजली-पानी की सुविधाओं पर रोक लगा दी जायेगी। दिल्ली सरकार जिन लोगों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी और मुफ्त यात्राओं की सुविधा दे रही है, नया कानून आने के बाद उन पर रोक लगा दी जायेगी। इससे लोगों के बीच आशंका बढ़ रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि इस कानून के बाद दिल्ली की जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार अपने लोगों की भलाई के लिए काम नहीं कर पायेगी। चुनी हुई सरकार का अधिकारियों पर कोई कंट्रोल नहीं होगा, जिससे वे दिल्ली सरकार की बात नहीं मानेंगे। इन पर उपराज्यपाल के जरिये केंद्र सरकार का कंट्रोल होगा और इस कारण सभी अधिकारी केंद्र के इशारे पर काम करेंगे। इससे दिल्ली सरकार के कामकाज में समस्या आयेगी और लोगों के हित के लिए काम नहीं हो सकेंगे।

### भाजपा ने दावे को बताया झूठ

दूसरी तरफ दिल्ली भाजपा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी का यह नया झूठ है, जिसमें वह बिना किसी आधार के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि नये कानून में भी दिल्ली सरकार को सेवाओं पर नया कानून बनाने की छूट दी गयी है। इससे सरकार लोगों के लिए बेहतर कानून बना सकेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की नियुक्ति अभी भी उस पैनल के माध्यम से होगी, जिसके चेयरमैन स्वयं मुख्यमंत्री होंगे। ऐसे में किसी सेवा को रोकने या बाधित किये जाने की बात कहना पूरी तरह झूठ है।

# भाजपा का मधुबन में आज से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

## दो सौ जिला परिषद सदस्य होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पारसनाथ।** पारसनाथ पर्वत (श्री सम्मेद शिखरजी) दुनिया का सबसे बड़ा जैन तीर्थस्थल है। पारसनाथ की तलहटी मधुबन से एक बार फिर मंथन कर भाजपा कमल को और ताकत देगी। जब-जब चुनावी तैयारी की बात होती है, भाजपा यहीं विमर्श कर लक्ष्य साधने की रणनीति बनाती है।

### 5 और 6 अगस्त को प्रशिक्षण दिया जायेगा

2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा यहां फिर प्रशिक्षण शिविर लगा रही है। इस बार राज्यभर के भाजपा समर्थित जिला परिषद सदस्यों को यहां 5 और 6 अगस्त को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसमें राज्यभर के भाजपा विचारधारा वाले दो सौ जिला परिषद सदस्य शामिल रहेंगे।

### सदस्यों को बतायी जायेंगी मोदी सरकार की उपलब्धियां

5 अगस्त को सबसे पहले राज्य के सभी भाजपा विधायकों, जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की दो घंटे बैठक होगी। इसके बाद जिला परिषद सदस्यों का प्रशिक्षण होगा। जिप



सदस्यों को प्रशिक्षित कर 2024 के चुनाव में भाजपा की जीत के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उतारा जायेगा। भाजपा की नीतियों, सिद्धांतों और मोदी सरकार की उपलब्धियों से जिप सदस्यों को यहां अवगत कराया जायेगा, ताकि वे गांव-गांव में जाकर इन्हें बता सकें। पार्टी मानकर चल रही है कि शहरी क्षेत्र में बादशाहत कायम है, ग्रामीण क्षेत्रों में संयुक्त विपक्ष विशेषकर झामुमो से चुनौती मिल रही है। इसलिए जिला परिषद सदस्यों को तुरुप के पत्ते के तौर पर भाजपा प्रयोग करेगी।

### बाबूलाल-रघुवर-नागेंद्रनाथ-कर्मवीर देंगे टिप्स

प्रशिक्षण शिविर, विधायकों और जिलाध्यक्षों की बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव चुनावी टिप्स देंगे।

### 2017 के शिविर में रघुवर-मुंडा विवाद आया था सामने

बता दें कि 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा ने मधुबन में 15 मई 2017 से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया था। तब मुख्यमंत्री रघुवर दास और प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा थे। प्रशिक्षण शिविर में मुख्यमंत्री रघुवर दास और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का विवाद खुल कर सामने आया था।

रघुवर ने जहां सीएनटी में संशोधन की वकालत की थी, वहीं अर्जुन मुंडा ने सरकार के इस फैसले का खुल कर विरोध किया था। इसके बाद पिछले साल 27 अगस्त से भाजपा ने इसी मधुबन में प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया था।

# गिरिडीह में फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी पानेवाले 225 सहायक शिक्षक बर्खास्त

**राज्य शिक्षा विभाग से अनुमति मिलने के बाद वेतन रिकवरी की कार्रवाई की जायेगी**

**गिरिडीह।** जिला शिक्षा विभाग ने फर्जी डिग्री के आधार पर 15 साल तक सहायक अध्यापक की नौकरी करनेवाले जिले के 225 जालसाजों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार ने सेवा बर्खास्तगी का पत्र भी जारी करते हुए इसकी पुष्टि की। अब शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई के लिए राज्य शिक्षा विभाग से अनुमति मांगी है। निर्देश मिलने के बाद इनसे वेतन रिकवरी करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। जानकारी के अनुसार यूपी के भारतीय शिक्षा परिषद और इलाहाबाद के गुरुकुल की डिग्री पर 15 साल पहले सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी मिली थी। अब जब इनकी डिग्री की जांच हुई तो पता चला कि इनकी डिग्री फर्जी है। दोनों संस्थानों को यूपी सरकार से मान्यता नहीं मिली है। जांच के आधार पर जिले के देवरी और गांवा समेत अन्य स्कूलों से इनकी सेवा को बर्खास्त कर नौकरी वापस लेने का निर्देश जारी किया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## 886 करोड़ से हटिया, कोडरमा, बोकारो समेत 20 स्टेशनों का होगा कायाकल्प

# कल पीएम करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास

**अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड में भी 20 स्टेशनों को उन्नत किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद मोदी आगामी 6 अगस्त को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे देश में 506 रेलवे स्टेशनों की आधारभूत संरचना के उन्नयन संबंधी कार्यों का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इसके तहत झारखंड में भी हटिया, कोडरमा, बोकारो रेलवे स्टेशन समेत राज्य के 20 रेलवे स्टेशनों का



886.70 करोड़ रुपये की राशि से इन स्टेशनों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ यात्रियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होगा। इस योजना के तहत हटिया स्टेशन के उन्नयन हेतु सर्वाधिक 355 करोड़ की राशि खर्च की जायेगी।

### इन स्टेशनों का होगा विकास

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हटिया के अलावा बोकारो स्टील सिटी में 33.5 करोड़, बड़काकाना रेलवे स्टेशन में 32.6 करोड़, नेताजी सुभाष चंद्र बोस-गोमो जंक्शन में 32.4 करोड़, घाटशिला स्टेशन में 31 करोड़, पारसनाथ स्टेशन में 30.4 करोड़, कोडरमा स्टेशन में 30.3 करोड़, राजखरसावां स्टेशन में 30 करोड़, डाल्टनगंज स्टेशन में 29.2 करोड़, साहिबगंज स्टेशन में 29 करोड़, हजारीबाग रोड स्टेशन में 28.1 करोड़, मनोहरपुर स्टेशन में 27 करोड़, पिस्का स्टेशन में 27 करोड़, कतरासगढ़ स्टेशन में 26.9 करोड़, चंद्रपुरा स्टेशन में 26.5 करोड़, नगरऊंटारी में 26.3 करोड़, गढ़वा टाउन स्टेशन में 25.5 करोड़, लातेहार में 24.5 करोड़, गढ़वा रोड स्टेशन में 24.5 एवं कुमारडुबी स्टेशन के लिए 17 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गयी है।

# सुल्तानगंज-देवघर कांवरिया कॉरिडोर का काम शुरू करायें, सदन में सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने धारा 377 के तहत पर्यटन विकास से संबंधित कई मांगों को सदन के माध्यम से सरकार के समक्ष रखा। सांसद ने कहा कि पीएम ने वर्ष 2015 में कांवर यात्रा में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और धार्मिक स्थलों के समग्र विकास के लिए सुल्तानगंज से देवघर तक कॉरिडोर पैकेज की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि धारा 377 के तहत सभी अधूरी पड़ी परियोजनाओं को पूरा किया जाये, ताकि पिछड़े क्षेत्र का विकास हो सके।



### विकास के लिए नयी परियोजनाएं पेश की जायें: सांसद

सांसद ने कहा कि देवघर एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र है और यहां 12 ज्योतिर्लिंग में से एक ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ है। देवघर में हर साल पांच करोड़ से भी ज्यादा लोग आते हैं। एक व्यापक कार्यक्रम के तहत स्वीकृत परियोजना की समीक्षा कर पिछड़ा क्षेत्र में आगे के विकास के लिए नयी परियोजनाएं पेश की जायें। इसमें वर्ष 2012 में केंद्र सरकार द्वारा देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए 25 करोड़ दिये गये, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हुआ है। सांसद ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय द्वारा देवघर शहर को प्रसाद योजना में शामिल करने का फैसला लिया गया था।

### सांसद ने और क्या कहा?

सांसद ने कहा कि उस दौरान मैंने बाबा मंदिर की ओर जानेवाली शहर की संकरी गलियों को चौड़ा करने की मांग को रखी थी. देवघर सहित पूरा झारखंड जैन और हिंदू धर्मों का केंद्र है। इसके विकास के लिए प्रमुख धार्मिक केंद्रों का सर्किट बना कर व्यापक योजना तैयार की जाये, जिससे भारत का सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक सर्किट में पारसनाथ, देवघर, बासुकिनाथ, मलूटी, तारापीठ, विक्रमशिला, बटेश्वरस्थान, मंदार, चंपापुरी, सुल्तानगंज, मुंगेर के करंगारी को शामिल करते हुए विकास की योजना बनायी जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 21.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.30 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.21 बजे |



## झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का समापन

# सदन का अंतिम दिन भी हंगामेदार





### विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा, राज्य में लूटी जा रही है आदिवासियों की जमीन, जोबा ने कहा- जांच करायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 28 जुलाई से शुरू झारखंड विधानसभा मानसून सत्र का शनिवार अंतिम दिन था। विधायक लोबिन हेब्रम ने राज्य में आदिवासी और मूल वासियों की जमीन छिन ली जा रही है। कानून बहुत है लेकिन उसका ठीक से पालन नहीं हो रहा है। जमीन की लूट कारखाने के नाम पर, एचइसी के नाम पर लूटी जा रही है।

सरकार कहती है कि हम कानून का पालन कर रहे हैं। सरकार भी मानती है कि कानून है लागू कर रहे हैं। एचइसी की जमीन पर स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि हमारी सरकार आयेगी तो हम स्मार्ट विलेज बनायेंगे। बिहार में संकल्प में जारी हो गया है लेकिन झारखंड में जारी नहीं हुआ है। ऐसे में राज्य में कैसे आदिवासी बचेंगे। मुख्यमंत्री आदिवासी, मंत्री आदिवासी हैं और आदिवासी की जमीन ना बचे तो कैसे होगा। कम से कम डेढ़ लाख दखलदानी पेडिंग हैं, उन्हें पोजिशन नहीं मिला है। पेशा एक्ट को लेकर संकल्प कब जारी करेंगे। आप समय अवधि बताइये कबतक करेंगे। अगर नहीं बता सकते तो हम बाहर चले जाते हैं। इस पर जवाब देते हुए अधिकृत मंत्री जोबा मांझी ने कहा, हमारे पास कानून है हम उसके नियमों का पालन कर रहे हैं। गैर अनुसूचित क्षेत्रों में भी नियम है। विधायक को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। जहां तक दखलदानी की बात है हम उसकी जांच करायेंगे। सरकार इसकी जांच करेगी कार्रवाई करेगी। सरकार इसे लेकर समय निर्धारित नहीं कर सकेगी।

### जातीय जनगणना पर सदन में सरकार का जवाब, कहा- प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मानसून सत्र के आखिरी दिन जातीय जनगणना के सवाल पर सरकार का जवाब आया। प्रदीप यादव के सवाल पर जवाब देते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जातीय जनगणना को लेकर झारखंड विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। सरकार बिहार हाइकोर्ट के फैसले पर भी विचार करेगी। प्रदीप यादव ने पूछा था कि क्या सरकार जातीय जनगणना कराना चाहती है।

#### ओबीसी आरक्षण का क्या हुआ

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक और जातीय



जनगणना का मुद्दा ध्यानाकर्षण के माध्यम से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सदन में उठाया। उन्होंने यह जानना चाहा कि आखिर विधेयक कहां प्रक्रियाधीन है। इस सवाल के जवाब में संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि विधेयक को राजभवन से लौटते वक्त कुछ प्रक्रिया बाकी रह गयी है, उसे मांगा गया है। आते ही फिर से उसे सरकार राजभवन भेजेगी।

### रिम्स के मॉड्यूलर ओटी खरीदारी में गड़बड़ी की जल्द होगी जांच: स्वास्थ्य मंत्री

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को विधायक सरफराज अहमद ने सदन में सवाल उठाया कि रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में 12 मॉड्यूलर ओटी (ऑपरेशन थिएटर) की खरीदारी में गड़बड़ी हुई है। इसके कारण राजस्व को करीब 25 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस मामले की विभागीय जांच के लिए 3 सितंबर, 2022 को एक जांच समिति का गठन किया गया था, लेकिन जांच समिति की ना कोई रिपोर्ट आयी और ना ही इस पर कोई कार्रवाई हुई। इस पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के लिए टेंडर के जरिए दो मॉड्यूलर ओटी की खरीदारी की गयी थी। यह सही है कि जांच के लिए 3 सितंबर, 2022 को समिति का गठन किया गया था, लेकिन इस समिति के सदस्य डॉ हिमांशु भूषण बरवार का आकस्मिक निधन हो गया, जिसके बाद 15 जून, 2023 को जांच समिति का पुनर्गठन किया गया है।

### डॉ रामेश्वर उरांव बोले, जरूरत पड़ी तो मुआवजे के लिए माइनिंग एजेंसियों पर करेंगे सर्टिफिकेट केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक प्रदीप यादव के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 2018 तक राज्य सरकार ने काफी कोशिश की थी कि खदान के एवज में राज्य सरकार की जमीन का मुआवजा उसे दिया जाये, लेकिन केंद्र का कोयला मंत्रालय हमेशा यह कह कर टालता रहा कि माइंस पर केंद्र का अधिकार है। इसलिए मुआवजे का अधिकार राज्य सरकार को नहीं है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी, तो सीसीएल समेत माइनिंग करनेवाली तमाम केंद्रीय एजेंसियों पर मुआवजे के लिए सर्टिफिकेट केस भी करेंगे।

#### सरफेस लैंड पर राज्य सरकार का अधिकार

झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि सरफेस लैंड पर राज्य सरकार का, जबकि सब सरफेस लैंड पर केंद्र सरकार का अधिकार होता है। इस लिहाज से केंद्र से राज्य सरकार मुआवजे की मांग कर सकती है। अगर इसके लिए जरूरत पड़ी, तो सीसीएल समेत माइनिंग करनेवाली तमाम केंद्रीय एजेंसियों पर सर्टिफिकेट केस किया जा सकता है।

#### राज्य सरकार को दिये गये हैं 2500 करोड़ रुपये

झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सदन में कहा कि दूसरा विकल्प यह है कि हम नीति आयोग के पास अपनी बातों को रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर इस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में उन्होंने इस बात को रखा था और उन्होंने सहमति भी दी थी, जिसके बाद केंद्र सरकार ने कोयला मंत्रालय के माध्यम से राज्य सरकार को 2500 करोड़ रुपये दिये हैं। मतलब यह है कि यह पहली किस्त है और इससे एक बात साफ है कि केंद्र ने राज्य की बातों को समझा है और माना भी है।

#### कोयला सप्लाई बंद करना सॉल्यूशन नहीं है

झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पिछले वर्ष राज्य में सूखा पड़ा था। केंद्र की टीम ने दो बार राज्य का दौरा भी किया था। इसलिए इंतजार करना चाहिए। हमें अपनी मांग जारी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोयला सप्लाई बंद करना सॉल्यूशन नहीं है, क्योंकि ऐसा करने से कई राज्य प्रभावित होंगे। इसके साथ ही हमारे मजदूरों पर, रॉयल्टी पर भी प्रतिकूल प्रभाव दिखायी देगा।

### विधायक ढुल्लू महतो ने उठाया अवैध खनन का मामला, कहा सरकार गंभीर नहीं है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में विधायक ढुलू महतो ने अवैध खनन का मामला उठाया उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी इस मामले में कई बार विधानसभा में उठाया है। मैं अपने क्षेत्र की समस्या को रखूंगा। ढुलू महतो ने कहा, मेरे अंगरक्षक वापस ले लिए गये हैं। अवैध खनन मामले में सरकार ठोस कार्रवाई करें। अवैध माइनिंग करने वाले बड़े- बड़े लोगों को रोका जाए जो साइकिल से खनन करते हैं उन्हें नहीं रोका जाए। इस मामले में सरकार कार्रवाई करे। जब-जब मैंने भ्रष्टाचार के खिलाफ बोला है मुकदमा हुआ है। इसे लेकर विधानसभा की एक कमेटी बनाकर भेजे। जिस दिन कमेटी आयेगी उस दिन अवैध खनन साबित कर दूंगा। इस मामले में सरकार का पक्ष रखते हुए बादल पत्रलेख ने कहा, सख्ती बरती जा रही है। अगर सरकार को किसी खास जगह की जानकारी देना चाहते हैं तो दे सकते हैं। समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाती है। सरकार चर्चा के दौरान आयी बातों से अवगत हुई है आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। हर एक प्रमंडल में टास्क फॉर्स बना है। हम कार्रवाई कर रहे हैं। सरकार के संज्ञान में जानकारी दें हम निश्चिंत कार्रवाई करेंगे।

## झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के खिलाफ

# राज्यपाल से मिले भाजपा के विधायक

## गवर्नर को ज्ञापन सौंपा, हस्तक्षेप करने का किया आग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के खिलाफ भाजपा के विधायकों ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को मुलाकात की और हस्तक्षेप की गुहार लगायी। उन्होंने झारखंड विधानसभा से पारित झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम और निवारण के उपाय) विधेयक 2023 की समीक्षा कर निर्णय लेने का आग्रह किया। इस विधेयक को भाजपाइयों ने काला कानून बताया। विधायकों ने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा

#### आरोप: प्रतियोगी युवाओं की आवाज को दबाया जा रहा

ज्ञापन में उल्लेख है कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार और कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन की प्रबल पक्षधर है। उपर्युक्त विधेयक के द्वारा राज्य सरकार झारखंड लोक सेवा आयोग, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जैसी संस्थाओं में प्रतियोगी युवाओं की आवाज को दबा कर मनमाने तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन कराना चाहती है। यह आशंका तब और प्रबल हो जाती है, जब विगत दिनों जेपीएससी द्वारा आयोजित 7वीं से 10वीं तक की सिविल सेवा परीक्षा और जेएसएससी द्वारा आयोजित कनीय अभियंता परीक्षा में घोर धांधली उजागर हुई।

ज्ञातव्य है कि प्रथम द्रष्टया राज्य सरकार ने इस अनियमितता को सिरे से नकारा, परंतु युवाओं, अभ्यर्थियों के व्यापक विरोध और परीक्षा में हुई धांधली के पर्याप्त सबूत उजागर होने का ही परिणाम हुआ कि राज्य सरकार ने धांधली को स्वीकारा। यदि यह विरोध नहीं हुआ होता, तो राज्य सरकार अनियमित बहाली करने में सफल हो जाती। विरोध का ही परिणाम हुआ कि जेएसएससी को कनीय अभियंता की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।

भाजपा का मानना है कि राज्य सरकार ने अपनी इस प्रकार की त्रुटियों, धांधली, विफलताओं और सत्ता पोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को दबाने के लिए उपर्युक्त विधेयक को पारित कराया है।

#### सदन में विधेयक का कड़ा विरोध किया

ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा के विधायकों ने विधेयक के उपर्युक्त असंवैधानिक प्रावधानों पर सदन में कड़ा विरोध प्रकट किया है, लेकिन राज्य सरकार ने अपनी हठधर्मिता और संख्या बल के आधार पर सदन में विधेयक पारित करा लिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा विधायक दल का प्रतिनिधिमंडल राज्य के संवैधानिक प्रमुख के नाते अनुरोध करता है कि राज्य के बेरोजगार युवाओं और जनता के हित में यह विधेयक काला कानून नहीं बने। इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए राज्य सरकार को आवश्यक दिशा निर्देश देने की कृपा की जाये।

#### विधेयक में अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन किया गया है

ज्ञापन में भाजपा ने कहा है कि विधेयक में अभिव्यक्ति की आजादी का स्पष्टतया उल्लंघन है। उदाहरण के तौर पर विधेयक की कंडिका 11 (2) में राज्य सरकार संबंधित परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों, उत्तर पत्रकों के संबंध में सवाल खड़ा करनेवाले परीक्षार्थियों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया और जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध बिना किसी प्रारंभिक जांच किये प्राथमिकी दर्ज कराने तथा कंडिका 23 (1) क एवं ख में ऐसे लोगों को बिना किसी वरीय पदाधिकारी के अनुमोदन के गिरफ्तार करने का प्रावधान किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि इसके अतिरिक्त ऐसी विसंगतियों पर भविष्य में भी कोई परीक्षार्थी आवाज नहीं उठा सके, इसके लिए विधेयक की कंडिका 13 (1) में वैसे परीक्षार्थियों को दो से 10 साल तक के लिए परीक्षा प्राधिकरण द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं से वंचित करने का प्रावधान किया गया है।

#### बेरोजगार युवाओं के खिलाफ राज्य सरकार की हिटलर शाही

ज्ञापन में कहा गया है कि बेरोजगार युवाओं के खिलाफ राज्य सरकार की हिटलर शाही तब और उजागर हो जाती है, जब सरकार ने इस विधेयक की कंडिका 2 (7) में परीक्षा संपन्न करानेवाले कर्मियों, परीक्षकों, पर्यवेक्षक और उनके रिश्तेदारों, मित्रों के खिलाफ भी शिकायत दर्ज नहीं कराने का प्रावधान किया है।

#### प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिल

प्रतिनिधिमंडल में बाबूलाल मरांडी सहित सीपी सिंह, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, नवीन जायसवाल, रामचंद्र चंद्रवंशी, रणधीर सिंह, नीरा यादव, जेपी पटेल, शशि भूषण मेहता, ढुल्लू महतो, नारायण दास, कोचे मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, अमर कुमार बाउरी, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल, किशुन कुमार दास, समरी लाल, अमित मंडल, आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी शामिल हुए।

## बाबूलाल ने उठाये सीएम पर सवाल, कहा-

# विपक्ष को आवाज उठाने का है पूरा हक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सत्ता पक्ष द्वारा बीजेपी के राजभवन जाने पर सवाल उठाने पर कहा, अगर कुछ गड़बड़ी होती है, तो विपक्ष को राजभवन जाने का पूरा हक है। मुख्यमंत्री के पास कई महत्वपूर्ण विभागों के होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि उद्योग, खनन, गृह समेत लगभग दर्जनभर महत्वपूर्ण विभाग मुख्यमंत्री ने अपने पास रखे हैं। कहा कि इन विभागों की क्या हालत है, यह सबको पता है। सभी विभागों में गड़बड़ियां हो रही हैं और वह चाहते हैं कि विपक्ष आवाज भी नहीं उठाये। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सब कुछ



अपनी मुट्ठी में ही रखना चाहते हैं।

### राजेश मंडल मौत मामले में तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रांची।** देवघर के पालाजोरी क्षेत्र में राजेश मंडल की संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने के मामले में पत्नी ने पुलिसवालों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग देवघर एसपी से की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पालाजोरी थाने के एएसआइ संजय सिंह समेत तीन पुलिस कर्मियों ने राजेश मंडल के साथ काफी मारपीट की। अधिक पिटाई के कारण ही उसकी मौत हो गयी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने देवघर एसपी से नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही इन आरोपियों को नौकरी से बर्खास्त करने की भी मांग की है।

### पांच डीएसपी का तबादला

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने 5 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला किया है। इससे संबंधित अधिसूचना शुक्रवार की देर शाम जारी कर दी गयी है।

**कौन कहां गये :** लोहरदगा डीएसपी के पद पर पदस्थापित बीएन सिंह को बेरमो डीएसपी बनाया गया है। जैप -5 के डीएसपी के पद पर पदस्थापित सुमित प्रसाद को गिरिडीह, डुमरी का डीएसपी बनाया गया है। सीआइडी डीएसपी के पद पर पदस्थापित जय प्रकाश नारायण चौधरी को गोड्डा का डीएसपी बनाया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत सुदर्शन कुमार आस्तिक को डीएसपी एसीबी रांची बनाया गया है। एसीबी डीएसपी के पद पर पदस्थापित अरविंद कुमार सिंह को विशेष शाखा का डीएसपी बनाया गया है।

# स्पीकर और संसदीय कार्य मंत्री बोले- माफी मांगिये

## शशिभूषण ने कहा- अगर कोई आहत है तो अपनी बात वापस लेता हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को सदन के अंदर भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता के दुर्व्यवहार का मामला उठा। संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि इरफान अंसारी के बयान के लिए वह खुद और बिरंची नारायण के आग्रह के बाद मैंने भी माफी मांगी, लेकिन कल की घटना के लिए भाजपा विधायक ने माफी नहीं मांगी। वह माफी मांगें। इसके बाद स्पीकर रबिंद्रनाथ महतो ने शशिभूषण मेहता से कहा कि झुकने से किसी के व्यक्तित्व का नुकसान नहीं होता है। आप माफी मांगें। इस पर माफी की जगह शशिभूषण मेहता ने कहा कि अगर कोई आहत है, तो मैं अपनी बात वापस लेता हूं। गुरुवार को उन्होंने इरफान अंसारी के लिए कहा था कि ऐसी की तैसी कर दूंगा। शशिभूषण मेहता ने कहा कि इरफान अंसारी पर लगाम लगनी चाहिए। वह



हमेशा ऐसी बात करते हैं।

#### अब क्या फांसी दीजियेगा

शशिभूषण मेहता ने जब स्पष्ट रूप से माफी नहीं मांगी, तब संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि इन्हें माफी मांगनी चाहिए। तभी बिरंची नारायण ने कहा कि अब हो गया। अब क्या फांसी दीजिएगा।

स्पीकर रबिंद्रनाथ महतो ने माफी मांगने के लिए बोलते वक्त कहा कि आप दोनों डॉक्टर हैं। पढ़े लिखे लोग हैं। कल जो हुआ, वह सदन की गरिमा के लिए ठीक नहीं है। अगर कोई रोकता नहीं, तो कल मामला बढ़ जाता। यह सही नहीं है।

### सदन में सरयू और बादल के बीच हुई बहस, स्पीकर के दखल से हुए शांत

रांची। मॉनसून सत्र के आखिरी दिन विधायक सरयू राय ने सदन में सरकार के जवाब से असहमति प्रकट की और गैर सरकारी संकल्प के दौरान प्रस्ताव को वापस लेने से इंकार कर दिया। सरयू राय ने कहा कि मैं तो कर नहीं पाऊंगा, भले मेरे प्रस्ताव सदन में खारिज हों। दरअसल विधायक सरयू राय ने अपने विस क्षेत्र अंतर्गत पथ निर्माण विभाग संवेदक द्वारा अन्ना चौक-छोटा गोविंदपुर-पीपला ऊपरी पथ निर्माण कार्य रोके जाने के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण जनहित में शीघ्र शुरू किया जाना चाहिए। सरकार बताये कि इसे कब शुरू किया जायेगा और कब पूरा किया जायेगा। इसका जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि वन विभाग का एनओसी लेने का प्रयास हो रहा है। एनओसी नहीं मिलने के कारण राज्य की कई परियोजनाएं लंबित रहती हैं। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट का एनओसी मिलने पर काम शुरू किया जायेगा। मंत्री के जवाब से विधायक सरयू राय संतुष्ट नहीं हुए और कहा कि जब वन विभाग का एनओसी प्राप्त नहीं था तो 2019 में इसका काम कैसे शुरू हुआ और फिर इकरारनामा को रद्द क्यों किया गया। इस मामले पर मंत्री और विधायक के बीच काफी देर सवाल-जवाब होते रहे। बाद में स्पीकर के दखल के बाद संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम के जवाब के बाद उन्होंने यह प्रस्ताव वापस ले लिया। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 15 दिन के अंदर पूरे मामले को दिखाकर विधायक को अवगत कराया जायेगा और जल्द काम शुरू कराया जायेगा।

## राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर कांग्रेस में खुशी की लहर

# राहुल गांधी ने जो मोहब्बत की दुकान खोली, उसकी जीत: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिलने पर कांग्रेस में खुशी की लहर है। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन आये इस फैसले के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हुई है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। यह नफरत के बाजार में जो मोहब्बत की दुकान राहुल गांधी ने खोली, उसकी जीत है। वैसे भी देश की जनता ने पिछले कई चुनावों में कांग्रेस को चुना और बीजेपी को यह बता दिया कि अब उसकी नफरत की दुकान चलनेवाली नहीं है।

मालूम हो कि कांग्रेस के पूर्व



अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गयी है। कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम आदेश में कांग्रेस नेता की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल हो सकती है।

#### भाजपा कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं रही

राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की मंशा वैसी नहीं थी, जैसा कि बीजेपी ने पेश किया। उन्होंने ललित मोदी और नीरव मोदी, जो कि वाकई में भगोड़े और चोर हैं, उनको लेकर यह बात कही थी। बीजेपी ने मणिपुर से लेकर हरियाणा तक और झारखंड में भी अशांति फैलाने का प्रयास किया, लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिली। बीजेपी इस फैसले के बाद कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं रही, जो राहुल गांधी की सदस्यता छीनना चाह रही थी।

#### दीपिका पांडे ने लड्डू बांटे, कहा- राहुल गांधी इज बैक

विधायक दीपिका पांडे ने इस मौके पर विधानसभा परिसर में लड्डू बांटे और कहा कि राहुल गांधी इज बैक। देश की जनता सब कुछ देख रही है और समझ रही है। आनेवाले 2024 के चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



## एसएसपी कौशल किशोर ने प्रेस कांफ्रेंस में किया खुलासा

# 119 डिसमिल जमीन के लिए दोस्त ने 15 लाख की सुपारी देकर करायी सुभाष मुंडा की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सुभाष मुंडा की हत्या दलादली मौजा स्थित 119 डिसमिल जमीन को लेकर छोटू खलखो ने 15 लाख रुपये की सुपारी देकर करायी थी। इस मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें लालगुटवा का रहनेवाला छोटू खलखो, अभिजीत कुमार और रातू का रहनेवाला विनोद कुमार शामिल हैं। इस घटना में शामिल अन्य शूटर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देसी पिस्टल, टेलिस्कोपिक स्पोर्टिंग राइफल, एक रिवाल्वर, पंप एक्शन शॉटगन और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी बरामद की है। मालूम हो कि 26 जुलाई को नगड़ी थाना क्षेत्र के दलादली चौक के पास सुभाष मुंडा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी।



### विरोध-प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे मुख्य आरोपी

सुभाष मुंडा की हत्या के बाद छोटू खलखो, विनोद कुमार, अभिजीत और कुछ अन्य आपराधिक सहयोगी दिखावा के तौर पर दलादली पहुंचे और भीड़ में शामिल होकर सरकारी कार्य में व्यवधान डालते हुए तोड़फोड़, आगजनी में भी सक्रिय भूमिका निभायी। घटना के बाद अगले दिन हत्या में प्रयुक्त देसी हथियार छोटू खलखो को वापस कर दिया गया। वह हथियार छोटू खलखो की निशानदेही पर उसके घर से बरामद किया गया। घटना के बाद भेद खुलने के डर से छोटू खलखो अपने अन्य साजिश में शामिल आपराधिक सहयोगियों के साथ अपने पास उपलब्ध अन्य हथियारों के साथ भाग रहा था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### दोस्तों ने ही रच डाली हत्या की साजिश

रिंग रोड में कंचन पेट्रोल पंप के पास 119 डिसमिल जमीन पर छोटू खलखो की नजर थी। उस जमीन को छोटू ने फर्जी कागजात के माध्यम से जमीन अपने करीबी के नाम करा लिया था, लेकिन सुभाष मुंडा उस पर कब्जा होने नहीं दे रहा था। जमीन खरीदार मुंहमांगी कीमत देने के लिए तैयार था, लेकिन सुभाष मुंडा उस जमीन को नहीं बेचने दे रहा था। सुभाष का कहना था कि गलत तरीके से जमीन नहीं बेचने देंगे। इससे छोटू ने सुभाष मुंडा की हत्या की साजिश रच डाली और उसके लिए सुभाष मुंडा के सबसे करीबी एक व्यक्ति विनोद कुमार को अपने साथ मिलाया। उसे कहा गया कि जमीन बिक्री के बाद जो पैसा मिलेगा, सबको दिया जायेगा। वहीं छोटू ने साजिश में शामिल लोगों को बताया कि सुभाष मुंडा की हत्या के बाद और कई जमीन पर कब्जा कर वे लोग काम करेंगे और आगे खरीद बिक्री भी करेंगे, जिससे काफी कमाई होगी। इस प्रलोभन के बाद साजिश में शामिल लोग छोटू के साथ काम करने के लिए तैयार हो गये। वहीं छोटू ने साजिश के तहत जमीन को किसी दूसरे के नाम एग्रीमेंट भी कर दिया था।

### विनोद महतो की शादी के समय ही रची थी साजिश

छोटू खलखो और विनोद कुमार अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर विनोद महतो की शादी के समय में ही सुभाष मुंडा की हत्या की साजिश रचनी शुरू कर दी। शूटर के लिए छोटू खलखो ने अपने सहयोगी मित्र के माध्यम से कांट्रैक्ट किलर बबलू पासवान उर्फ नागेश्वर से संपर्क किया। उसके बाद 15 लाख रुपया नगद और 10 डिसमिल जमीन (119 डिसमिल प्लॉट में से ही) देने की शर्त पर हत्या करने के लिए वह तैयार हुआ।

### हत्या से पहले की थी रेकी

हत्या की घटना के पहले बबलू पासवान ने दो शूटरों के साथ छोटू खलखो और विनोद कुमार के सहयोग से घटनास्थल की रेकी की। इसके अलावा विनोद कुमार मुंडा लगातार सुभाष मुंडा पर नजर रखे हुए था। वह हर पल उसकी गतिविधि की जानकारी छोटू खलखो को देता रहता था। इसके आधार पर छोटू खलखो ने इसकी सूचना बबलू पासवान को दी। बबलू पासवान ने दोनों शूटरों को भेज कर इस हत्या की घटना को अंजाम दिलवाया।

# सीएम से सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा में माकपा नेता सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री ने सुभाष मुंडा के माता-पिता और पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुख्यमंत्री से मिल कर कहा कि सुभाष मुंडा मेरे परिवार का भरण-पोषण करने वाला महत्वपूर्ण सदस्य था, उसकी हत्या होने से परिवार के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मौके पर स्व सुभाष मुंडा के पिता ललित मुंडा और माता छोटन देवी ने मुख्यमंत्री से उनके परिवार के प्रति राज्य सरकार की ओर से मदद किये जाने का अनुरोध भी किया।



### दलादली चौक : जल्द बनेगा पुलिस आउटपोस्ट

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुभाष मुंडा के परिजनों से कहा कि जल्द ही दलादली चौक के समीप पुलिस आउटपोस्ट (ओपी) बनाया जायेगा, साथ ही विद्युत प्रकाश की व्यवस्था भी की जायेगी। हाल के दिनों में रिंग रोड स्थित चौराहों पर कुछ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता दिख रहा है। राज्य सरकार की ओर से पुलिस-प्रशासन को इन असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके ऊपर कानूनी-कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सुभाष मुंडा के परिजनों से कहा कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस निमित्त राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ अपराध नियंत्रण पर कार्य कर रही है।

### हर हाल में मिलेगा न्याय

भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्व सुभाष मुंडा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस हत्याकांड को अति गंभीरता से लिया है। पुलिस-प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए सुभाष मुंडा की हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी है। मुख्यमंत्री ने सुभाष मुंडा के माता-पिता को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आपके परिवार को हर हाल में न्याय देगी।

### अपराधी बख्शे नहीं जायेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार पुलिस सुभाष मुंडा की हत्या से संबंधित प्रत्येक बिंदु पर अनुसंधान कर रही है। किसी भी हाल में इस हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने स्वयं इस हत्याकांड को गंभीरता से लिया है। पुलिस द्वारा किये जा रहे अनुसंधान को लेकर मैं लगातार पदाधिकारियों के संपर्क में रहा हूं। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि राज्य सरकार सुभाष मुंडा के परिवार के साथ सदैव खड़ा रहेगी। परिजनों को राज्य सरकार द्वारा हरसंभव मदद दी जायेगी।

## धरती आबा की धरा पर होने जा रहा झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 का आगाज

# झारखंड की स्वर कोकिला मोनिका मुंडू करेंगी कार्यक्रम की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड रत्न से सम्मानित 14 भाषाओं में अपनी पकड़ रखने वाली 1000 से अधिक म्यूजिक एल्बम्स जिनके नाम। झारखंड की स्वर कोकिला कही जाने वालीं मोनिका मुंडू झारखंड आदिवासी महोत्सव में अपनी जादुई स्वर से मंत्रमुग्ध करेंगी। 1993 के दशक में शुरू हुआ मोनिका मुंडू का नागपुरी संगीत की दुनिया में स्वर्णिम दौर आज भी बदस्तूर जारी है।

**अभिनय में भी है महारत :** मोनिका मुंडू ने फोलोरा, नदिया किनारे, न्यारी, हंसा जोड़ी जैसी कई बेहतरीन हिट नागपुरी म्यूजिक एल्बम में अपना स्वर बिखेर चुकीं हैं। इनकी प्रतिभा सिर्फ संगीत तक ही नहीं अपितु अभिनय की दुनिया में भी इन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनायी है। झारखंड के महेंद्र सिंह धोनी पर बनी फिल्म एम एस धोनी में इन्होंने किरदार निभाया है। इसके अतिरिक्त वहीं नागपुरी, बांग्ला, खोरठा, भोजपुरी फि ल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है।

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने बताया

# दो वित्तीय वर्ष में झारखंड में खुले 89 जन औषधि केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत विगत दो वित्तीय वर्ष में 2160 जन औषधि केंद्र पूरे देश भर में खोले गये हैं। 2025 तक 10500 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य लिया गया है। इस दौरान झारखंड में 89 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गये हैं। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ के



सवाल के जवाब में दी। सांसद श्री सेठ ने लोकसभा में पूछा था कि आगामी दो वर्षों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को लेकर सरकार ने क्या लक्ष्य तय किया है? झारखंड में कितने जन औषधि केंद्र खोले गये हैं? यहां की दवाओं और आयातित दवाओं की गुणवत्ता में क्या अंतर है? इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अब तक जन औषधि केंद्र के माध्यम से 1800 प्रकार की दवाइयां और 285 प्रकार के सर्जिकल उपकरण आम जनता को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। ये दवायें बाजार मूल्य से 50 फीसदी से 90 फीसदी तक कम कीमत पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा जन औषधि केंद्रों पर दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसके लिए भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो ने देशभर में वितरकों की एक मजबूत टीम तैयार की है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि आयातीत दवाएं हों या भारत में विनिर्मित दवाएं, उन्हें एक नियम और जांच गुणवत्ता के मानकों के अनुसार ही तैयार किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के आलोक में ही जन औषधि केंद्र में बिकने वाली दवाएं तैयार की जाती हैं।

# रांची सहित अन्य सात दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्रों के उन्नयन की परिकल्पना है : अनुराग ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने अपने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से राज्यसभा में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से आकाशवाणी और दूरदर्शन के पुनरुद्धार और उन्नयन से संबंधित जानकारी मांगी। उन्होंने जानना चाहा कि भारत सरकार के द्वारा आकाशवाणी और दूरदर्शन के पुनरुद्धार और उन्नयन के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं। इसके जबाब में सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री



अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार ने प्रसार भारती (आकाशवाणी और दूरदर्शन) के प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास के उन्नयन के लिए प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास नामक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए 2539.61 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ जारी रखने की मंजूरी दी है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास स्कीम के तहत परिव्यय का अनुमान ऐसे विभिन्न कार्यकलापों के लिए किया गया है। बीआइएनडी स्कीम के तहत दूरदर्शन रांची और चाइबासा, डाल्टनगंज, हजारीबाग, रांची, गिरिडीह, पाकुड़, सिमडेगा और कोडरमा में आकाशवाणी स्टेशनों के उन्नयन की परिकल्पना की गयी है।

# इरफान पर केस दर्ज करने के लिए अनगड़ा थाना में आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री बुधराम बेदिया ने अनगड़ा थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। आवेदन में कहा गया है कि इरफान अंसारी ने सदन में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का नाम लेकर जातिवाचक शब्द आदिवासी का उपयोग किया और नीचा दिखाने



का प्रयास किया। इससे बाबूलाल मानसिक तौर पर प्रताड़ित हुए हैं। साथ ही पूरे आदिवासी समाज को इरफान अंसारी ने अपमानित किया है। आवेदन में इस पूरे मामले की जांच कर एसटी-एससी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। इसके पूर्व गुरुवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रमेश हांसदा की अगुवाई में एक आवेदन आदित्यपुर में दिया गया है, जिसमें इरफान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है। हांसदा का कहना है कि बाबूलाल लोकप्रिय नेता हैं। उनके खिलाफ टिप्पणी पूरे आदिवासी समाज के लिए चुनौती है।

## हथियार सप्लायर लालू पांडेय को एटीएस की विशेष कोर्ट ने जेल भेजा

**रांची।** हथियार सप्लायर लालू पांडे उर्फ प्रभाकर पांडे को रांची एटीएस की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। उसके बाद कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। प्रभाकर पांडेय पर नक्सली संगठन और आपराधिक गिरोहों को हथियार और गोली सप्लाई करने का आरोप है। एटीएस ने छापेमारी कर बिहार के नवादा जिले से 3 अगस्त को प्रभाकर पांडेय को गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेश किये जाने के दौरान रिमांड एडवोकेट बीरेंद्र प्रताप लालू पांडेय की ओर से मौजूद रहे।

## खेलगांव में प्री-सुब्रतो फुटबॉल कप 7 अगस्त से

**रांची।** खेलगांव में प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 7 अगस्त से होगी। इसके तहत अंडर 14 बॉयज और अंडर 17 बॉयज और गर्ल्स आयु वर्ग के मैच होंगे। प्रतियोगिता 7 से 9 अगस्त तक खेलगांव में होगी। इस आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी। शिक्षा राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि राजस्तरीय प्रतियोगिता में 32 स्कूल के 512 खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेता टीम राष्ट्रीय सुब्रतो कप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। बता दें कि सुब्रतो कप प्रतियोगिता में भारत के साथ यूक्रेन, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ब्राजील, श्रीलंका, उज्बेकिस्तान और भूटान के खिलाड़ी भी भाग लेते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत : शशि भूषण राय

**संसद में वापस आने से विपक्षी एकता को बल मिलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने उच्चतम न्यायालय द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को राहत देते हुए उनकी संसद सदस्यता को दोबारा बहाल करने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज पूरा देश माननीय उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से सत्य की जीत हुई है। हम सब मानते हैं जिस तरह से राहुल गांधी ने देश के जन मुद्दों पर हमेशा मुखर होकर केंद्र सरकार से लड़ा है वो काबिले तारीफ है और किसी भी तरह का षड्यंत्र जायदा दिन तक उनको परेशान नहीं कर



सकता है। चाहे भाजपा कितना भी प्रयास कर ले राहुल गांधी हमेशा जनता के हितों की बात करेंगे, उन्होंने हमेशा भाजपा के द्वारा मंगाई और अशांति के माहौल के खिलाफ अपनी बात रखी है और उनके संसद में वापस आने से विपक्षी एकता को बल मिलेगा। इस फैसले से समस्त आइएनडीआइए के साथी दल के कार्यकर्ता और देशवासी खुश हैं। आगामी चुनावों में हम पूरी ताकत के साथ भाजपा के खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे।

# साधना से ही भगवत प्राप्ति हो सकती है : स्वामी परिपूर्णानंद

**दूसरों को दुख देने की कामना न करें, अपने अंतः करण को शुद्ध रखें**

**शुद्ध अंतः करण वाले मनुष्य को ही प्रभु प्राप्त होते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा आयोजित महाशिवपुराण के चतुर्थ दिवस पर शिव - पार्वती विवाह प्रसंग होने के कारण समय से पूर्व ही भक्तों की उत्साहित व उमंगयुक्त भीड़ मंदिर परिसर में पहुंच कर भारी उत्साह एवं उमंग का दर्शन कर रही थी। शाम 4 बजे स्वामी परिपूर्णानंद के व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात व्यास पीठ का पारंपरिक पूजन - वंदन के बात महाशिव पुराण का चतुर्थ सोपान प्रारंभ हुआ। स्वामी जी कहते हैं शीश गंग अर्धग पार्वती सदा विराजत कैलासी भगवान




शिव पार्वती के साथ पुण्यभूमि काशी में निरंतर निवास करते हैं साथ ही जब स्वामी जी के मुख से कृपा की न होती आदत तुम्हारी, तो सुनी ही रहती अदालत तुम्हारी भजन के बोल निकले तो संपूर्ण मंदिर परिसर शिव भक्ति में लीन हो तालियां बजाते हुए सुध बुध खो बैठा। स्वामी जी ने कहा कि साधना साधक के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मावन जीवन में निरंतर साधना करते रहना चाहिए। साधना से ही भगवत प्राप्ति हो सकती है। साथ ही विभिन्न प्रकार के दोनों की विस्तृत महत्ता बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि गुरु के मुख से वेद - शास्त्र का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए, ताकि मनुष्य के हर कर्म शुभ कर्म हो। यज्ञ, दान एवं तप ही मनुष्य को शुद्ध करता है। सुरिष्टि का आधार तप है। अतः तप का त्याग कभी नहीं करना चाहिए।

स्वामी जी आगे कहते हैं कि शिव पूजन से पाप कर्म नष्ट होते हैं एवं पुण्य कर्मों की प्राप्ति होती है। तामसी कामना का सदैव त्याग करना चाहिए। साथ ही दूसरे को दुख देने की कामना न करें। अपने अंतः करण को शुद्ध रखें - शुद्ध अंतः करण वाले मनुष्य को ही प्रभु प्राप्त होते हैं। आगे व्याख्यान में स्वामी जी कहते हैं पंचाझर नमः शिवाय का निरंतर जाप करें साथ ही ओम सक्षम है और नमः शिवाय स्थूल है। सदाशिव शंकर कहते हैं कि मेरे भक्त का कभी नाश नहीं हो सकता है। मेरे व्याख्यान को जो तन्मय होकर सुनता है अथवा सुनवाता है वह इस लोक में सब प्रकार के सुख भोगकर मोक्ष को प्राप्त करता है।

इस अवसर पर संपूर्ण महाशिव पुराण पर मधुर भजनों के लिए प्रत्येक दिन स्वामीजी के साथ शिव व्याख्यान के दौरान शशि तिवारी, सत्य प्रकाश साथ अपने मधुर वाणी से सुनील तिवारी समाधुर वादन एवं गायन से भक्तों को रिझा रहे हैं। शुक्रवार के प्रसंग विराम देने के पश्चात पूर्ण विधि - विधान एवम भारी उमंग व उत्साह के साथ शिव - पार्वती विवाह संपन्न हुआ। व्याख्यान के विराम के पश्चात अजय सरावगी एवं उनके परिवार द्वारा महाआरती की गयी एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरण के साथ आज के कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रणव मोदी, नमन पाड़िया, अनुराग, पीयूष, मनोज ढांढनीयां, महेश सारस्वत, जीतेश अग्रवाल, ज्योति पोद्दार, अभिषेक डालमिया, अजय रूंगटा का सहयोग रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीसीएल ने पिस्का नगड़ी के आदर्श वृद्धा आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा 41 वृद्धों की जांच की गयी एवं उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में इसके अतिरिक्त हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन का निशुल्क जांच की गयी। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस डॉ. रत्नेश जैन, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजीत, डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. अनिता होरो, डॉ. शिल्पी, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. अंबरीश, डॉ. प्रियंका, डॉ. सायन्ती, डॉ. अनुश्री, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डीके सिंह को शुभकामनाएं दीं



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय रांची के नवनियुक्त वाइस चांसलर प्रो (डॉ) डीके सिंह को पदभार ग्रहण करने पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय सह संयोजक सह सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने उनके कार्यालय में मिल कर शुभकामनाएं दी हैं। इस शिष्टाचार भेंट में उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ डीके सिंह के कुशल नेतृत्व में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का अवश्य ही चतुर्दिक विकास होगा।

### मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने के बाद रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व कोकर जतरा टाड़ में पब्लिक के बीच मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। इस कार्यक्रम में ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष महतो, चंचल चटर्जी, अर्जून यादव नीरज कुमार, चंदन कुमार,सुरज कुमार राम, गनेश पासवान, सूरज कुमार पासवान आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

### केइएस सर्राफ कॉलेज मुंबई से लौटै छात्रों का स्वागत



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय, मास कॉम में छात्रों का स्वागत किया गया। इस स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम को धरातल पर उतारने वाले आरयू, मास कॉम निदेशक प्रो डॉ. बीपी सिन्हा ने सभी छात्रों को इस सफल टूर के लिये बधाई दी और कहा कि यह स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम हमारे रांची विश्वविद्यालय तथा स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के लिए एक उपलब्धि है। ज्ञात हो कि 22 जुलाई को स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत रांची विश्वविद्यालय मास कॉम के 11 छात्र विभाग के शिक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में केइएस सर्राफ कॉलेज मुबई यूविर्सिटी गये थे। इस सात दिवसीय कार्यक्रम में आयोजित सत्रों में केइएस सर्राफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड आट्र्स मुबंई युनिवर्सिटी में प्रसिद्ध अभिनेता यशपाल शर्मा, चर्चित लेखक, निर्देशक और किस्सागोई प्रस्तोता पवन कुमार, प्रसिद्ध साउंड इंजीनियर नितिन पेढनेकर तथा फिल्म स्टडीज एंड कम्युनिकेशन के प्राध्यापक आशीष रिछार्या ने छात्रों को फिल्म, डॉक्यूमेंट्री तथा वीडियो प्रॉडक्शन से संबंधित बातें सीखायीं। प्रसिद्ध स्टैंड-अप कॉमेडियन रहमान खान ने भी आरयू के छात्रों से मुलाकात की। इस दरम्यान कन्हैयालाल, दादा लखमी जैसी फिल्में भी दिखायी गयीं।

### प्रस्तावित 7 अगस्त को सीनेट की बैठक का आजसू करेगी पुरजोर विरोध : अभिषेक झा

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्य विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा के नेतृत्व में महामहिम राजपाल महोदय को 7 अगस्त को प्रस्तावित सीनेट की बैठक छात्र संघ चुनाव के बाद कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। मौके पर आजसू विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा ने कहा विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राओं की समस्याओं एवं उनके हित की बात करने वाला एवं छात्र छात्राओं का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई नहीं है विश्वविद्यालय द्वारा सीनेट की बैठक आयोजित करना उचित नहीं है। मौके पर प्रेम, विकाश,कैलाश, मुकेश, असफाक, सूर्या, शंकर उपस्थित थे।

### किशोर कुमार का बर्थडे मनाया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** आइफा इंटरनेशनल रांची में किशोर कुमार का बर्थडे मनाया गया, रांची म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों ने पुष्पांजलि दी। आइफा इंटरनेशनल के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने किशोर कुमार की तस्वीर बनाई तथा माला अर्पण किया इस कार्यक्रम में भावना प्रिया, गणेश तिर्की, और और रांची म्यूजिकल ग्रुप के तबरेज अंसारी, ऐनुल हक, इरफान, इम्तियाज, तथा शाहनवाज शामिल थे। इस कार्यक्रम में किशोर कुमार द्वारा गाए हुए गीत सभी मेंबरों के द्वारा गाया गया।

# लाह व्यापारी से चार लाख लूटा

## ग्रामीणों ने अपराधियों को घेरा, तो एक ग्रामीण को मारी गोली, मेडिका में भर्ती

- अड़की थाना के बारूडीह जंगल में छिपे हैं अपराधी
- 500 गामीण व डेढ़ सौ पुलिस ने जंगल को घेरा
- मोटरसाइकिल छोड़ भागे अपराधी, जूता भी मिला





स्वरूप भट्टाचार्य

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के कारूडीह पुल पर शुक्रवार की शाम डोरेया बाजार से लौटते वक्त तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर धान और लाह व्यापारी से लूटपाट की। पुरनानगर गांव के लाह व्यापारी बादल साहू को कनपट्टी मे पिस्तौल सटा कर उनका बैग लूट लिया। उसमें चार लाख रुपये थे। इसके बाद दहशत फैलाने के उद्देश्य से दो गोली फायर किया, जिसमें एक मिस फायर हुआ। इतने में बाजार से लौट रहे लोगों में संबत प्रमाणिक ने पुरनानगर गाव के कमलेश प्रमाणिक को फोन किया। कहा कि तीन अपराधी लूटपाट कर रहे हैं। इतने में पुरनानगर चौक में 20-25 लोग जमा हो गये। तीन अपराधी एक हीरो मोटरसाइकिल पर आते दिखायी दिये। लोगों ने उन्हें रोकने और पकड़ने का प्रयास किया। दोनों के हाथों में हथियार था, तभी एक अपराधी ने गोली चला दी।गोली कमलेश प्रमाणिक के दाहिने जांघ में लगी है। इसके बाद वहां भगदड़ मच गयी। एक अपराधी मोटरसाइकिल से गिर गया, फिर बेड़ापाड़ा गांव होते हुए गितिलबेड़ा गांव की ओर भागे। आनन-फानन में कमलेश प्रमाणिक को तमाड़ अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा दिया। उनके जांघ में गोली फंसी हुई है। मेडिका अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। गोली निकालने के लिए ओटी में ले जाया गया है।

इधर अपराधी को गामीण और पुलिस ने पीछा किया। कदमडीह गांव के पास पुलिस और गामीणों को आता देख अपराधी अपनी मोटरसाइकिल छोड़ कर भागे। वहां अपराधी का एक जूता मिला है। लोगों का कहना है कि पुलिस एवं अपराधी के बीच फायरिंग हुई। लोग जंगल को घेरे हुए हैं। अडकी पुलिस भी जंगल में घुस गयी है। देर रात पुलिस वहीं जमी हुई है। अड़की थाना के बारूडीह जंगल में अपराधी छिपे हुए हैं। लगभग 500 गामीण और ढेड सौ पुलिस जंगल को घेरे हुए है।

### अपराधियों की शरणस्थली रही है

बता दें कि पहले माओवादियों ने अड़की के जंगल में डेरा डाला था, फिर जेएलटी के अपराधियोंने और अब संगठित गिरोह के अपराधी अड़की जंगल को अपना बसेरा बनाये हुए हैं।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वात्सल्यम

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कक्षा-एक के छात्रों द्वारा सतत विकास की ओर विषय पर दादा-दादी का उत्सव वात्सल्यम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, प्रो एसपी अग्रवाल, कुलपति, साईं नाथ विश्वविद्यालय और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत श्लोकोच्चारण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रों ने दादा-दादी के प्रति अपने प्यार को दर्शाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र ने अपना गीत इको-ल्यूजन प्रस्तुत किया, जिसमें धरती माता की उदारता का आनंद लेने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। बच्चों ने मंच पर एक्वेटिक मैलोडीज कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें जल संरक्षण की आवश्यकता को दर्शाया गया। अगला कार्यक्रम बैकपैक टू द फ्यूचर था जिसे छात्रों ने प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अगर हम ऊर्जा के स्त्रोतों के व्यापक और बेपरवाह उपयोग को नहीं रोकेंगे तो भविष्य कैसा होगा। इसके बाद डेप्यूटी लिट्रेरी सेक्रेटरी, नभ्या लाल द्वारा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इसके बाद नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति लक्ष्य के माध्यम से राष्ट्र के समग्र विकास के प्रति बच्चों ने अपना दृढ़ संकल्प प्रस्तुत किया। बच्चों ने रिदम ऑफ स्पलैश प्रस्तुत किया, जो पानी के नीचे के जीवन के इर्द-गिर्द की दुनिया पर आधारित था। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति टेरा मेलोडीज छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने सभी को याद दिलाया कि पृथ्वी रहने के लिए कितनी सुंदर जगह है। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की दर्शकों ने बेहद सराहना की। मुख्य अतिथि ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। वे प्राचार्या परमजीत कौर के इस वक्तव्य से सहमत थे कि बच्चों का स्क्रीनटाइम कम किया जाना चाहिए। यह दादा-दादी और माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को अच्छे नैतिक मूल्य प्रदान करें और भारतीय संस्कृति और समृद्ध विरासत के बारे में सिखाएं। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रतिवर्ष ऐसे प्रासंगिक विषयों पर कार्यक्रम के संचालन के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की साथ ही अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की।

# डिंपी उर्फ दानिश मल्लिक और तनवीर तस्लीम गिरफ्तार

- कुख्यात प्रिंस खान की रंगदारी का पैसा निवेश करने करता था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ झारखंड एटीएस की कार्रवाई लगातार जारी है। एसपी सुरेंद्र झा के निर्देश पर एटीएस की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए प्रिंस खान गिरोह के डिंपी उर्फ दानिश मल्लिक और तनवीर तस्लीम को गिरफ्तार किया है। डिंपी उर्फ दानिश धनबाद के जमीन व्यवसायी शहजादा खान और नन्हे खान हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त था। उसके पास से चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। प्रिंस खान गिरोह द्वारा वसूली गयी रंगदारी के पैसों का निवेश जमीन व्यवसाय और गिरोह के लिए हथियार खरीदने में डिंपी द्वारा किया जा रहा था।

**प्रिंस खान के भाई का बिजनेस पार्टनर है तनवीर तस्लीम :** प्रिंस खान गिरोह की रंगदारी का पैसा तनवीर तस्लीम उठाता था। वह प्रिंस खान के भाई गोपी खान का बिजनेस पार्टनर है। धनबाद का बड़ा पशु तस्कर भी है। इसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

### प्रधान महालेखाकार ने सदन में पेश किया प्रतिवेदन

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रधान महालेखाकार झारखंड ने शुक्रवार को 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निष्पादन एवं अनुपालन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा राज्य वित्त (2021-22) के प्रतिवेदनों को झारखंड विधानसभा में उपस्थापित किया। इसके बाद एजी कार्यालय के बोर्ड रूम में इससे संबंधित जानकारी पत्रकारों को दी। महालेखाकार अनूप फ्रांसिस डुंगडुंग ने इस दौरान बताया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए झारखंड सरकार के राज्य वित्त के खातों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन झारखंड के राज्यपाल को 13 अप्रैल को समर्पित किया गया। रिपोर्ट विधानसभा में चार अगस्त को प्रस्तुत किया गया। 2021-22 में राज्य का राजस्व अधिशेष 6944 करोड़ था।

# इंस्पेक्टर रैंक के 40 पदाधिकारी बदले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इंस्पेक्टर रैंक के 40 पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया है।

**जानें कौन कहां गये**

मोहम्मद रुस्तमः स्पेशल ब्रांच रांची
मुनु टुडूः एसीबी रांची
नूतन मोदीः सीआइडी रांची
उज्जवल साहः सीआईडी रांची
गजेंद्र कुमार पांडेः सीआईडी रांची
रविंद्र सिंहः झारखंड जगुआर
शैलेश चौहानः जेएपीटीसी पदमा
रामनारायण चौधरीः एसीबी रांची
विनय कुमार रामः एसीबी रांची
दिनेश सिंहः झारखंड जगुआर
सुजीत कुमारः कोडरमा
रत्नेश मोहन ठाकुरः लोहरदगा
अवनीकांत महतोः रांची
सहदेव प्रसादः देवघर
अनिल कुमारः देवघर
गुलाब सिंहः गढ़वा
परमेश्वर लेयांगीः जेएपीटीसी पदमा

**जानें कौन कहां गये**

नवीन कुमार सिंहः देवघर
सुरेश कुमार मंडलः रांची
जोसेफ फ्रांसिस तिर्कीः बोकारो
अनिल कच्छपःबोकारो
अशोक कुमार 1ः बोकारो
दिवाकर मंडलः बोकारो
राज बल्लव पासवानः बोकारो
संजय कुमारः बोकारो
रूपेंद्र कुमार राणाः बोकारो
नवल किशोर सिंहः बोकारो
मनोज कुमारः गिरिडीह
धर्मपाल कुमारः गिरिडीह
राजेश रंजनः गिरिडीह
रमाकांत तिवारीः गिरिडीह
रविन्द्र कुमार सिंहः गिरिडीह
श्याम किशोर महतोः गिरिडीह
ज्ञान रंजन सिंहः गिरिडीह
भिखारी रामः गिरिडीह
अनूप बी पी केरकेट्टाः गिरिडीह
ममता कुमारीः गिरिडीह
मो कमाल खांः गिरिडीह

### स्वर्ण रेखा नदी के तट पर स्थापित इक्कीसों महादेव को संरक्षित करे सरकार : संजय पोद्दार

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा ने चुटिया स्थित स्वर्ण रेखा के तट पर स्थित प्राचीन 21 महादेव को संरक्षित करने की मांग की है। यह एक ऐतिहासिक धरोहर है। पर्यटन विभाग इसके महत्व को नहीं समझ रहा है। इस प्राचीन धरोहर में 21 स्थानों पर 21 शिवलिंग स्थापित हैं।

## बरियातू में 12 अगस्त तक होगी शिवपुराण कथा

# शिव साम्यवादी, समाजवादी और साम्राज्यवादी भी हैं : पं रामदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राम जानकी मंदिर हाउसिंग कालानी बरियातू में पूर्व की तरह शुक्रवार से 12 अगस्त तक संध्या काल में श्री शिवपुराण कथा शुरू हो गयी है। कथा वाचक पं रामदेव पांडेय ने आज की कथा में कहा कि शिव वेद काल से पहले का आजन्मा है, साकार भी है तो निराकार भी है, यह न देवता हैं न मनुष्य,न राक्षस, न गंधर्व, न अण्डज,न स्वेदज,न पिंडज, न जरायुज, शिव सबों का पिता है।

शिव निराकार भी है, शिव साम्यवादी भी है, राखी भी है, वैरागी भी है, नचैया भी है, इन्हे आप भगवान कह कर पूजा कर लो या शैतान कह कर भी पत्थर मार लो , आपके शरीर में दाहिने हाथ का अंगुठा शिव का प्रतिनिधित्व करता है , शिव भक्त किसी भी वर्ण का हो नर हो या नारी ,सधवा हो या विधवा रूद्राक्ष और भष्म का त्रिपुण्ड? लगाने से अकाल मृत्यु नहीं होती है , हर? शिव भक्त को भष्म और रुद्राक्ष धारण करना चाहिए, रुद्राक्ष का आकार बेर या आंवला के बीज के आकार से कम आकार का रूद्राक्ष धारण नहीं करना चाहिए।



# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को संस्कृत सप्ताह समारोह का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर और जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा के सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन और विद्यार्थियों के द्वारा गणेश वंदना के साथ हुआ। इसमें कक्षा छठी से नवमी तक के छात्र-छात्राओं ने वेद, गीता, उपनिषद् तथा संस्कृत साहित्य के विभिन्न नीति श्लोकों का सस्वर वाचन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रश्न मंच, चित्रांकन तथा श्लोकवृति इत्यादि में सफल प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सप्ताह भर के कार्यक्रमों में विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने एक अभिभाविक की भांति देख-रेख करते हुए प्रत्येक दिन के कार्यक्रमों में अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया। उन्होंने समापन समारोह के अवसर पर छात्रों से कहा कि संस्कृत से वाणी में मधुरता, संस्कार में श्रेष्ठता तथा चरित्र निर्माण आदि का विकास होता है। अतः छात्रों को जीवन मूल्य के सूत्रों के रूप में कहा। श्संस्कृते किं न विद्यतेश। विद्यालय के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखरने कहा कि संस्कृत भाषा छात्रों को अनुशासित करती है तथा संस्कारवान बनाती है। जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत के बिना जीवन का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्कृत विभाग के शिक्षकों वीके प्रजापति, मणिभूषण शर्मा और अभय चौधरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। छात्रों को संस्कृत पठन.पाठन में विशेष रुचि लेने औरभाषा प्रयोग में परस्पर सहयोग कर जन सामान्य बनाने के लिए संस्कृत शिक्षकों ने प्रेरित किया, साथ ही उन्होंने कहा कि संस्कृत कल्पवृक्ष के समान है, जो मनोवांछित फल प्रदान करता है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### पासवा का प्रतिनिधिमंडल सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आरटीई के कठिन शर्तों को निरस्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। आलोक दूबे ने कहा कि 2019 में रघुवर दास की सरकार ने आरटीई के कानून में संशोधन किये और नये शर्त लगाए। इसके तहत मध्य विद्यालय में शहर क्षेत्र में 75 डिसमिल और ग्रामीण क्षेत्र में एक एकड़ जमीन होगा, तभी ऐसी मान्यता मिलेगी जिससे स्कूल का संचालन हो सके। प्राथमिक विद्यालय के लिए 40 डिसमिल शहरी क्षेत्र में और ग्रामीण क्षेत्र में 60 डिसमिल जमीन की अनिवार्यता की गयी। इसके अलावा कई अन्य शर्त लगाए गये। श्री दूबे ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा दे रहे अधिकांश निजी स्कूलों पर तलवार लटक रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने गंभीरता पूर्वक निजी विद्यालयों की समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि निजी विद्यालयों को राहत दी जाएगी। इस मौके पर पासवा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल में बिपीन कुमार, फलक फातिमा, डॉ सुषमा केरकेट्टा, नीरज कुमार, संजय प्रसाद, आलोक बिपीन टोप्पो, राशीद अंसारी, प्रवीण प्रकाश, मेघाली सेन गुप्ता, अल्ताफ अंसारी, मींकू कुमार, नेसार अंसारी, राहुल कुमार, मेहुल दूबे शामिल थे।

### सहकारी बैंक कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष से मिला

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिना स्थानांतरण नीति के कर्मचारियों के किये गये अवैध स्थानांतरण को रद्द करने संबंधी मांग को लेकर शुक्रवार को झारखंड राज्य सहकारी बैंक कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों के द्वारा बताया गया कि यहां के मूलवासी सदान और आदिवासी को जानबूझकर अवैध तरीके से स्थानांतरण किया गया है । कर्मियों के द्वारा इसको लेकर बैंक मुख्यालय में धरना दिया जा रहा है, जिससे बैंक का कार्य प्रभावित हो रहा है।। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंडियों के हितों की रक्षा करने का आग्रह मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद से की है। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अनिल पी पन्ना, महासचिव चंदन प्रसाद, संतोष साहू, राजीव, अटल एवं अन्य मौजूद थे।

### जदयू प्रभारी अशोक चौधरी पहुंचे रांची

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी पटना से सड़क मार्ग से शुक्रवार की शाम रांची पहुंचे। खराब मौसम की वजह से विमान रद्द हो गया था। इस वजह से वे सड़क मार्ग से रांची पहुंचे। उनके साथ विधान परिषद और जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह और बेलहर के विधायक और झारखंड जदयू के सह प्रभारी मनोज यादव भी रांची पहुंचे। सड़क मार्ग से रांची पहुंचने के क्रम में हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और रांची में जदयू नेताओं ने उनका स्वागत किया। रांची पहुंचने पर जदयू नेता श्रवण कुमार, डॉ आफताब जमिल, संजय सिंह, सागर कुमार, बैद्यनाथ पासवान, रामजी प्रसाद एवं अन्य ने उनका स्वागत किया।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 532 दिनांक 03.08.2023 के अनुसार **मैं, सनत कुमार सिन्हा,** उम्र लगभग 68 वर्ष (आधार नं.-7186 5199 3817) पिता का नाम स्व. भुनेश्वर प्रसाद, जाति कायस्थ, पेशा व्यापार, निवास स्थान बक्सी टोला, गोला, पोस्ट वो थाना गोला, जिला रामगढ़ (झारखंड) राष्ट्रीयता भारतीय शपथपूर्वक निम्न ब्यान करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम सनत कुमार सिन्हा पिता का नाम स्व. भुनेश्वर प्रसाद दर्ज है एवं मेरा पुकारू नाम संतोष कुमार सिन्हा है।
2. यह कि सनत कुमार सिन्हा एवं संतोष कुमार सिन्हा दोनों एक ही व्यक्ति का नाम जो कि मेरा है एवं मैं दोनों नाम से जाना जाता हूं।

# खत्म हो भेदभाव

तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई जिले में स्थित मरियम्मन मंदिर में बुधवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच दलित परिवारों ने प्रवेश किया और पूजा अर्चना की। सौ साल से भी पुराने इस मंदिर में अब तक दलितों को प्रवेश नहीं दिया गया था। यह मामला पिछले महीने तब तूल पकड़ गया, जब उसी इलाके के एक स्कूल में पढ़ाई करके चेन्नई में काम कर रहे दो युवकों में मंदिर प्रवेश के अधिकार को लेकर सोशल मीडिया पर बहस हो गयी। इनमें एक युवक दलित समुदाय का था और दूसरा वन्नियार का। सोशल मीडिया पर चली इस बहस के कारण इलाके में तनाव फैल गया और दलित एवं वन्नियार समुदाय इस सवाल पर आमने सामने हो गये। इसके बाद दलितों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि उन्हें मंदिर में प्रवेश करने दिया जाये। जिला प्रशासन ने दलितों की ओर से घोषित की गयी तारीख पर पुलिस बंदोबस्त करके यह सुनिश्चित किया कि इस दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे। अभी तक की जानकारी के मुताबिक किसी अन्य समुदाय ने इसके खिलाफ किसी तरह का विरोध दर्ज नहीं किया है। लेकिन गौर करने की बात है कि मंदिर में दलितों के प्रवेश को संभव बनाने के लिए इस बार भी भारी पुलिस बंदोबस्त की जरूरत पड़ी। तमिलनाडु में मंदिरों में दलितों के प्रवेश या उस पर रोक के ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। अप्रैल महीने में राज्य के विल्लुपुरम जिले में एक दलित के मंदिर प्रवेश पर उसकी सवर्णों द्वारा पिटाई का मामला सामने आया था। बाद में हालात बिगड़ने पर मंदिर को सील कर दिया गया। यह स्थिति तब है जब राज्य में 1947 का तमिलनाडु टेंपल एंट्री ऑथराइजेशन एक्ट लागू है, जो सभी जाति और वर्ग के लोगों को हिंदू मंदिरों में प्रवेश और पूजा-पाठ करने का अधिकार देता है। यही नहीं, राज्य में पेरियार के नेतृत्व में सामाजिक सुधार के तगड़े आंदोलन का इतिहास भी रहा है और इससे प्रभावित पार्टियों का यहां की राजनीति में दबदबा भी। बहरहाल, यह स्थिति सिर्फ तमिलनाडु की नहीं, देश के तकरीबन सभी राज्यों की है। तेज विकास के कारण रहन-सहन, वेश-भूषा, काम-काज आदि के स्तरों पर आये बदलावों को देखते हुए अक्सर ऐसा लगता है कि जातिगत भेदभाव अब धुंधले पड़ रहे हैं। इसी आधार पर इसे अक्सर अतीत की बात भी कह दिया जाता है। लेकिन सच्चाई यही है कि आजाद देश के रूप में तीन चौथाई सदी पूरी कर लेने के बाद भी समाज के हर हिस्से में यह बात अच्छी तरह नहीं पहुंची है कि हमारा संविधान देश के हर नागरिक को समान मानते हुए उन्हें अपने धार्मिक विश्वास के मुताबिक जीवन बिताने का अधिकार देता है और किसी भी सार्वजनिक स्थान पर उनमें से किसी के भी साथ भेदभाव करने की इजाजत नहीं देता। जाहिर है, संविधान की इस भावना को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों को पूरी शिद्दत से जारी रखना होगा।

**अभी तक की जानकारी के मुताबिक किसी अन्य समुदाय ने इसके खिलाफ किसी तरह का विरोध दर्ज नहीं किया है। लेकिन गौर करने की बात है कि मंदिर में दलितों के प्रवेश को संभव बनाने के लिए इस बार भी भारी पुलिस बंदोबस्त की जरूरत पड़ी।**

**महिला अत्याचारों को लेकर राजस्थान फिर से सुर्खियों में आ गया है। अलवर जिले में दो सामूहिक बलात्कार की घटनाओं ने राज्य की अशोक गहलोत सरकार की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। राजस्थान की कांग्रेस सरकार पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से बुरी तरह से घिरी हुई है। इस राज्य में महिला अत्याचारों की नयी वारदातों ने भाजपा को ज्यादा हमलावर बना दिया है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने सीकर में जनसभा के दौरान गहलोत सरकार पर लाल डायरी और महिला अत्याचारों पर जम कर कटाक्ष किये थे।**

# राजस्थान-बंगाल में महिलाओं को लेकर कटघरे में राज्य सरकारें

योगेंद्र योगी

मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग को लेकर संसद ठप करने वाले विपक्षी दल महिला अत्याचारों और हिंसा को लेकर राजस्थान और बंगाल में भेदभाव को लेकर कटघरे में आ गये हैं। महिला अत्याचारों को लेकर राजस्थान फिर से सुर्खियों में आ गया है। अलवर जिले में दो सामूहिक बलात्कार की घटनाओं ने राज्य की अशोक गहलोत सरकार की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। राजस्थान की कांग्रेस सरकार पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से बुरी तरह से घिरी हुई है। इस राज्य में महिला अत्याचारों की नई वारदातों ने भाजपा को ज्यादा हमलावर बना दिया है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने सीकर में जनसभा के दौरान गहलोत सरकार पर लाल डायरी और महिला अत्याचारों पर जम कर कटाक्ष किये थे।

आश्चर्य की बात यह है कि राजस्थान के एक मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने ही भ्रष्टाचार और महिला अत्याचारों को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। विधानसभा की कार्रवाई के दौरान मंत्री गुढ़ा ने एक लाल डायरी हाथ में लेकर गहलोत सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये। गहलोत सरकार ने इस मामले की जांच कराने की बजाय गुढ़ा को मंत्री पद से बर्खास्त कर पार्टी से भी बाहर निकाल दिया। मणिपुर हिंसा पर सत्तारूढ़ कांग्रेस विधायकों द्वारा विधानसभा में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने के दौरान कांग्रेस की ही एक विधायक दिव्या मदरेणा ने राजस्थान में महिला अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राजस्थान में महिलाएं असुरक्षित हैं। हालांकि कांग्रेस इतना दुस्साहस नहीं कर सकी कि अपनी सरकार का सदन में विरोध करने वाले मंत्री गुढ़ा की तरह दिव्या मदरेणा के खिलाफ कोई कार्रवाई कर सके।

**पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान और उसके बाद हिंसा में 57 से अधिक लोग मारे गये।**



**विपक्षी दल भ्रष्टाचार के मामलों में इडी और सीबीआइ की कार्रवाई पर केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर कार्रवाई करने के आरोप लगा चुके हैं, लेकिन कैंसर की तरह देश को खोखला कर रही इस समस्या के ठोस समाधान की दिशा में पहल नहीं की गयी।**

गौरतलब है कि राजस्थान देशभर में दुष्कर्म के मामलों में पहले स्थान पर है। यहां 10 साल से कम उम्र की बच्चियों के साथ दुष्कर्म के केस 2.79 फीसदी बढ़े हैं। वहीं, छोटी बच्चियों के साथ गैंगरेप की वारदात में भी इस साल 13.64 फीसदी की वृद्धि हुई है। ये खुलासा हाल ही में राजस्थान पुलिस की रिपोर्ट में हुआ है। सबसे चिंताजनक और डराने वाली बात यह है कि बच्चियों के साथ दुष्कर्म और गैंगरेप के मामले साल दर साल बढ़ते जा रहे हैं। यह खुलासा राजस्थान पुलिस की जून-2023 तक की मासिक रिपोर्ट में हुआ है। राजस्थान की तरह विपक्षी दल पश्चिम बंगाल में महिला अत्याचारों पर मौन साधे हुए हैं।

भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी यह कहते हुए रो पड़ीं कि क्या इन राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों पर तभी ध्यान दिया जायेगा जब ऐसी घटनाओं को रिकॉर्ड करने वाले वीडियो वायरल होंगे। सुश्री चटर्जी ने दावा किया कि 3,000 से अधिक महिलाएं राहत शिविरों में हैं।

पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान और उसके बाद हिंसा में 57 से अधिक लोग मारे गये। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में लोगों के एक समूह ने दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र किया और उनके साथ मारपीट की। इस मामले में मालदा पुलिस ने 3 महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

भाजपा ने आरोप लगाया कि बंगाल में कुछ दिन पहले 2 आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर यातना देने के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही। भाजपा का आरोप है कि मुख्यमंत्री बनर्जी ने ऐसे मामलों में कुछ नहीं करने का फैसला किया। पश्चिम बंगाल में हावड़ा जिले के पंचला थाने के तहत दक्षिण पंचला में पीड़ित महिला का आरोप है कि पंचायत चुनाव के दिन टीएमसी के गुंडों ने उसे निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया। घटना के संबंध में पीड़िता की ओर से पंचला थाने में एफआइआर दर्ज करायी गयी है।

पश्चिम बंगाल और राजस्थान की तरह बिहार में हुई हिंसा की वारदात को लेकर विपक्षी दलों ने विरोध में प्रतिक्रिया तक देना जरूरी नहीं समझा। बिहार के कटिहार में अनियमित बिजली व्यवस्था को लेकर तय कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय जन प्रतिनिधि बारसोई प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो लोग घायल हो गये। यही घटना यदि किसी भाजपा शासित राज्य में हुई होती तो समूचा विपक्ष आसमान सिर पर उठा लेता। बिजली जैसी बुनियादी मांग को लेकर सड़कों पर उतरने पर मजबूर हुए लोगों पर पुलिस फायरिंग की वारदात पर विपक्षी दलों ने नीतिश सरकार के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला।

विपक्षी दलों वाले राज्यों में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति और महिला अत्याचारों के मामलों में मौन साधे रहने से ही भाजपा को विपक्षी एकता पर प्रहार करने का मौका मिला है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी विपक्षी एकता के गठबंधन के प्रयासों को भ्रष्टाचार और अपराधों पर पर्दा डालने का गठबंधन बनाने का आरोप लगा चुके हैं।

विपक्षी दल भ्रष्टाचार के मामलों में इडी और सीबीआइ की कार्रवाई पर केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर कार्रवाई करने के आरोप लगा चुके हैं, लेकिन कैंसर की तरह देश को खोखला कर रही इस समस्या के ठोस समाधान की दिशा में पहल नहीं की गयी। विपक्षी दलों ने एक बार भी इसका खुलासा नहीं किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में उसकी नीति क्या होगी। इसके विपरीत विपक्षी दलों का पूरा जोर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ गठबंधन तैयार करने का रहा है।

सवाल यही है कि आखिर विपक्षी दल कब तक दोहरी नीति अपनाते रहेंगे। विपक्षी दलों पर ऐसे आरोप तब तक लगते रहेंगे, जब तक वह भ्रष्टाचार और आपराधिक मामलों में समान नजरिया नहीं अपनायेंगे। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर विपक्षी दलों के गठबंधन को पारदर्शिता और समानदर्शी नीति का पालन करना होगा। सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन करने मात्र से मतदाताओं का भरोसा जीतना मुश्किल है। ऐसा नहीं करने पर भाजपा को लगातार हमला करने का मौका मिलता रहेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजपा नेता के पुत्र की स्कॉर्पियो टेलर से टकरायी, दो घायल, एक की मौत



आजाद सिपाही सवांददाता

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल थाना अंतर्गत शाहरबेड़ा चौक के समीप भाजपा नेता बास्को बेसरा के पुत्र की स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में गाड़ी में सवार बेसरा का परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वही स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से घायलों को टीएमएच पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान लगभग 25 वर्षीय लड़की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा दुर्घटना इतना जबरदस्त था की स्कॉर्पियो के चिथड़े उड़ गए। वही कार में सवार युवक का नाम चीकू बताया जारहा है। फिलहाल दोनों घायलो की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को टीएमएच में चल रहा है। बताया जा रहा है स्कार्पियो सवार भाजपा नेता के पुत्र अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर गाड़ी चढ़ा दी। जिससे बाद ट्रेलर से जा टकराया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# विधायक सविता महतो ने विस्थापितों को मुआवजा पुनर्वास और अनुदान के भुगतान का मामला उठाया

आजाद सिपाही सवांददाता

**इचागढ़।** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शून्य काल में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने सदन में चांडिल बांध अंतर्गत भू अर्जन से प्रभावित 116 मौजा के सभी विस्थापितों को संपूर्ण मुआवजा पुनर्वास अनुदान का भुगतान का मामला उठाया। विधायक श्रीमती महतो कहा जब तक संपूर्ण रुप से पूनरवासित का



लाभ मुहैया नहीं हो जाती तब तक डैम की जल भंडारण की क्षमता आरएल 180 मीटर से नीचे रखने का आदेश स्थाई रूप से देने की अपील की। उन्होंने कहा जल संसाधन विभाग आरएल 183 मीटर तक के प्रभावित गांवों को पूर्णात पुनर्वास सुविधा मुहैया नहीं कराई है। मात्र 43 गांव के विस्थापितो का पुनर्वास कि दिशा में पहल की जा रही है। जबकि कुल 116 गांवो को पूर्ण पुनर्वास की दिशा में पहल होनी चाहिए। श्रीमती महतो ने कहा प्रभावित विस्थापित बेरोजगार युवक युवतियों का सरकारी नियोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। विधायक सविता महतो ने आसन के माध्यम से कुल 116 गांव के प्रभावित विस्थापित परिवारो को संपूर्ण पुनर्वास सुविधा मुहैया कराने तथा वर्तमान मानसून को देखते हुए जल भंडारण की क्षमता को आरएल 180 मीटर से नीचे रखने की मांग की।

## अवैध शराब कारोबारी के ठिकाने पर पुलिस का छापा, भारी मात्रा में महुआ शराब और सामग्री जब्त



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार पदभार संभालते ही अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को एसपी के निर्देश पर पुलिस ने अवैध शराब कारोबारी कपाली के डोबो निवासी भीम तुरहा के ठिकाने में कार्रवाई कर सफलता प्राप्त की। पुलिस ने भीम तुरहा के अवैध महुआ शराब ठिकाने पर छापामारी करते हुए अवैध महुआ शराब व निर्माण कार्य के सामानों को जब्त कर लिया। पुलिस को देख भीम तुरहा भागने में सफल रहा। पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर डोबो के काडी पत्थर घाट के पास अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## मिलानी में प्रसिद्ध जादूगर सिकंदर के जादू शो का शुभारंभ, दर्शकों की उमड़ी भीड़, सिर चढ़ कर बोला जादू

# तालियों की गड़गड़ाहट और हंसी के ठहाकों से गूंजा मिलानी हॉल

आजाद सिपाही संवाददाता







**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर मिलानी में विश्व प्रसिद्ध जादूगर सिकंदर के जादू शो का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक अनिमेश गुप्ता व विशिष्ट अतिथि मिलानी हॉल के जनरल सेक्रेटरी राजू दत्ता शामिल हुए। जादूगर सिकंदर ने दोनों अतिथियों का पुष्पाहार पहना कर मंच में स्वागत किया।

मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर जादू शो का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रेक्षागृह में उपस्थित सैकड़ों लोगों के तालियों की गड़गड़ाहट से मिलानी हॉल गूंज उठा। वही शुक्रवार शाम बिस्टुपुर के मिलानी हॉल में जादू के ऐसे चमक रहा था जैसे देश का कोई शाही समारोह आयोजित हो। सैकड़ो लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। विश्व की आधुनिकतम लाइटिंग सम्मोहन शाही समारोह के तहत बिखेर रही थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने जादूगर सिकंदर की भरपूर सराहना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। तालियों की आवाज बंद होते ही हॉल में जादुई आवाजें गूंजने लगी।आवाज व प्रकाश के सम्मोहन से लोग पल भर में मोहित हो गए।नए वेश मे जादूगर सिकंदर के प्रकट होते ही शुरू हो गया विश्व के महानतम शो और उपस्थित अतिथियों व सभी दर्शकों को रोमांचित व आनंदित करने लगे।पल पल का एक नया चमत्कार व नए नए बदलते ड्रेस मे जादूगर का मंच पर आना। कभी लड़की को मंच पर बुलाकर हवा में झुलाया तो कभी सुंदर सी लड़की को खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ करना शामिल रहा। वही सलीम अनारकली पर आधारित जादुई प्रहसन पर खूब ठहाके लगे। अफ्रीकी मैजिक यानि विशालकाय डायनासोर को मंच पर दहाड़ते देख तो ऐसा लगा खुली आंखों से सपना देख रहे हो। इस दौरान कई जन संदेशों से भरा था शो। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, पाखंडी बाबाओं से सावधान रहे जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा। जादूगर सिकंदर ने शो के दौरान बताया शनिवार से ऐसे ही अचरज मे डाल देने वाले दो शो 4 बजे व संध्या 7 बजे से दिखाए जाएंगे। जबकि रविवार को तीन शो 1बजे,,4 बजे,7 बजे से होंगे। जिसका टिकट हॉल पर सुबह 11 बजे से मिलने लगेगा। ऑनलाइन भी टिकट उपलब्ध है। जिसे एडवांस मे भी बुक कराया जा सकता है।

इस अवसर पर शो प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी मदन भारती, शो के संयोजक स्थानीय जादूगर किंगशुक कुमार व टाटा मैजिक क्लब के सदस्य सहित सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने की खुशी में कांग्रेसियों ने किया लड्डू का वितरण



**जमशेदपुर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय में कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के सजा पर रोक लगने की खुशी में कांग्रेसियों ने साकची गोचक्कर पर लड्डू वितरण कर जश्न मनाया। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता साकची गोलचक्कर में एकत्रित होकर सड़क से गुजरने वाले सभी लोगों को ढोल नगाड़ा बजा कर जश्न मनाते हुए लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने बताया कांग्रेस पार्टी का माननीय सर्वोच्च न्यायालय पर पूर्ण विश्वास शुरू से ही रह है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सत्य का मान रखते हुए कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के सजा पर रोक लगा दी। इसके लिए कांग्रेस कार्यकत्ताओं में अपार खुसी का माहौल है। जोश भरे कांग्रेस कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाया। श्री दुबे ने बताया भाजपा सरकार ने कुचक्र व साजिश के तहत राहुल गाँधी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजना चाहती थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने सत्य के आवाज का मान बढ़ाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के गंभीरता-पूर्वक वायनाड से लोकसभा क्षेत्र के आम जनता को अब न्याय मिलेगा। राहुल गाँधी के सांसद सदस्यता निरस्त कर दिए जाने के बाद वहाँ की जनता को बहुत हानी उठानी पड रही थी। अब उन्हें भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा जब से इंडिया दल का गठन हुआ तब से भाजपा के पार्टी व मोदी जी और शाह जी की नींद चली गई है। राहुल गाँधी नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोल रहे है। अब सम्पूर्ण भारत में सर्वांगीण विकास होगा।बेरोजगार नौजवान को नौकरी के द्वार खुलेंगे। महंगाई पर लगाम लगेंगे। कोई सरकारी उपक्रम नही बेचा जाएगा। रेलवे में खाली सभी पदों पर नियुक्त के द्वार खोले जाऐंगे। नौजवानों के भविष्य सुरक्षित होंगे। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता राहुल गाँधी का संदेश लेकर घर घर जाऐंगे। अब समाज में किसी का तिरस्कार नही होगा ऐसा संदेश कांग्रेस लेकर जनता के बीच पहुंचेगी। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने नये भारत के निर्माण में आम जनता से आगे आने व कांग्रेस पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, रियाजुद्दीन खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, भारतयात्री अमरजीत नाथ मिश्र, संजय सिंह आजाद ने सभी कांग्रेसजनों को धन्यवाद दिया।

## पानी की समस्या पर बस्तीवासियों ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात, मिला आश्वासन

**जमशेदपुर।** लौहनगरी में लगातार हो रही बारिश में बमार्माइंस चुना भट्टा के लोग पानी की समस्या झेल रहे थे। क्षेत्र में जलापूर्ति बंद होने पर बस्ती में हाहाकार मच गया। जुस्को द्वारा अचानक बस्ती के पानी सप्लाई को बंद करने पर भारतीय जनता पार्टी ने कई दिनों से टैंकर के माध्यम से बस्तीवासियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की। जिससे लोगों को अस्थायी रूप से राहत मिली। शुक्रवार को चुना भट्टा के लोगों ने रघुवर दास से एग्रिको स्थित आवास पर मुलाकात की। रघुवर दास ने समस्या को गंभीर बताते हुए जुस्को के वरीय अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने चुना भट्टा में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था ना होने तक पुरानी व्यवस्था के तहत जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वही जुस्को की ओर से देर शाम बस्ती में जलापूर्ति बहाल कर दी गयी। क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रारंभ होने पर बस्तीवासियों ने पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# 25 करोड़ की लागत से बदलेगा गढ़वा रेलवे स्टेशन का परिदृष्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा रेलवे स्टेशन की जल्द ही सूरत बदलेगी। 25 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का काया कल्प किया जायेगा। 6 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी गढ़वा रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ ऑनलाइन करेंगे। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावे रेलवे के कई आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी द्वारा किये जाने वाले शुभारंभ कार्यक्रम का बड़े स्क्रीन पर गढ़वा के प्लेटफार्म नंबर-1 पर प्रसारण करने की योजना है। गढ़वा रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने को लेकर रेलवे द्वारा पहले फेज का टेंडर भी जारी कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलने, सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बजट में प्रावधान किया है। इसी स्किम के तहत गढ़वा रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने वाली है।

रेलवे द्वारा स्टेशन के नवनिर्माण करने के लिए डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है। रेलवे स्टेशन का बनने वाला भवन पूरी तरह आधुनिक होगा। इसके अलावे पार्क, प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, पर्किंग, पेयजल, फूडकोर्ट, प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने, यात्री शेड सहित कई काम किया जाना है। रेलवे के इस निर्णय से स्थानीय लोगो मे हर्ष व्याप्त है। प्रेस वार्ता में सहायक विद्युत अभियंता कुमार मयंक सहायक डाल्टनगंज शंभू नाथ भूपेंद्र कुमार स्टेशन प्रबंधक चंद्र भूषण कुमार ट्रेफिक इंस्पेक्टर विजय प्रकाश शामिल थे।

## नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की जल्द सूरत बदलेगी



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की जल्द ही सूरत बदलेगी। 27 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का काया कल्प किया जायेगा। 6 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी नगर उंटारी रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ ऑनलाइन करेंगे। इसे लेकर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावे रेलवे के कई आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी द्वारा किये जाने वाले शुभारंभ कार्यक्रम का बड़े स्क्रीन पर नगर उंटारी के प्लेटफार्म नंबर-1 पर प्रसारण करने की योजना है। केंद्र सरकार ने अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलने, सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बजट में प्रावधान किया है। इसी स्किम के तहत नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने वाली है। इसके अलावे पार्क, प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, पर्किंग, पेयजल, फूडकोर्ट, प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने, यात्री शेड सहित कई काम किया जाना है। रेलवे के इस निर्णय से स्थानीय लोगो मे हर्ष व्याप्त है।

## पूर्व मंत्री भाजपा नेता रामचंद्र केसरी ने हेमंत सोरेन से मिलकर पुस्तक की एक प्रति भेंट की



बंशीधर नगर(आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री भाजपा नेता रामचंद्र केसरी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपने जीवनी पर लिखी गयी पुस्तक सड़क से सदन तक संघर्ष के क्रांतिवीर रामचंद्र केसरी। पुस्तक की एक प्रति भेंट की पुस्तक में रामचंद्र के सामाजिक, राजनैतिक, सार्वजनिक और व्यक्तिगत संघर्ष की अप्रतिम दासता उल्लेखित है। मौके पर रामचंद्र केसरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपने जीवन में की गयी। कई संघर्षों को याद करते हुए उनके साथ चर्चा किया।

## बीडीओ ने बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



बरडीहा(आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रभारी नितेश भास्कर के द्वारा वोटर आईडी से संबंधित बीएलओ के साथ आज शुक्रवार को बैठक किया। बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ शामिल हुए। बैठक में मतदाता सूची विशेष कार्यक्रम 2024 को लेकर बीएल?ओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कहा गया कि महिला हो या पुरुष जिसका उम्र 18 वर्ष पूरा हो चुका है घर घर जाकर सर्वे करते हुए उसका मतदाता सूची में नाम जोड़ें और जो मृत हो गया है उसका भी नाम हटाया जाये। साथ ही कहा गया कि क्षेत्र के सभी लोगों का पहचान पत्र में आधार लिंक करवायें। इस दौरान मौके पर पर प्रक्षिक श्यामा कांत विश्वकर्मा थे।

## राहुल गांधी को न्याय मिलने की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में आज सुप्रीम कोर्ट के द्वारा राहुल जी को मिले न्याय की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव अरविंद तूफ़ानी, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, उमेश त्रिपाठी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्रनाथ चौबे, ज़िला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, ज़िला सचिव दिवाकर चौबे, मंसूर अंसारी, प्रदेश कांग्रेस के नेता गूलरेज अख़्तर, भासपा अध्यक्ष याकूब एकबाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक दिवसीय गैर आवासीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन

कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग के निदेशानुसार प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय गैर आवासीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन बीडीओ मनोज कुमार तिवारी के द्वारा किया गया इस कार्यशाला में प्रखंड के सभी किसान मित्र तथा कई किसानो ने भाग लिया कार्यशाला मैं उपस्थित लोगों के बीच कृषि संबंधित कई प्रकार के जानकारियां दी गयी। मौके पर प्रखंड कृषि प्रभारी पदाधिकारी शाहिद अंसारी तकनीकी प्रबंधक ओम प्रकाश कुमार किसान मित्र इमामुद्दीन खान हरेंद्र तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, कमलेश सिंह, मनोज राम, सत्येंद्र राम तथा कई किसान मौजूद थे।

## मेरी माटी, मेरा देश महोत्सव मनाने का निर्णय



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में मेरी माटी, मेरा देश महोत्सव मनाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकटा के अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि जो पौधे विलुप्त होने के कगार पर हैं वैसे पौधों को इस श्रेणी में शामिल करने कि जरूरत है। स्थानीय जलवायु के संपर्क में ज्यादा वृद्धि करने वाले पौधे को लगाना है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त से 12 अगस्त तक मेरी माटी, मेरा देश महोत्सव तथा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, मोनिका कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, बीडीसी भरदूल चंद्रवंशी, प्रवीण यादव, अशोक पासवान, भुनेश्वर राम, मुखिया ललित नारायण सिंह, मुन्ना अंसारी, जितेंद्र दीक्षित, सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता, ऐनुल अंसारी, स्वयंसेवक उमेश गुप्ता सहित प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने शतप्रतिशत किसानों को केसीसी का लाभ मुहैया कराने को कहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर जिले में किसानों को दिये गये लाभ और लंबित आवेदन की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में एसबीआई, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक, पंजाब नेशनल बैंक समेत अन्य बैंकों में केसीसी के लंबित आवेदन की समीक्षा किया। उपायुक्त ने एक-एक कर लंबित आवेदन की जानकारी लेते हुए बैंक प्रतिनिधियों से केसीसी ऋण का लाभ किसानों को देने में आ रही समस्या को साझा करने को कहा, जिससे उन समस्याओं को दूर करते हुए शतप्रतिशत किसानों को केसीसी का लाभ मुहैया करायी जा सके। उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधि को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। जिससे केसीसी योजना का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सके और अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी और बैंक प्रतिनिधि आपस में समन्वय बनाकर प्राथमिकता के आधार पर गढ़वा जिला के किसानों को केसीसी ऋण का लाभ देने की दिशा में कार्य करें। साथ हीं सभी बैंकों को अगले 10 दिनों के लिए के सी सी ऋण स्वीकृति हेतु लक्ष्य का निर्धारण कर दोबारा से समीक्षा करने की बात कही गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, डीडीएम नाबार्ड, लक्ष्मण कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, एके मांझी, जिला कृषि पदाधिकारी, शिवशंकर प्रसाद, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशिल दास समेत बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक, सभी बैंक प्रबंधक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।08

# चैनल पर बाइट देनेवाले आरोपी ने किया सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के मुख्यमंत्री, विधानसभाध्यक्ष, मंत्रियों और महिलाओं के विरुद्ध अमर्यादित और विद्वेषपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हुए भौकाल टीवी न्यूज चैनल पर बाइट देने का आरोपित रामगढ़ जिले के रामगढ़ थाना अंतर्गत मुरामकला निवासी अशोक नायक पिता स्व. गोपाल नायक ने गिरफ्तारी के डर से गुरुवार की शाम गढ़वा व्यवहार न्यायालय में एडीजे-वन के कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

**अशोक नायक से पूछताछ कर रही है पुलिस**

उसके सरेंडर किये जाने की सूचना के बाद रंका थाना पुलिस शुक्रवार को न्यायालय से 24 घंटे का रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान पुलिस द्वारा मीडिया कर्मियों को थाना से दूर रखा गया है। बता दें कि इससे पूर्व रंका पुलिस यूट्यूब और फेसबुक पर अमर्यादित वीडियो अपलोड कर प्रसारित करने के आरोप में गढ़वा थाना क्षेत्र के दरमी गांव निवासी टीपू सुल्तान खान उर्फ समर, पिता जसमुद्दीन शेख को गिरफ्तार कर मंगलवार को ही जेल भेज चुकी है।

# पीएम नरेंद्र मोदी 6 अप्रैल को गढ़वा के दो स्टेशनों का आनलाइन करेंगे शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मोदी सरकार गढ़वा जिला में दो महत्वपूर्ण स्टेशनों का पुनर्निर्माण करने जा रही है। जिसका सीधा आनलाईन शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अप्रैल को करेंगे। कार्यक्रम को लेकर गढ़वा टाऊन रेलवे स्टेशन और श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर भाजपा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भाजपा ने देश को सुशासन विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्पित नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री दिया है इसका लाभ आम जनमानस को मिल रहा है आनेवाले दिनों में गढ़वा जिला का स्वरूप अलग होगा इसके लिए भाजपा जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर है। 6 अगस्त को सुबह 9 बजे से गढ़वा रेलवे स्टेशन और श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर सभी नेता कार्यकर्ता समर्थक बड़ी संख्या में पहुंचकर नरेंद्र मोदी द्वारा आनलाईन शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# लाभुकों के बीच वितरण के लिए रखी साड़ी धोती चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के उपरी तल्ले के एक कमरे में जविप्र के लाभुकों के बीच वितरण हेतु रखा गया साड़ी धोती की दो बोरी अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी की घटना को लेकर बीडीओ सह प्रभारी एमओ जयपाल महतो स्थानीय थाने में अज्ञात चोरो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में जिक्र किया है, कि प्रखंड ऑपरेटर अलोक कुमार गुप्ता जब बीते 31 जुलाई 2023 को सुबह 11 बजे अपने कार्यालय पहुंचे तो पाया कि कमरा की खिड़की खुला हुआ है, चोरी की संदेह होने पर जब जाँच की गई तो पाया कि बोरी में रखी हुई 200 लुंगी तथा दूसरी बोरी से 20 लुंगी गायब है। इसके बाद जब दूसरे कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो वहाँ खिड़की किनारे रखा हुआ एक बोरी (100) साड़ी तथा दूसरी बोरी से 50 साड़ी गायब है। निरीक्षण के दौरान खिड़की किनारे खाली बोरी और ब्लेड पाया गया। विदित हो कि पिछले वर्ष भी प्रखंड कार्यालय से साड़ी व धोती चोरी होने पर एमओ द्वारा थाने में अज्ञात चोरो पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी, लेकिन इस वर्ष भी चोरी की घटना का पुनरावृति होने अत्यंत दुःखद है। उधर पुलिस ने आवेदन के अलोक में अज्ञात चोरो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर प्रखंड कार्यालय में लगे सीसीटीवी के माध्यम से अनुसंधान शुरू कर दी है।

## नव पदस्थापित थाना प्रभारी का किया गया स्वागत



केतार(आजाद सिपाही)। नव पदस्थापित थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो से शुक्रवार को कई जनप्रतिनिधि शिष्टाचार मुलाकात के लिए थाना में पहुंचकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता,बीस सूत्री सदस्य छोटन कुमार सिंह, मानवाधिकार प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, समाजसेवी रमेश राम, चंद्रदेव सिंह, संजय गुप्ता शामिल है। इस अवसर पर थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा की थाना क्षेत्र में हर छोटी बड़ी घटना पर पैनी नजर रहेगी।

## पलामू के प्रथम सांसद स्व जेठन सिंह की प्रतिमा स्थल क्षतिग्रस्त चबूतरा मरम्मती कराने हेतु बीडीओ से की मांग

रंका (आजाद सिपाही)। स्वतंत्रता सेनानी पलामू के प्रथम सांसद स्वर्गीय जेठन सिंह खरवार के रंका प्रखंड मुख्यालय चेक नाका के पास स्थित प्रतिमा स्थल क्षतिग्रस्त चबुतरा की मरम्मती कराने हेतु खरवार एकता संघ, प्रखंड कमेटी रंका ने रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम को आवेदन देकर मरम्मती कराने की मांग की है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि रंका प्रखंड मुख्यालय स्थित जेठन सिंह खरवार की प्रतिमा स्थल चबुतरा किसी अज्ञात वाहन के द्वारा धक्का मार देने से क्षतिग्रस्त हो गया है। स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय झंडा फहराने में कठिनाई होगी। इसके संबंध में रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने क्षतिग्रस्त चबुतरा की मरम्मती कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर अध्यक्ष अरूण सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, राजधारी सिंह, सलाहकार फौदार सिंह, विजय सिंह, विनोद सिंह, कपिल देव सिंह मौजूद थे।10

## संसद सदस्यता बहाल लोकतंत्र की जीत : अरविंद



गढ़वा(आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव अरविंद तुफानी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के विरुद्ध मोदी सरनेम मानहानि केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा पर रोक लगाने और संसद सदस्यता बहाल करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। यह सत्य, धैर्य, धर्म, न्याय और लोकतंत्र की जीत यह नफरत खिलाफ मुहब्बत की जीत है।

## ज्ञान गंगा ने जागरूकता शिविर आयोजित




गढ़वा (आजाद सिपाही)। शालिग्राम अग्रवाल मध्य विद्यालय में लियो क्लब ऑफ गढ़वा ज्ञान गंगा ने जागरूकता शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष तेजश अग्रवाल ने की। इस जागरूकता शिविर के द्वारा, छात्रों को आई फ्लू से बचने के लिए कुछ उपायों के बारे में जानकारी दी गयी। इसमें हाथ धोने का विशेष महत्व बताया, साथ ही अन्य स्वच्छता उपायों को भी बताया गया। इस शिविर के माध्यम से समाज में आई फ्लू और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा दिया गया और साथ ही लोगों को आपसी सहयोग की महत्वता पर भी जागरूक किया गया। इस प्रकार, यह शिविर समाज के लिए एक उपयोगी और उत्तराधिकारी कदम साबित हुआ और छात्रों को समर्थ नागरिकों के रूप में बढ़ावा दिया। उक्त कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या कुसुम तिवारी के देख रेख में संपन हुई। इस कार्यक्रम में लियो अध्यक्ष तेजश्व अग्रवाल, लियो मानस अग्रवाल, लियो अनूप ठाकुर, लियो अतुल डूबे और लियो सार्थक अग्रवाल मौजूद थे। साथ ही, लियो के पैरेंट क्लब, लायन क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के लायन हर्ष अग्रवाल, लायन संतोष अग्रवाल, लायन आशुतोष अग्रवाल और अन्य भी मौजूद थे।

## संदेहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

गढ़वा(आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के नारायणपुर में सोनपुरवा भट्टी मोहल्ला निवासी रविंद्र कुमार कुशवाहा की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गयी। घटना में परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है। कि वह गुरुवार देर शाम नारायणपुर में धान रोपवाने के लिए मजदूर खोजने गया हुआ था। मजदूर खोजने के बाद लौटने के क्रम में उसे सड़क किनारे गिरा हुआ देखा गया। स्थानीय लोगों ने उठाकर उसे अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजनों का आरोप है। कि पिछले काफी दिनों से जमीन का विवाद चल रहा है । उक्त विवाद में रविंद्र की हत्या किया गया छुपाने के लिए दुर्घटना का प्रारूप बनाया गया है। उनके पिता का भी हत्या इसी प्रकार किया गया था।

## बस और बाइक की टक्कर में युवक की मौत: बलराम शर्मा

मेराल(आजाद सिपाही)। एनएच 75 पर थाना क्षेत्र के पढ़ुआ मोड़ के पास शुक्रवार को दोपहर बाद एक दर्दनाक सड़क हादसा में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गढ़वा से श्री बंशीधर नगर की ओर विशाल नमक बस से बाइक सवार एक युवक की आमने सामने टक्कर हो गई जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। मृत युवक नवल चौधरी उम्र करीब 18 वर्ष, पिता उदय चौधरी मेराल थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव का रहने वाला था। पढ़ुआ मोड़ के पास गढ़वा से बंशीधर नगर की ओर जा रहा विशाल नामक बस ने उसे चपेट में ले लिया। नवल अपने पिता का इकलौता पुत्र था। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया तथा उपस्थित लोगों के बीच पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस द्वारा दुर्घटना में शामिल विशाल बस तथा मोटरसाइकिल को थाना लाया गया है।

# पतंजलि योग समिति ने मनाया जड़ी-बूटी दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस पर मेराल प्रखंड परिसर में फलदार पौधे लगाएं तथा औषधीय पौधों का वितरण कर जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सीओ निकिता बाला, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, मंडल सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो सहित बड़ी संख्या में शामिल हुआ। उस मौके पर प्रकृति और संस्कृति के साथ रहने की सलाह दी गयी। मौके पर रासबिहारी तिवारी ने कहा कि 4 अगस्त को मेराल सहित गढ़वा जिला के सभी प्रखंडों में आचार्य बालकृष्ण जी के जन्म दिन को जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज की अगुवाई में पतंजलि योगपीठ का निर्माण हुआ था, उसमें अहम भूमिका निभाने वाले आचार्य बालकृष्ण जी ने हजारों पौधों पर रिसर्च करने वाले विश्व के सबसे बडे वैद्य है। नागेंद्र तिवारी ने लोगों को आंवला, एलोवेरा, गिलोय, नीम, तुलसी, पीपल सहित आसपास के वनस्पतियों के गुण के बारे में चर्चा करते हुए सभी को औषधीय पौधे लगाने तथा उसका संरक्षण तथा सेवन कर वातावरण को संरक्षित रखने तथा स्वयं को स्वस्थ रखने की सलाह दी। बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि औषधीय पौधे तथा उसका उपयोग भारत में प्राचीन काल से होता रहा है, इसको दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है। सीओ निकिता बाला ने औषधीय पौधे गिलोय, नीम, तुलसी, एलोवेरा आंवला करंज करी पत्ता आदि से होने वाले लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से योग, आयुर्वेद तथा औषधीय पौधे को नियमित रूप से अपनाने को कहा। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी नीतीश कुमार, प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार ने भी जड़ी बूटी दिवस और औषधीय पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। उस मौके पर पतंजलि के संरक्षक डॉ अनिल साह और प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, सह प्रभारी रविंद्र प्रसाद गुप्ता के द्वारा दर्जनों फलदार और औषधीय पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह, दिनेश गुप्ता, विजेश्वर प्रजापति, छोटन, विकास, नेत्र सहायक सुशील, हुमायूं कबीर, शिक्षक सरोज पांडे, विनोद द्विवेदी, रामाकांत गुप्ता, विजय प्रसाद, परशु कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

**आवेदन का आमंत्रण (आम सूचना)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 16 रा0 (वि0) दिनांक 24.07.2023 के द्वारा मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्न है–

| क0 सं0 | योजना ईकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना ईकाई हेतु अनुदान की राशि | लाभुक का अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलाशय स्तरीय मछुआरों (बिरसा मत्स्य किसान) के लिए आईडेन्टिटी कार्ड (डेटा सहित) | 30 | - | – | |
| 2 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 20 | 1200.00 | 400.00 | |
| 3 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 05 | महिला/अनु0 जाति/अनु0जनजाति के लिए 128000.00 तथा सामान्य/अन्य के लिए 112000.00 | महिला/अनु0 जाति/अनु0जन जाति के लिए 32000.00 तथा सामान्य/अन्य के लिए 48000.00 | |
| 4 | उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार/सम्मान | 03 | 30000.00 | अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि लाभुक का अंषदान होगा। | |
| 5 | मत्स्य बीज उत्पादकों को मोबाईल रिर्चाज कूपन | 470 | 500.00 | मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए | |
| 6 | नये रंगीन मछली ईकाई हेतु महिलाओं को पूरक सामग्री | 20 | 20000.00 | शून्य | |
| 7 | पूर्व संचालित रंगीन मछली ईकाई हेतु महिलाओं को पूरक सामग्री | 20 | 10000.00 | शून्य | |

उपरोक्त सभी योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक से कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 25.08.2023 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सूचना प्राप्त कर सकतें है।

नोट :– आवेदन पत्र कार्यालय में निःशूल्क उपलब्ध।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 304031 Fish(23-24)#D

## लोकेश मिश्र ने किया रनिया प्रखंड कार्यालय, विद्यालय और अस्पताल का निरीक्षण

# चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी लोगों को दें मौसमी बीमारियों की जानकारी: डीसी

**कहा- ग्रामीणों से निरंतर संपर्क बनाये रखें अधिकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



छात्राओं से बातें कर उन्हें जरूरी जानकारी देते खूंटी के डीसी लोकेश मिश्रा।

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को रनिया प्रखंड का दौरा कर कार्यालय, स्कूल और अस्पाल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रखंड कार्यालय परिसर की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि रनिया के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग जानकारी के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभावित करने के लिए उन्हें योजनाओं से जोड़ना महत्वपूर्ण है। उन्होंने योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने व उनसे निरंतर संपर्क बनाये रखने का निर्देश दिया। सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के क्रम में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। डीसी ने निर्देश दिया कि आमजनों की सुविधा के मद्देनजर सुचारु रूप से कार्य करें। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उचित स्वास्थ्य सेवों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उपलब्ध दवाओं और संसाधनों की भी जानकारी ली। डीसी ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करें। कहा कि चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी आमजनों को मौसमी बीमारियों की जानकारी दें। साथ ही लोगों को सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत सात से 12 अगस्त, 11 सितंबर से 16 सितंबर और नौ से 14 अक्टूबर के टीकाकरण में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का टीकाकरण कराने की जानकारी दें। विद्यालय निरीक्षण के क्रम में छात्राओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। डीसी ने एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय और वहां के छात्रावास का भी निरीक्षण किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं से मिलकर उन्हें पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा के लिए भी प्रोत्साहित किया। बताया कि एकाग्र और अनुशासित होकर पढ़ाई करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। डीसी ने कहा कि समय की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के सार्थक प्रयास करें।

### मनरेगा की सभी लंबित योजनाओं को समय पर पूरा करायें



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास, पीडी जेनरेशन, आवास प्लस, बिरसा हरित ग्राम आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने मनरेगा के तहत सभी प्रखंडों को ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर उन्हें शुरू करने और गति देकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि पारदर्शिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं, ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसी कड़ी में सांसद आदर्श ग्राम सहित इसके तहत चयनित ग्रामों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि निरंतर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं को पूर्ण करायें। बचे हुए योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने का भी निर्देश दिया। मनरेगा के अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, पोटो हो खेल विकास योजना आदि में होनेवाले कार्यों के सम्बंध में समीक्षा की गई। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अब तक जिले में कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिया कि खेल विकास योजना के तहत प्रत्येक गांव में एक खेल मैदान बनाने का लक्ष्य रखें।

## पीएलएफआइ उग्रवादी निशान हुन्ना पूर्ति गिरफ्तार

**आरोपित के पास से लेबी की रकम बरामद, कई अन्य फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये उग्रवादी की जानकारी देते एसडीपीओ अमित कुमार व अन्य।

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के सक्रिय उग्रवादी निशान हुन्ना पूर्ति को पुलिस ने गुरुवार को मुरहू थाना क्षेत्र के कुदासूद से मुरूद जानेवाली सड़क से गिरफ्तार किया है। उसके पास से नगद 8600 रुपये, तीन जिंदा कारतूस, पीएलएफआई का चंदा रसीद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसकी जानकारी खूंटी के एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गुरुवार को एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का सक्रिय उग्रवादी मुरहू थाना क्षेत्र में लगने वाले हाट-बाजार से लेवी वसूल कर एरिया कमांडर टीरा बोदरा और राडुंग बोदरा उर्फ लंबू के पास पहुंचाने के लिए जिकिलता बंदगांव जानेवाला है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए सीआरपीएफ 94वीं बटालियन, मुरहू थाना के पदाधिकारी और सशस्त्र बल के साथ छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने मुरहू के कुदासूद से मुरूद जानेवाली सड़क पर नाका चेंचिंग शुरू कर दिया। इस दौरान तीन बाइक पर सवार व्यक्तियों में से एक को खदेड़ कर पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि अन्य उग्रवादी बाइक सहित भागने में सफल रहे। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम निशान हुन्ना पूर्ति (19) बताया। वह मुरहू थाना क्षेत्र के इंद पीड़ी ग्राम का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि निशान हुन्ना पूर्ति के खिलाफ पहले भी उग्रवादी हिंसा, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुरहू थाने में तीन मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। पुलिस उससे पूछताछ कर उसके साथियों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। वहीं, छापामारी दल में सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार, मरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टूडू, सयइको थाना प्रभारी रितेश कुमार, मुरहू थाना के पुलिस अवर निरीक्षक दिगंबर पांडेय, विष्णु कुमार, सुशांत सुंडी,तकनीकी शाखा के अलावा मुरहू थाना के सशस्त्र बल और सीआरपीएफ 94 बटालियन के क्यूएटी के जवान शामिल शामिल थे।

## डीसी ने की पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को पेयजल विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं और जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कार्यपालक अभियंता ने एसवीएम और एमवीएम के कार्यों की जानकारी दी। इस पर डीसी ने वैसे ग्राम जहां कार्य किये जा रहे हैं एवं जहां कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उनका अनुश्रवण करने का निर्देश प्रखंड के वरीय पदाधिकारियों को दिया। डीसी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि चयनित महिलाओं को जल जांच का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डीसी द्वारा निर्देश दिया गया जल जीवन मिशन के तहत सभी प्रखंडों में भ्रमण कर जल जीवन मिशन, जल गुणवत्ता, शुद्ध पेयजल, कार्यशील घरेलू नल जल कनेक्शन गंदे जल का प्रबंधन, स्वच्छ्ता विषयों पर उचित कार्य किये जाय।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मानकी जंगल से मिला लापता वृद्ध का शव

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र के मानकी जंगल से शुक्रवार की सुबह एक वृद्ध महिला का शव पेड़ की टहनी से लटका बरामद हुआ। उसकी पहचान मानकी बस्ती सुगिया देवी (70) के रूप में हुई है। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने बताया कि मृतका सुगिया देवी की मानसिक स्थित ठीक नहीं थी। वह पिछले माह 31 जुलाई से अपने मानकी बस्ती स्थित घर से लापता थी। शुक्रवार को जंगल में पेड़ की टहनी से महिला का शव लटके होने की सूचना मिली। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचने पर महिला के बेटे रूपलाल गंझू ने सुगिया देवी की पहचान की। उन्होंने बताया की शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। वहीं खलारी थाना में यबडी केस दर्ज कर लिया गया है।

### एक पेड़ सौ पुत्र के समान : प्रधानाचार्य

खलारी (आजाद सिपाही)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर करकट्टा सरस्वती विद्यामंदिर में शुक्रवार को फल-फूल के अतिरिक्त अन्य वृक्षों के पौधों को लगाया गया। पौधा रोपण विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह, आचार्य एवं छात्र-छात्राओं ने किया। साथ ही सभी ने पेड़ो के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान है। पर्यावरण की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। पौधा लगाना ही नहीं बल्कि उसे सींचना भी हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। इसलिए प्रत्येक लोगों को इसे गंभीरता से विचार करना चाहिए और पौधा लगाना चाहिए। इस मौके पर आचार्य संजीव सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, गोविंद चैहान एवं आचार्या पूनम पाठक, बसंती कुमारी, प्रीति कुमारी, नूतन सिंह सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा और सीसीएल प्रबंधन की बैठक में कई समस्याओं पर की गयी चर्चा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा और सीसीएल प्रबंधन के बीच विभिन्न मांगों को लेकर सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में शुक्रवार को आवश्यक बैठक हुई। जिसमें सीसीएल के सभी कमांड क्षेत्रों के विस्थापित, प्रभावित, रैयतों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में लंबित नौकरी, मुआवजा, रोजगार, निजी कंपनियों में 75 फीसदी बहाली, एक करोड़ रुपये तक का ठेका कार्य विस्थापितों को देने, पीएपी प्रमाण पत्र निर्गत करने, सीएसआर स्कीम को सही तरीके से लागू करने, अधिगृहित भूमि पर एक मुस्त नौकरी देने, पांच साल के अंदर बाहर की नीति को समाप्त करने, सभी पुर्नवास केंद्रो में बुनियदी सुविधा बहाल करने, वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था करने, कैंप लगाकर भूमि सत्यापन कराने, आरएंडआर कमेंटी बनाने, आउट सोर्सिंग कंपनियों में हाई पावर कमेटी की अनुसंसा को लागू करने सहित कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपरोक्त समस्याओं के समाधान को लेकर प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष इकबाल हुसैन, राजकुमार महतो, सैनाथ गंझु, इस्लाम अंसारी, सोनाराम मांझी, पप्पू सिंह, मनोज कुमार, बहादुर मांझी, गुरूदयाल साव आदि मौजूद थे।

## बाइक-पेलोडर की टक्कर में तीन घायल, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**डकरा/खलारी।** खलारी थाना अंतर्गत मोहननगर सीएचपी के समीप डकरा-खलारी (एसएच -7) मुख्य मार्ग में बाइक और पेलोडर की टक्कर में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मोहननगर सीएचपी के समीप मार्ग पर एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक ऋषभ कुमार, अमर कुमार और अंशु कुमार खलारी से डकरा की ओर जा रहे थे। इसी बीच डकरा खदान की ओर से आ रहे पेलोडर से बाइक की टक्कर हो गयी। इस हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिर गये। तीनों को तत्काल वहां से गुजर रहे लंबा धौड़ा निवासी आनंद कुमार और दिलीप नोनिया की मदद से डकरा केंद्रीय अस्पताल पंहुचाया गया, जहां पर तीनों का इलाज शुरू हुआ। घटना में बाइक सवार ऋषभ कुमार का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख रांची अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अमन और अमर को हल्की चोटें आयी है, जिसकी वहीं अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## झारखंड में आंदोलनकारियों का केंद्र रहा है खूंटी जिला : भुवनेश्वर महतो

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने पूरे राज्य के आंदोलनकारियों को चिह्नित कर उन्हें सम्मान देने की बातें कही हैं। प्रदेश में खूंटी जिला आंदोलनकारियों का केंद्र रहा है, लेकिन जिस हिसाब से आंदोलनकारियों की सूची सरकार के पास पहुंचनी चाहिए, उतने आंदोलनकारियों की सूची नहीं मिल पा रही है। ये बातें शुक्रवार को तोरपा के प्रखंड स्थित प्रमुख के कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारी चिहिनीतीकरण आयोग, गृह कारा आपदा विभाग के सदस्य भुवनेश्वर महतो ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार की बात हर आंदोलनकारी तक पहुंचना जरूरी है। इसके लिए सरकार की ओर से कार्य योजना तैयार की जा रही है। सभी प्रमंडलों में झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग का कार्यालय खुलेगा। आंदोलनकारी इन कार्यालय में आवेदन कर सकेंगे। झारखंड आंदोलनकरी चिह्नितीकरण आयोग ने अब तेजी से कार्य करना शुरू कर दिया है। अब आंदोलनकारियों को चिह्नित करने के साथ ही सरकार उन्हें और उनके आश्रितों को सरकारी स्तर पर सम्मान देने जा रही है। पूर्व आप्त सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि जितने भी आंदोलकारी हैं वे आवेदन करें। जिनकी मृत्यु हो गयी है, उनके आश्रित आवेदन कर सकते हैं। उन्हें भी लाभ मिलेगा। इससे पूर्व आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो और पुष्कर महतो का प्रमुख रोहित सुरीन व तैयब ने तोरपा पहुंचने पर स्वागत किया।

## विद्यालय से आठ टैबलेट व एक होम थियेटर की चोरी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के सुंदरी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय से चोरों ने गुरुवार की रात 8 टेबलेट और एक होम थिएटर चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने विद्यालय में रखी तीन अलमारियों के ताले तोड़कर वहां रखे कागजात को भी बिखेर दिया है।

### जामूनदोहर बस्ती के लोगों को मुआवजा भुगतान के लिए केडीएच पीओ को सौंपा गया आवश्यक दस्तावेज



खलारी (आजाद सिपाही)। केडीएच परियोजना खदान विस्तारीकरण के लिए विश्रामपुर पंचायत के जामूनदोहर बस्ती को हटाने का कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा। खदान विस्तारीकरण में जामूनदोहर बस्ती का हटना बहुत ही आवश्यक है। शुक्रवार को जामूनदोहर बस्ती के लोगों को मुआवजा भुगतान के लिए खलारी प्रमुख सोनी तिग्गा, पंचायत मुखिया दीपमाला कुमारी एवं रैयत विस्थापित मोर्चा के सचिव दामोदर गंझू ने केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह से मिलकर लोगों के आवश्यक दस्तावेज को सौंपा। साथ ही प्रतिनिधियों की ओर से कहा गया कि जल्द ही, बाकि बचे हुए लोगों के भी आवश्यक दस्तावेज को जमा करा दिया जाएगा। ज्ञात हो की जामूनदोहर बस्ती को खाली होने से 8 एकड़ जमीन केडीएच परियोजना को मिलेगा। जिसमें करीब 25 लाख टन कोयले का उत्पादन होने की उम्मीद है। वहीं इस विस्थापन कार्य को पूरा कराने में श्रेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य सुनील कुमार सिंह सहीत स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं रैयता विस्थापितों का अहम योगदान रहा है।

## किचटो के ग्रामीणों ने ग्रामसभा के अधिकारों को जाना

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** किचटो पंचायत के तरवां गांव में गुरुवार की रात झारखंड माइंस एरिया कोऑर्डिनेशन कमेटी (जमैक) के सौजन्य से ग्रामीणों में जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ग्राम सभा के अधिकारों के विषयों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर दिखाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पेसा कानून बने 26 साल हो चुके है, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वनवासी कानून बने भी कई साल हो चुके हैं। पर अब जाकर हम लोगों को इसकी जानकारी हुई। वनों पर सामुदायिक हक के लिए कानून बने हैं जिसके जन जागरूकता सरकारी स्तर पर होनी चाहिए। लेकिन सरकारी सिस्टम द्वारा ग्रामीणों के अधिकार सिर्फ फाइलों में दिखती है। ग्रामीणों को दिखाए गए रूपांतरण वीडियो में ग्राम सभा, पेसा कानून, वनों पर ग्राम सभा का सामूहिक अधिकार, जल जंगल जमीन को कैसे बचाना है इसको प्रमुखता से दिखाया गया। इस मौके पर जमैक के फील्ड कोऑर्डिनेटर एलिस चेरवा दीदी, दीपक किस्कू, किचटो पंचायत प्रतिनिधि अंगद कुमार महतो, जोधन महतो, बालेश्वर उरांव, रामकुमार उरांव,अनिल कुमार महतो, रोशन महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, तपेश्वर गंझू आदि शामिल थे।

## सरायकेला खरसावां एसपी एवं प्रोन्नत आइपीएस अजय कुमार को बुंडू में किया गया सम्मानित

# आम जनमानस के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मियों पर होगी कार्रवाई : जिला एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता





**बुंडू।** बुंडू में सरायकेला खरसावां जिला एसपी डॉ विमल कुमार एवं प्रोन्नत आइपीएस अजय कुमार को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। बुंडू डीएसपी अजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जनता की सेवा सुरक्षा और न्याय के लिए आइपीएस अधिकारी बना हूं। वतन की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं सरायकेला खरसावां जिला एसपी डॉ विमल कुमार ने कहा कि जन सुरक्षा और न्याय पहली प्राथमिकता है। जनता सुरक्षा और न्याय के लिए पुलिस के पास आती है। पर पुलिस का सहारा नहीं मिलता है तो लोग पुलिस को कोसते हैं। इसी कारण पुलिस और जनता के बीच फासला बढ़ता है, जिसको पाटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो भी पुलिस पदाधिकारी जनता के साथ दुर्व्यवहार करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। जनता के सुख-दुख का साथी बनकर पुलिस का काम करें, तो समाज में शांति सद्भावना बनी रहेगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, प्राचार्य डॉ अरुण कुमार झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ राधा रमन साहू, डॉ मदन प्रसाद, डॉ पंकज वर्मा, डॉ ईला वर्मा, पुलिस इंस्पेक्टर लीलेश्वर महतो, अजय कुमार साहू, अनूप चेल, दीपक जायसवाल, रोशन महतो, सनत कुमार चेल, अरुण जैन, तमाड़ प्रखंड प्रमुख अजय कुमार मुंडा, महेंद्र प्रजापति, छोटू जायसवाल, अधिवक्ता रितेश जयसवाल, प्रमोद कुमार सिंह, कमलेश सिंह, अबू सईद अंसारी, कवि नायक, उज्जवल कुमार धीवर, खुशी लायक, संजय दास, मनीष जायसवाल, बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानेदार, पुलिसकर्मी और गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डॉ भीमराव आंबेडकर उन्नत ग्राम योजना के लिए तोरपा हरिजन टोली का होगा सर्वेक्षण




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** महिलाओं को स्वावलंबन से जोड़ते हुए उनके सशक्तीकरण और स्वाभिमान के लिए कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्था संभव ट्रस्ट झारखंड की तोरपा प्रखंड अध्यक्ष मोनिका आर्या की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में संभव ट्रस्ट और रांची की स्वयंसेवी संस्था हमारा आधार के साथ डॉ भीमराव आंबेडकर उन्नत ग्राम योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी। हमारा-आधार संस्था की अध्यक्ष रश्मि तिवारी और राधिका तिवारी ने गांधी नगर तोरपा (हरिजन टोली) की महिलाओं को बताया कि उनको कैसे रोजगार के विभिन्न आयामों से जोड़ते हुए आर्थिक सशक्तीकरण उपलब्ध कराने पर कार्य किया जाएगा। तोरपा गांधी नगर (हरिजन टोली) को डॉ भीमराव अंबेडकर उन्नत ग्राम योजना से जोड़ने के लिए जल्द ही संभव ट्रस्ट द्वारा आवेदन जमा कर सर्वेक्षण किया जाएगा। बैठक का संचालन ट्रस्ट के सचिव अभिषेक कुमार राय ने किया। इस मौके पर रणवीर शर्मा, सावन महतो, अनिल शर्मा, वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी आदि मौजूद थे।

### राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में बांटी गयी मिठाइयां

सिल्ली (आजाद सिपाही)। मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। जिससे कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यलय में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो,मनीराम दास, गुहिराम महतो, बलराम महतो, पिनाकी बनर्जी, प्रकाश मुंडा, निताई महतो ,राबिन प्रामाणिक, तापस पोद्दार, मो शाकिर उद्दीन, मनोज यादव, सहित कई कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

### खूंटी गायत्री मंदिर में मनाया गया जड़ी-बूटी दिवस

खूंटी (आजाद सिपाही)। पतंजलि परिवार के तत्वावधान में शुक्रवार को आयुर्वेद के आचार्य और बाबा रामदेव के सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस के अवसर पर खूंटी गायत्री मंदिर परिसर में जड़ी-बूटी दिवस मनाया गया। इस असर पर 200 लोगों के बीच पौधों और जड़ी बूटी का निःशुल्क वितरण किया गया।

# कैंडल मार्च निकालकर बच्ची के लिए मांगा गया न्याय


कैंडल मार्च निकाल कर न्याय की मांग करते लोग।

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एक गैर सरकारी स्कूल में पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई अमानवीय कृत्य के मामले में पूरे प्रखंड क्षेत्र में आक्रोश है। शुक्रवार को इस घटना के विरोध और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने गोंदलीपोखर में कैंडल मार्च निकाला। जिसमें शामिल लोगों नें कहा कि घटना हुए 12 दिन गुजर गए पर पुलिस-प्रशासन द्वारा अभी तक मामले का खुलासा नहीं किया जाना असंवेदनशीलता को दर्शाता है। लोगों ने मामले में पुलिस की लापरवाही पर रोष व्यक्त किया और घटना में लिप्त दोषी को अविलंब गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी नहीं हुई तो एक दिनी प्रखण्ड बंद की घोषणा की जाएगी। कैंडल मार्च में सुरेंद्र महतो, पारसनाथ उरांव, किशोर मुण्डा, अजय महतो, रामनाथ महतो, राजेन्द्र मुण्डा, राजेश महतो, सोनालाल महतो, रामनाथ महतो, सत्यदेव मुण्डा, बुधराम बेदिया, नरेश साहू, विरेंद्र सिंह भोगता, आतीश महतो, ज्योतिष महतो, राजेन्द्र महतो, विपीन मुण्डा, साहेबराम महतो, दयाल कुमार, प्रेम साहू, मोहन महतो, संजय कुमार, अजीत महतो, पारसनाथ महतो आदि मौजूद थे।

## दुस्साहस : आरोपित को पकड़ कर ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

# महिला पर युवक ने टांगी से किया जानलेवा हमला

**लोगों ने बताया कि हमलावर युवक हर समय रहता है नशे में धूत, वारदात के समय भी कर रखा था नशापान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** नवागढ़ खक्सी टोली में 26 वर्षीय एक महिला पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा टांगी से जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की पहचान विनती देवी के रूप में हुई है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, हमलावर की पहचान शंकर बेदिया के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे विनती देवी धान रोपाई के लिए अपने खेत की ओर जा रही थी। उसके गोद में दुधमुंही बच्ची भी थी। इसी बीच नशे की हालत में धूत शंकर बेदिया ने विनती को देखते ही उस पर टांगी से पीछे से वार कर दिया। इससे घायल होकर महिला वहीं गिरकर अचेत हो गयी। यह देख स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना सिकिदीरी पुलिस को दी। इसी बीच परिजन घायल विनती को अनगड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर, सूचना पाकर थानेदार सत्यप्रकाश रवि भी घटनास्थल पर पहुंच गये। तब तक ग्रामीणों ने हमलावर शंकर बेदिया को पकड़ कर रखा था। पुलिस के पहुंचते ही उसे सौंप दिया गया।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं एसबीएल कंपनी के सहयोग से वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवा समेत निःशुल्क पैथोलॉजिकल परीक्षण भी हुआ। जिसमें करीबन 200 लोगों ने अपना परीक्षण कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पीसी शर्मा जेडएसएम-एसबीएल, देवाशीष पटनायक एफएसओ, एसबीएल, मनोहर कुमार एमआर-एसबीएल, अनुप कुमार एम आर-एसबीएल, रंजीत कुमार एम आर-एसबीएल से थे। इस मौके पर डॉ कालीचरण चौधरी ने क्रोनिक डिजीज के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही पीसी शर्मा, जेड एस एम-एसबीएल ने एसबीएल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्री रमन दूबे, डॉ कालीचरण चौधरी, डॉ सुनीता साह, डॉ साजिद अंसारी, डॉ एसके सिंह एवं सभी संकाय के डीन, एचओडी एवं विद्यार्थियों का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन बी.एच.एम एस फाइनल ईयर स्टूडेंट कल्याण कुमार और पूजा सिंह ने किया।

# राहुल गांधी की सजा पर रोक की खबर से कांग्रेसियों में हर्ष

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। मोदी सरनाम मामले में निलंबन झेल रहे राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रोक लगा दी। इसकी सूचना मिलते ही नगड़ी कांग्रेसी नेताओं में खुशी की लहर छा गई। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यसमिति सदस्य एवं रातू- नगड़ी प्रखंड के वरीय समाजसेवी लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव ने कहा कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है। मौके पर तपेश्वर केसरी, शाहिद अहमद, कृजीवन महतो, कुलदीप तिवारी आदि मौजूद थे।**

# प्रतिदिन खुले पंचायत कार्यालय, मुखिया ग्रामीणों को दें वहां बैठने वाले अधिकारियों की जानकारी : डीपीएम विभा सिन्हा

**पंचायती राज्य विभाग के डीपीएम केरल पंचायती राज्य विभाग प्रतिनिधि के साथ पहुंचे नवागढ़**

आजाद सिपाही संवाददाता


नवागढ़ पहुंचे पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी व अन्य।


**सिकिदिरी।** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ जिसे आज से पूर्व वरिष्ठ आइएएस सुनील कुमार वर्णवाल एवं स्वामी भवेषानंद जी महराज सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची ने संयुक्त रूप से आदर्श बनाने की दिशा में कार्य कर रहे थे। जिसे अब आदर्श ग्राम बनाने के लिए झारखंड सरकार के पायलेट प्रोजेक्ट में शामिल कर लिया गया है। शुक्रवार को पहली बार पंचायती राज्य विभाग के डीपीएम विभा सिन्हा ने पंचायती राज्य विभाग केरल के प्रीती को लेकर अपने पूरे टीम के साथ नवागढ़ पंचायत पहुंची। पंचायत सचिवालय के सभा कक्ष में मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्यों, रामकृष्ण मिशन आश्रम के प्रतिनिधि, एवं टीआर आई के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पंचायत में अभी तक हुए कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद केरल के पंचायतों में हुए कार्यों की जानकारी केरल प्रतिनिधि ने नवागढ़ पंचायत प्रतिनिधियों को दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केरल राज्य की तर्ज पर नवागढ़ पंचायत का विकास करना है। डीपीएम विभा सिन्हा ने कहा कि पंचायत कार्यालय प्रतिदिन खुलना चाहिए। किस दिन कौन-कौन कर्मचारी उपस्थित रहेंगे इसकी जानकारी भी पंचायत वासियों तक पहुंचाने की व्यवस्था मुखिया को करनी है। पंचायत में आनेवाले हर एक व्यक्ति का सम्मानजनक आदर होना चाहिए। साथ ही कितने दिनों मे उसके कार्य का निष्पादन होगा इसके लिए लिखित टोकन की भी व्यवस्था करनी है। निश्चित अवधि में कार्य का निपटारा भी करना है। इस मौके पर मुखिया भुवनेशवर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, सौरव बग टीआरआई, पिंटू पंचायती राज्य के प्रखंड सामन्यवक, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब के प्रखण्ड कोऑर्डिनेटर सुदिप्ता सत्पथी, गंभीर महतो, रोहित शाही, तुलसी महतो, अनीता देवी, अमरदीप प्रमाणिक, पार्वती कुमारी, दिलीप मिर्धा, विजय बेदिया, एतवा बेदिया, गायत्री देवी, गीता देवी, संजय बेदिया आदि मौजूद थे।

# बेड़ो में जड़ी-बूटी दिवस पर औषधीय पौधों के बारे में दी गयी जानकारी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को महावीर चौक में आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी, गिलोय, नीम, मीठा नीम, नींबू, आंवला, जामुन, शरीफा, चिरा यंता, बिल्व समेत कई प्रजाति की पौधों का वितरण किया गया। साथ ही लोगों को पहचान कराया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी एसपी साहू ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने विश्व सहित भारत में आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाया। अनेकों जड़ी-बूटियों पर शोध किया एवं पतंजलि के माध्यम से दवा के रूप में सभी आरोग्य केंद्रों पर उपलब्ध कराया। वहीं, प्रखंड प्रभारी मुकेश कुमार राय ने कहा कि हमारे देश में बहुत सारे वनस्पति है। हमारा संकल्प औषधीय वनस्पतियों से घरती माता का श्रृंगार करने का है। वनस्पतियों से ही धरती व मानव का जीवन है। भारत ही वह दिव्य भूमि है जहां प्रत्येक मौसम में होने वाली बीमारियों की औषधि खुद उपज कर तैयार मिलती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम इन्हें पहचानें एवं संरक्षित करें। इस मौके पर सुरेश प्रसाद साहू, श्रीकांत मेहरा, सुभाष खन्ना, अजित उरांव और पुनई उरांव मौजूद थे।

# आजीविका का सृजन विषय पर अनुसंधान सम्मेलन का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के लालगुटवा स्थित वन उत्पादकता संस्थान और जैव विविधता संस्थान हैदराबाद के सौजन्य से वन की उत्पादकता में सुधार और निम्नीकृत भूमि प्रबंधन के माध्यम से आजीविका का सृजन बिषय पर शुक्रवार को अनुसंधान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश करते हुए निदेशक डॉ योगेश्वर मिश्रा ने कहा कि परती भूमि में विकास की मदद से जीविकोपार्जन पर चर्चा की जाएगी। वहीं, प्रधान मुख्य वन संरक्षक देवीदत्त विश्वास ने जीविकोपार्जन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उत्पादकता में सुधार, वन भूमि प्रबंधन, पर्यावरण, वानिकी एवं गैर वानिकी क्षेत्रों की पारिस्थितिकी सुधार आदि कार्यों को जीविकोपार्जन से जोड़कर मॉडल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने जैविक खाद, मछली पालन को बढ़ावा देकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर बल दिया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन भावसे प्रमोद चन्द्र लकड़ा ने किया। सम्मेलन में वानिकी अनुसंधान, देहरादून शिक्षा परिषद के महानिदेशक अरुण सिंह रावत, उपनिदेशक रत्नाकर जौहरी, अंजना सूचिता तिर्की सहित संस्थान के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

# बीडीओ ने की पडहा जतरा संचालन समिति के बेड़ो बाजार टांड़ और बारीडीह के सदस्यों के साथ बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** पाड़हा जतरा समिति बेड़ो एवं बारीडीह के अध्यक्ष के अलावा अन्य समिति के वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने की। बैठक में पूर्व वीसी डॉ रविन्द्र नाथ भगत की ओर से बेड़ो प्रखंड के दो अलग-अलग जगहों क्रमशः बेड़ो बाजार टांड़ व बारीडीह जतरा मैदान में तीन जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को संयुक्त रूप से राजकीय मेला घोषित करने के प्रयास की काफी सराहना की गई। साथ ही इसके के लिए पड़हा समाज के सभी पड़हा राजा, दीवान, कोटवार, महतो, पाहन, ग्राम प्रधान, पईनभरा व पुजार के साथ ही पड़हा संचालन समिति बेड़ो और बारीडीह के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पूर्व वीसी डा रविंद्र नाथ भगत के ऐतिहासिक पहल के लिए मिलजुल कर धन्यवाद दिया। इधर, इस वर्ष आयोजित पड़हा जतरा के लिए आवंटित राशि का दोनों समितियों के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से समायोजन फैसला लिया गया। मौके पर राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, नीलमणि भगत, कोमल पाहन, विश्वनाथ गोप, चरवा उरांव, पीटर तिर्की, विशु उरांव, प्रो सोमरा उरांव, सुकरा उरांव, भौवा उरांव व मनोज लकड़ा आदि मौजूद थे।

# बीडइओ से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल, शिक्षक के स्थानांतरण की मांग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)। भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को बेड़ो के बीडइओ सुनील कुमार केशरी से मुलाकात की। उनसे बेड़ो मॉडल स्कूल के शिक्षक विंसेंट सोरेन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका स्थानांतरण करने की मांग की। भाजपा महामंत्री राजेश साहू व बलराम सिंह ने बताया कि शिक्षक विंसेंट सोरेन ने विगत दिनों छात्रों को तिलक लगाकर विद्यालय आने पर प्रताड़ित किया था। जिससे लोगों में आक्रोश है। इसी मुद्दे को लेकर बीडइओ से मिलकर विरोध जताया गया। इस मौके पर राजीव रंजन अधिकारी, आलोक मिश्रा, जगरनाथ भगत, भीखा उरांव, संजय लाल, कमलेश लाल, रंथा उरांव, आशीष महतो, आंनद साहू, गणेश राम महथा, बलराम सिंह व राजेश साहू आदि मौजूद थे।**

# जान जोखिम में डाल कर डोड़मा-सिसई पथ पर आवागमन करने को हैं मजबूर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के डोड़मा-सिसई पथ पर दो या चार पहिया या फिर पैदल जा रहे हों, तो सावधान हो जाएं। संभव हो तो वैकल्पिक मार्ग का चुनाव करें। क्योंकि इस रास्ते पर कुदरी के पास छाता नदी का पुल एक साल पहले ही टूट गया था, जिसकी मरम्मति अभी तक नहीं हो पाई है। इस कारण बरसात के दिनों में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नदी में पानी तो भरा ही है, उसके दोनों छोरों पर रास्ते में इतना कीचड़ जमा हो गया है कि वहां से गुजरना काफी जोखिम भरा है। नदी में पुल नहीं होने के कारण इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप है। कुछ दुस्साहसी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस रास्ते पर आना-जाना करते हैं। गुमला, सिसई, लापुंग, जरियागढ़ सहित दर्जनों गांवों के लोगों को काफी लंबी दूरी तय कर खूंटी जिला मुख्यालय पहुंचना पड़ता है। पुल नहीं होने का सबसे अधिक खमियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। डोड़मा, बिचना, सुंदारी सहित अन्य जगहों के स्कूलों में पढ़नेवाले विद्यार्थियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। तोरपा या खूंटी होकर स्कूल जाने में उन्हें दोगुणा दूरी तय कर स्कूल जाना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि खूंटी को गुमला और लोहरदगा जिले को जोड़ने वाले डोड़मा-सिसई पथ पर छाता नदी पर बना पुल 2022 के अगस्त महीने में ही ध्वस्त हो गया था। गर्मी के दिनों में छोटे वाहनों का आवागमन इस सड़क पर होता था, लेकिन बरसात के दिनों में आवामन लगभग ठप है। पुल निर्माण के संबंध में पूछे जाने पर विभाग के अभियंता ने बताया कि सरकार द्वारा पुल निर्माण के लिये 11 करोड़ 44 लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी है। कुछ दिनों के बाद पुल निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

# संध्या गश्ती दल के वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, कई घायल

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना की संध्या गश्ती में निकले एएसआई नीतीश कुमार के साथ दो आरक्षी रूटिंग गश्ती पर थे। बीजूपड़ा चौराहे के समीप पीछे से आ रही ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी, जिसमें चालक सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मांडर के रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची के रिम्स अस्पाल रेफर कर दिया गया। आरक्षी विनोद बैठा की स्थिति गंभीर है।

## नगड़ी प्रखंड के सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# जनप्रतिनिधि और प्रखंड पदाधिकारी समन्वय बनाकर काम करें तो धरातल पर दिखेगा विकास कार्य: निर्मला

आजाद सिपाही संवाददाता



समीक्षा बैठक को संबोधित करती जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत व अन्य।

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को सरकार के सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ प्रखंड के सभी पंचायतों के जन प्रतिनिधियो की समीक्षा बैठक हुई। साथ ही सभी विभाग के कार्यों का सिलसिलेवार समीक्षा की गई। मौके पर उपस्थित रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने सभी विभागों का रिपोर्ट कार्ड देखा और शिकायत या गलती पर विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी। अंचल की कार्यप्रणाली में सुधार लाने को कहा। कहा कि जमीन से संबंधित बहुत शिकायत सुनने को मिलता है। गरीब असहाय चक्कर काटते रहते है और दलाल का काम पहले होता है। प्रखंड में बहुत सारे कृषक मित्र जो काम नहीं कर रहे उन्हें हटाकर नया बहाल करने का निर्णय लिया गया। जनप्रतिनिधियों की शिकायत है कि आंगनवाड़ी में उपस्थिति से अधिक बच्चों की हाजरी बनाई जाती है। साथ ही मध्याह्न भोजन में स्कूल में बच्चों को खाना कभी कभी नही दिया जाता है। इस पर जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा सभी जनप्रतिनिधि और प्रखंड के पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर काम करेंगे तो विकास निश्चित रूप से धरातल पर दिखेगा और काम दिखेगा तो जनता को संतुष्टि मिलेगी। इससे जनता के बीच मान सम्मान बढेगा.और जनहित के काम भी होगा। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख मदुवा कच्छप और संचालन बीडीओ नूतन कुमारी ने किया। इस मौके पर नगड़ी जिप सदस्य एवम समाजसेविका पूनम देवी, उप प्रमुख अफसाना परवीन अंचल निरीक्षक रूद्ध प्रसाद साहू , बजरंग महतो, ,डॉ अभिमन्यु कुमार पंचायत समिति सदस्य ,गुलरेज अंसारी, शीला देवी, कृष्णा महतो, मुखिया मंजीत उरांव, मंजू लिंडा ,परना उरांव आदि थे।

# लापुंगवासी कच्ची सड़क से हैं परेशान

**लापुंग (आजाद सिपाही)। सापुकेरा पंचायत के फतेहपुर की सड़क पंचायती राज के व्यवस्था के तीन चुनाव बीत जाने के बाद भी गांव की मुख्य सड़क का अभी तक कीचड़ से छुटकारा नहीं मिला है। ग्रामीणों ने मुखिया, सांसद व विधायक तक से गुहार लगाया, लेकिन अभी तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। हनुमान मंदिर से गांव घुसने वाली मुख्य पथ, जिसका पूरे गांव लोग आने-जाने के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। उक्त मार्ग पक्की सड़क ककरिया, महुगाव भाया कामडारा जाने के लिए मुख्य सड़क से भी जोड़ती है। पर इस सड़क ने बरसात की पहली वारिस में ही दम तोड़ दिया है। लोगों के घर के समीप कीचड़ होने गंदगी फैल रही है। मक्खी-मच्छरों का प्रकोप भी पढ़ गया है, जिससे लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव की सरकार गांव का विकास करने में असफल रही है।**

# कल्याण विभाग की योजनाओं को लेकर एक दिवासीय कार्यशाला का आयोजन



**चान्हो (आजाद सिपाही)। योजना निदेशक सुधीर बाड़ा एवं जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण की अगुवाई में प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड के कई प्रतिनिधि गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रहे हैं, लेकिन इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है लोगों को इन योजनाओं के विषय में जानकारी ना होना। प्रतिनिधिगण सीधे तौर पर लोगों से जुड़े होते हैं, इसलिए वे स्वयं विभिन्न योजनाओं की जानकारी लें और अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाए। मौके पर वीडियो सुलेमान मुंडरी, जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, मुखिया महादेव उरांव सहित प्रखंड के कई मुखिया पंचायत समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।**

## जपला-दंगवार मुख्य पथ पर धक्का मार कर भाग रहे चालक को पुलिस ने दबोचा

# कार के धक्के से मजदूर की मौत

**पुराने घर से नए घर में सोने जाने के दौरान हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला-दंगवार मुख्य पथ के बड़ेपुर पंचायत के घोड़बंधा मोड़ के समीप कार के धक्के से 55 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान लालदेव राजवंशी के रूप में हुई है। वह घोड़बंधा गांव का रहने वाला था। लालदेव पेशे से मजदूर था। घटना गुरुवार की रात 10 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद ग्रामीण लालदेव को लेकर तुरंत हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा कर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार लालदेव राजवंशी अपने घर से कामत गांव में बन रहे नवनिर्मित घर में सोने जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही कार ने धक्का मार दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल हुसैनाबाद थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने धक्का मार कर भाग रहे कार को कामगारपुर पुलिस पिकेट के पास पकड़ लिया। चालक को गिरफ्तार कर कार जब्त कर हुसैनाबाद थाना ले आई हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवा व्यवसायी की इलाज के दौरान मौत

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी रंजीत कुमार की मौत इलाज के क्रम में हो गयी। लेस्लीगंज से सतबरवा जोड़ने वाली मुख्य पथ नौडीहा मोड़ के पास विगत 24 जुलाई को बाइक सवार युवक को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे बेहतर इलाज के लिए आरएमसीएच रांची भेजा गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि रंजीत कुमार लेस्लीगंज से अपने टाइल्स मार्बल की दुकान से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में चक निवासी अनिल जायसवाल की तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने विपरीत दिशा में आकर उसे टक्कर मार दी। घायल अवस्था में उसे मेदिनीनगर भेजा गया। लेकिन बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने उससे आरएमसीएच रांची के लिए रेफर कर दिया था। मृतक की तीन साल की एक बेटी भी है। मृतक घर का कमाऊ सदस्य था। अब घर में कोई भी वैसा सदस्य नहीं है। जो कमा कर परिवार की रोजी रोटी चला सके। परिजनों की मानें तो ट्रैक्टर सिमेंट विक्रेता अनिल जायसवाल की है।



रोते बिलखते परिजन।

### नाबालिग चलाते हैं ट्रैक्टर

प्रखंड क्षेत्र में नाबालिग ट्रैक्टर बेरोकटोक चलाते हैं। यही कारण है कि आए दिन दुर्घटना होती रहती है। जिसमें आवागमन करने वाले राहगीर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। वैसे चालक भी हैं जिनके पास लाइसेंस नहीं है लेकिन वह ड्राइविंग करते हैं।

## विश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी का पार्टी में किया स्वागत, अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी सहित अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इसके लिए भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने जिला पार्षद विजय रविदास व प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता प्रवीन सिंह भी मौजूद रहे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विजय रविदास के पार्टी में आने से भाजपा विश्रामपुर ही नहीं, बल्कि पूरे पलामू जिला में और मजबूत हो गई। इसका सीधा फायदा पार्टी को आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मिलेगा। उन्होंने पार्टी में शामिल सभी लोगों को संगठन को और मजबूत करने में जुट जाने को कहा। वहीं, विजय रविदास ने कहा कि मैं पहले भी वर्षों से भाजपा में था। यह मेरा घर वापसी है। भाजपा की नीति-सिद्धांत मेरे रग-रग में बसा है। बाबूलाल मरांडी में मेरी पूरी आस्था है। वहीं, भाजपा में शामिल होने वालों में धर्मेंद्र सिंह धीरू, प्रदीप चौधरी, गोपाल सिंह खरवार, राजकुमार सिंह खरवार, राजेश्वर सिंह खरवार, सुदेश सिंह खरवार, अमन राज, अशोक सिंह, किशोर राम, हरेंद्र राम, सूर्यदेव चौधरी, केदार चौधरी, जितेंद्र चौधरी, अवधेश सिंह, संजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, सोनू राम, संतोष राम, रवि रंजन, मूलालाल पासवान, श्रीकांत कुमार, अशोक राम, बौद्ध भुइंया, मनोज चंद्रवंशी, रामनाथ विश्वकर्मा, अनिरुद्ध सिंह, दिलीप सिंह, धीरेंद्र सिंह, विनय राम, संतोष प्रजापति, रामदेव यादव, उमेश राम, रविकांत साहू, रोहित गुप्ता, खुर्शीद अंसारी, छोटन यादव, बबिता देवी, विपिन गुप्ता, बच्चू सिंह खरवार, सुरेश सिंह, मनोज कुमार रवि, मनोज पासवान, रामाशीष चौधरी, जिकेश पाल, सुरेंद्र चौधरी, दिलीप चौधरी, अखिलेश चौधरी आदि थे।




भाजपा में शामिल जिप पर्षद व अन्य का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी।

## पलामू सांसद वीडी राम के प्रयास से चार स्टेशनों का होगा पुनर्निर्माण, कल प्रधानमंत्री करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित डालटनगंज, गढ़वा रोड़, गढ़वा एवं नगर उंटारी स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छह अगस्त को किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में पलामू सांसद भी उपस्थित रहेंगे। भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में और केंद्र सरकार की न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1309 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है जिसमें पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चार स्टेशनों क्रमशः डालटनगंज 29.2 करोड़, गढ़वा रोड़ 24.5 करोड़, गढ़वा टाउन 25.5 करोड़ एवं नगर उंटारी 26.3 उक्त चारों स्टेशनों के विकास के लिए टोटल 105 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए यह पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे।



उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नियोजित सुविधाओं में अवांछित संरचनाओं को हटाकर रेलवे स्टेशनों तक सुगम पहुंच, बेहतर लाइट की व्यवस्था, बेहतर परिसंचरण क्षेत्र, उन्नत पार्किंग स्थान, दिव्यांगजनों के अनुकूल बुनियादी ढांचा, हरित ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण अनुकूल भवन का निर्माण इत्यादि शामिल हैं। सांसद विष्णु दयाल राम ने उक्त कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## नगर निगम का कार्य प्रशंसनीय : डीसी

**नगर निगम की ओर से कराए गए कोयल रिवर फ्रंट एवं गांधी उद्यान का डीसी एवं नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की ओर से कराए गए कार्यों का पलामू डीसी शशी रंजन एवं नगर आयुक्त रवि आनंद ने गुरुवार की रात गांधी उद्यान और कोयल रिवर फ्रंट का अवलोकन किया। डीसी ने निगम के कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि निगम ने शहर को संवारने के लिए भरसक प्रयास किया है। शहर को सजाने का खासकर कोयल रिवर फ्रंट एवं गांधी उद्यान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसको और भी सजाएं। जहां मेरे सहयोग की आवश्यकता होगी मैं करूंगा। डीसी ने भ्रमण के क्रम में चौक चौराहों की भी प्रशंसा की।



### डीसी की प्रशंसा शहर के लिए शुभ संकेत : अरुणा शंकर

**प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने डीसी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने मेरे कार्यकाल की योजनाओं का अवलोकन करने के बाद जिस तरह से प्रशंसा की और शहर को सुंदर बनाने में निगम को सहयोग का भरोसा दिया है यह शहर के लिए शुभ संकेत है।**

## मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर डीसी ने सभी बीडीओ के साथ की बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी निमित कार्यक्रम को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से डीसी शशि रंजन ने वर्चुअल रूप से जिले के सभी बीडीओ के साथ बैठक की। कहा कि यह अभियान 9 से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस दौरान सभी बीडीओ अपने सभी पंचायत से मिट्टी एकत्रित कर उस मिट्टी के लोटे को जिला भेजना सुनिश्चित करें। 15 अगस्त के दिन जिले के सभी अमृत सरोवरों के पास ध्वजारोहण हो, सभी बीडीओ यह सुनिश्चित करें। प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिलाफलकम स्थापित किया जाना है। इसपर आजादी के अमृत वर्ष के विजन प्रदर्शित होगा। वसुंधा वंदना कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण से संबंधित कार्य भी किया जाना है। डीसी ने कहा कि यह कार्यक्रम की सफलता के लिए जनसहभागिता की आवश्यकता है अतः सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। वर्चुअल मीटिंग में ऑनलाइन मोड के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हुसैनाबाद की उरद्वार पंचायत में बिना काम कराये ही कर ली गयी राशि की निकासी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरद्वार मंजुराहा पंचायत के चौखंडा में बिना कार्य किये ही राशि की निकासी कर लिए जाने का मामला प्रकाश आया है। इस बाबत ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन भी दिया है। जिसमें कहा गया है कि उक्त पंचायत में 14वीं व 15वीं वित्त से होने वाले विकास योजनाओं में बिना कार्य कराए ही राशि की निकासी कर ली गयी है। इसमें बबुनी रजवार के घर से गुमानी रजवार के घर तक पीसीसी पथ, चौखंडा में स्नान घाट, छठ घाट, रामबिलास राम के घर से पाइन तक पीसीसी पथ, विजय सिंह के घर से रुंजय सिंह के घर तक नाली निर्माण, पंचायत के कई गांवों में चापानल के पास सोखता का निर्माण, पांचू ठाकुर के घर से सीताराम विश्वकर्मा के खेत तक नाली निर्माण और रामजी साव के घर से गौरी ठाकुर के घर तक नाली मरम्मती शामिल है। आवेदन में उक्त योजनाओं की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसकी प्रतिलिपि हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी को भी दिया गया है। आवेदन देने वालों में सूरज पासवान, ओमप्रकाश सिंह, धर्मेंद्र पाल, मंटू कुमार, अजित कुमार पाल, संतोष सिंह, चंदन सिंह, आशीष कुमार, श्यामदेव यादव, रामचंद्र यादव, संजय कुमार शर्मा, देवेंद्र पासवान, श्यामनाथ पासवान और विजय ठाकुर आदि शामिल है।

इस संबंध में हुसैनाबाद के बीडीओ रतन कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त योजनाओं की जांच के लिए टीम गठित कर दी गयी है। जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## रांची में भर्ती उम्मे हबीबा के पिता ने लगायी मदद की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** गैस सिलेंडर धमाका हादसे में घाटल 8 वर्षीय उम्मे हबीबा की स्थिति अभी भी गंभीर है। इसकी जानकारी उम्मे हबीबा के पिता आजम रिजवी ने दी है। उम्मे हबीबा का इलाज रांची के देवकमल अस्पताल में चल रहा है। पहली पट्टी खोलने पर जख्म और भी गहरा दिख रहा है। बताया कि अख्तर की मौत के बाद आइसीयू में भर्ती तीन लोग बाहर निकल गए। अब हमारी हिम्मत टूट रही है। अपने बच्ची के जख्म देख कर आइसीयू से बाहर निकालने से भी डर लग रहा है कि, कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। पैसे के आभाव में बच्ची का बेहतर इलाज नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने अपने बच्ची के बेहतर इलाज के लिए लोगों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान 24 जुलाई की घटना को लेकर आजम रिजवी ने बताया कि हादसे से तीन दिन पहले से गैस लिकेज कर रहा था। गैस सिलेंडर लिकेज को देख रबड़ को बदल कर ठीक किया। जिसके बाद पत्नी खाना बनाने लगी। घटना की सुबह नाश्ता बनायी और मैं नाश्ता करने के बाद ब्लॉक चला गया। इस बीच पत्नी ने बताया कि दोपहर के लिए चूल्हे पर चावल चढ़ा कर कमरे में चली गयी थी। लौट कर देखा कि सिलेंडर में आग लग हुई है। उसने अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन उसका हाथ जल गया। तब रसोई घर के दरवाजे पर लगे परदे को हटाने का प्रयास किया। इसी बीच गैस सिलेंडर लुढक कर आंगन में आ गया। वह चिल्लाने लगी। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग भी पहुंच गए, तभी गैस सिलेंडर में धमाका हो गया और लोग झुलस गए।

## पलामू के नये एसपी से कांग्रेसियों ने की शिष्टाचार मुलाकात



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के नवपदस्थापित एसपी रिष्मा रमेशन से कांग्रेस के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह व प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने पुष्प देकर एसपी का स्वागत किया। औपचारिक मुलाकात के क्रम में कांग्रेस नेताओं ने एसपी से बेहतर कानून व्यवस्था और अच्छा माहौल की अपेक्षा की। साथ ही हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र समेत पलामू जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने का आग्रह किया।**

## ग्रामीणों की सहायता के लिए लगने वाले शिविर से अधिकारी रहे नदारद, आक्रोश



**पांकी/पलामू (आजाद सिापही)।** पांकी प्रखंड कार्यालय में इंकलाबी नौजवान सभा की ओर से ग्रामीणों के लिए सहायता केंद्र लगाया गया था। जिसमें ग्रामीण जनता को प्रखंड में होने वाली समस्या के निदान के लिए प्रखंड के अधिकारियों से समय लेकर उनकी समस्या को दूर करना था। पर प्रखंड कार्यालय से पदाधिकारी ही गायब थे। सहायता केंद्र में इंकलाबी नौजवान सभा के झारखंड प्रदेश सचिव अविनाश रंजन ने कहा कि पांकी प्रखंड कार्यालय में अधिकारी लगभाग अनुपस्थित रहते हैं। यहां के अधिकारी इसे अपनी जागीर समझते है। जब उनका मन होता प्रखंड कार्यालय में आते है। जब मन होता चले जाते है। 19 जुलाई को युवा संसद लगाए थे तब भी यहां पर कोई अधिकारी नही थे। प्रखंड कार्यालय दलालों का अड्डा बन गया है। सहायता केंद्र में इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय परिषद सदस्या दिव्या भगत ने कहा कि यहां पर प्रखंड के अधिकारियों के नहीं आने से वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या जमीन से संबंधित काम लेकर आए लोगों को खाली हाथ ही लौटना पड़ा। इस मौके पर इजहार अली हैदर, अभिषेक रंजन, अरुण प्रजापति, अखिलेश यादव, राज कुमार शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति, गिरेंद्र कुमार, राजा कुमार आइसा के जिला अध्यक्ष गुड्डू कुमार भुइयां, अमित कुमार, विजय कुमार आदि थे।

## 350 छात्रों के बीच मात्र पांच शिक्षक के भरोसे चल रहा सुलतानी का हाई स्कूल



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सुलतानी स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में 350 छात्रों के बीच मात्र पांच शिक्षक अध्ययन करा रहे हैं। शिक्षकों के आभाव के कारण छात्रों का भविष्य अधर में लटकता दिख रहा है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने बताया कि 9वीं और 10वीं के 150 छात्रों के अलावा कक्षा प्रथम से लेकर आठवीं के 200 छात्राओं का नामांकन हुआ है। जिस पर दो सरकारी शिक्षक 9वीं और 10वीं के छात्रों को पढ़ा रहे है, जबकि तीन सहायक अध्यापक नीचे के कक्षा संभाले हुए हैं। बच्चों के हिसाब से विद्यालय में शिक्षक की घोर कमी है। शिक्षक के आभाव में छात्रों का विषयवार पढाने में मुश्किल हो रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की कमी की जानकारी डीइओ और डीएसइ को आवेदन पत्र देकर शिक्षक की मांग भी की है। पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुआ। विद्यालय की चाहदीवारी नहीं होने से आवारा पशु फूल और पौधे को खा जा रहे हैं। इस मौके पर सौरभ उपाध्याय, सहायक अध्यापक सचिदानंद सिंह, ब्रजबिहार राम व विनोद कुमार सिंह उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स

**स्वर्णिम उपलब्धि**



**जर्मनी की राजधानी बर्लिन में चल रहे वर्ल्ड चैंपियनशीप टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारत की विमेंस कंपाउंड टीम ने गोल्ड मेडल जीता है। वहीं, पहली बार तीन भारतीय भी शामिल हुई है।**

## कारनामा: इवेंट के इतिहास में पहली बार भारतीय वीमेंस टीम को मिला पहला स्थान

# भारत को वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में मिला गोल्ड मेडल

एजेंसी

**बर्लिन।** भारत की विमेंस कंपाउंड टीम ने पहली बार वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप जीत ली है। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारत को आर्चरी के इस इवेंट में गोल्ड मिला है। पहली बार वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप 1931 में हुई थी। हालांकि, कंपाउंड इवेंट 1995 से हो रहे हैं। कंपाउंड ओलिंपिक में शामिल नहीं है। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में चल रहे वर्ल्ड चैंपियनशिप के कंपाउंड में भारतीय विमेंस टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 235-229 से हराया। टीम में आर्चर ज्योति सुरेख, वेन्नम परनीत कौर और अदिति स्वामी शामिल थीं। इससे पहले सेमीफाइनल में कोलंबिया को 220-216 से हराया। वहीं भारतीय टीम को पहले राउंड में बाई मिला था। जबकि प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की को और क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को हराया।



### इंडिविजुअल में पहली बार 3 भारतीय खिलाड़ी

विमेंस कंपाउंड के इंडिविजुअल में पहली बार टॉप-8 तीरंदाजों में 3 भारतीय शामिल हैं। भारतीय टीम की तीनों तीरंदाज ज्योति सुरेख, वेन्नम परनीत कौर और अदिति स्वामी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल हुई हैं। आर्चरी में वर्ल्ड कप और वर्ल्ड चैंम्पियनशिप दो इवेंट होते हैं। वर्ल्ड आर्चरी चैम्पियनशिप की शुरूआत 1931 से हुई।1931 से 1969 तक इसका आयोजन हर साल होता है। जबकि 1969 के बाद से इसका आयोजन हर दो साल के बाद होता है। भारत ने इस चैम्पियनशिप में 9 बार सिल्वर और 2 बार ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। वहीं वर्ल्ड कप का आयोजन 2006 से हुआ। वर्ल्ड कप के साल 4 स्टेज होते हैं, जो अलग-अलग देश में होते हैं। इन चारों स्टेज को मिलाकर टॉप-8 में रहने वाली टीम और तीरंदाज वर्ल्ड कप फाइनल में भाग लेते हैं।

### मेंस टीम बाहर

कंपाउंड मेंस और मिक्स्ड टीम की चुनौतियां टूर्नामेंट में कड़ी हार के बाद समाप्त हो गईं। मेंस टीम में अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और प्रथमेश जावकर क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 230-235 से हार गए। दूसरी ओर मिक्स्ड इवेंट में, देवतले और ज्योति सुरेखा को क्वार्टरफाइनल में अमेरिका ने 154-153 से हराया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जड़ी बूटी दिवस पर रक्तदान शिविर लगा



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि योगपीठ के परम श्रद्धया आचार्य श्री बालकृष्ण जी महाराज के 50 वें जन्मदिन सह जड़ी बूटी दिवस के मौके पर डीवीसी के पोस्टऑफिस एरिया स्थित स्टेशन क्लब में शुक्रवार को हाम्रो स्वाभिमान न्यास के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड प्रांत के अध्यक्ष सह युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शेषनारायण पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया की श्री महाराज जी के 50 वें जन्मदिन के अवसर पर पूरे भारत वर्ष में एक सूत्री कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें कहीं रक्तदान तो कहीं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में डीवीसी मैथन में न्यास के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।आज के कार्यक्रम में जितने यूनिट रक्त संग्रह किए जायेंगे उन्हें धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच स्थित ब्लड बैंक में जमा कर दिया जायेगा ताकि जरूरत पड़ने पर जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराई जा सके। श्री पाण्डेय ने यह भी बताया की भविष्य में हाम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट के द्वारा पूरे झारखंड के हर जिलों में कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं जिनमें आदिकाल से चली आ रही जड़ी बूटियों के वर्तमान समय की जानकारी दी जायेगी। शिविर में कुल चालीस लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों को श्री पाण्डेय के द्वारा तौनी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में पतंजलि योग पीठ के विनोद कुमार मिश्रा, गुरुप्रकाश मिश्रा, लक्ष्मण थापा, चंपा सापता, मीना तमाल, बिंदेश्वर कुमार, कुंती देवी, विकास तिवारी, गोबिंद चौबे, दिपक चौरसिया, राजेश बहादुर, पंकज सिंह, शिबू बहादुर, एचपी भूषण की भूमिका सराहनीय रही।

### औद्योगिक नगरी में बिजली के उपकरण की कमी : बिरंची नारायण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मानसून सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बोकारो एक औधोगिक नगर है। जहां 63 केवीए, 200 केवीए और 500 केवीए के नए ट्रांसफार्मर की कमी हैं और ये स्टॉक में नहीं रहने के कारण ट्रांसफार्मर बदलने में कई दिन लग जाते हैं। साथ ही तार, पोल के साथ अन्य इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस उपकरण की भी भारी कमी रहती हैं, इनका स्टॉक नही रहने के कारण अनुरक्षण कार्य मे बिलंब होता है। व्यापक जनहित में सरकार इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करे ताकि जरूरत पड़ने त्वरित अनुरक्षण का कार्य हो सके। सरकार ने आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए कहा कि बोकारो चास में विद्युत आपूर्ति मेंटेनेंस से संबंधित सामान उपलब्ध कराया हैं। ट्रांसफार्मर भी दिन प्रतिदिन आवश्यकता के आधार पर उपलब्ध करा रही हैं।

### तालाब भरे जाने के विरोध में प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी कोलियरी के सेन्द्रा मौजा में तालाब भरने को लेकर रैयतों का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी है। रैयत तालाब के पास तंबू गाड़ कर पहरा दे रहा है। तंबू में दिन महिलाएं और रात में पुरुष डटे हुए है रैयतों को डर है कि रात के अंधेरे में तालाब भरा जाता है। इसलिए रात जागना ही विकल्प नजर आ रहा है। शुक्रवार को रैयतों से अधिकारियों की कोई वार्ता नहीं हुई है। आउटसोर्सिंग कंपनी का काम बंद है। रैयतों का कहना है कि तालाब में जितना ओबी डंपिंग हुआ है। उसे बाहर निकाला जाये, तभी कोई वार्ता होगी। तालाब छोड़कर कंपनी काम करे हमे कोई एतराज नही है। अगर जबरन कोई कदम उठाया गया है, तो भूख हड़ताल की जायेगी। आत्मदाह तक करने को बाध्य होना पड़ेगा। गुरुवार जीएम अनूप राय ने कहा था कि रैयत जमीन का दस्तावेज उपलब्ध कराया है। जांच की जायेगी। अगर जांच में जमीन रैयतों का हुआ तो, बीसीसीएल उसे खरीदने के लिए कदम उठायेगा। हालांकि रैयत किसी भी कीमत में तालाब भरने के पक्ष में नहीं है। विरोध करने वालों में अजय महतो, सुगिया देवी, तारणी देवी, द्रौपदी देवी, टूसिया महताइन, कौशल्या देवी, अनिता देवी, तारा देवी, रीता देवी शामिल थी।

### सीआइएसएफ अधिकारियों के साथ बीएंडके अधिकारियों की हुई बैठक



**करगली, बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली अतिथिगृह में सीसीएल अधिकारियों की सीआइएसएफ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। अध्यक्षता बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक एमके राव ने की। इसमें सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेंट शशि रंजन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में कोयले के सुचारू परिवहन एवं आवश्यक निगरानी रखने के उपाय पर चर्चा हुई। साथ ही कोयले चोरी एवं अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए दोनों पक्षों द्वारा आपस में समस्या को दूर करने की सहमति बनी। सीआइएसएफ जवान की तैनाती पर आवश्यक फेर बदल, तैनाती स्थल पर आवश्यक सुविधा, विशेषकर महिला कर्मी के लिए, सुनिश्चित करने का भी निर्णय लिया गया। जीएम एमके राव ने कहा कि कोयला वाहनों के परिवहन में आवश्यक निगरानी रखने पर सीआइएसएफ अधिकारियों के साथ वार्ता हुई है। साथ ही कोयला चोरी ना हो, इस पर चर्चा की गयी है। मौके पर सीआइएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट शिवारविपल्ली, इंस्पेक्टर यूएस चौरसिया, पीओ एकेकेओसीपी केएस गेवाल, पीओ बोकारो कोलियरी एके शर्मा, पीओ कारो ओसीपी सत्येंद्र कुमार, पीओ करगली, क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी मनोज सिंह, स्टाफ ऑफिसर कार्मिक राजीव कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी डी मांझी, कार्मिक अधिकारी मनोरंजन सिंह आदि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने की खुशी

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने के बाद जिला कांग्रेस के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक पर जमकर आतिशबाजी की गयी। साथ ही कांग्रेसियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिला कर अपनी खुशी का इजहार किया। मौके पर अशोक सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह साबित हो गया कि गुजरात की अदालतों ने सत्ता पक्ष के दबाव में फैसला दिया था। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार गौरव के साथ दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। उधर कतरास में युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष विकास सिंह के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर खुशियां मनाई गई। मौके पर जिला महासचिव माधव सिंह, बाघमारा प्रखंड के 20 सूत्री सदस्य जियाउल हक, रामबच्चन पासवान, योगेंद्र रजक, जनक लाल आदि मौजूद थे। **लोयाबाद मोड़** पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाघमारा विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल महतो तथा रमेश्वर तुरी के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। कहा कि यह न्याय की जीत है। मौके पर गौतम रजक, डब्ल्यू पासवान, मो आजाद रवि यादव किशनु कुमार मिथुन महतो मो पप्पू एसपी महतो मो मुस्ताक मंसूरी आदि मौजूद थे।



### बस्ताकोला में कांग्रेस-जेएमएम समर्थकों ने बांटी मिठाई

**धनसार।** सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिलने के बाद बस्ताकोला अंबेडकर चौक पर कांग्रेस व जेएमएम समर्थकों ने संयुक्त रूप से मिठाई बांटकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जेएमएम नेता गणेश निषाद एवं कांग्रेस नेता गौतम पासवान ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाये संविधान पर लोगों की आस्था मजबूत है। भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर विपक्ष को परेशान करना चाहती है लेकिन संविधान सच्चाई से चलता है। मौके पर भोला पासवान, उज्जवल कुमार, भरत निषाद, रेखा पासवान, लक्ष्मी देवी, गीता देवी, माधुरी कुमारी आदि थे। उधर चिरकुंडा नगर कांग्रेस के द्वारा मो. अमीरुल्लाह के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। जुलूस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश चंद्र झा, शशि भूषण नाथ तिवारी, हरदेव मंडल, निशिकांत मिश्रा, मंतोष यादव, बीडेश्वर झा, मो इदरीश, मो. हसन, मो इज्हार खान, श्यामा कांत मिश्रा एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# ओबी डंप में झुलसी बच्ची की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र में चल रहे सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना से हो रहे गर्म ओबी के चपेट में शौच के लिए गयी एक महिला व बच्ची आ गयी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए एसएनएम एमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां बनियहीर 2 नंबर मैदान के समीप ओबी डंप के गर्म छायी से गुरुवार की देर रात हो गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिया का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा था। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे, परंतु बच्ची जलन एवं दर्द नहीं झेल सकी और रास्ते में उसकी मौत हो गयी। हालांकि परिजन उसे पटना ले गये। पटना में ही उसका अंतिम संस्कार किया जायेगा।



झुलसी 11 वर्षीय कक्षा पांच की छात्रा जिया कुमारी की मौत

# सेल ने जर्मनी के एसएमएस समूह के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

## इस्पात उत्पादन के दौरान कार्बन फुटप्रिंट में कमी लायी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** देश की महारत्न सार्वजनिक उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सस्टेनेबल (टिकाऊ) इस्पात उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जर्मनी की अग्रणी इंजीनियरिंग कंपनी एसएमएस ग्रुप के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सेल के रांची स्थित प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ) में तीन अगस्त को किया गया। यह एमओयू इस्पात उत्पादन के दीर्घकालिक बदलाव के लिए नवीन और टिकाऊ उपाय तलाशने की दिशा में सेल और एसएमएस समूह के बीच एक संयुक्त प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस सहयोग का प्राथमिक उद्देश्य सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों में इस्पात निर्माण प्रक्रियाओं में बदलाव लाना, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने पर जोर देना है। साझा विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाकर, सेल और एसएमएस समूह पर्यावरण अनुकूल इस्पात उत्पादन का एक नया प्रतिमान स्थापित करने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। इस एमओयू द्वारा किये गये सहयोगात्मक प्रयास स्टील निर्माण प्रक्रिया में डीकाबोर्नाइजेशन तकनीक को बढ़ावा देंगे और सेल के इस्पात संयंत्रों के भीतर कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे, जो 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ जुड़ा हुआ है।

## धैया रानीबांध सड़क पर जलजमाव

# भाजपाइयों ने धनरोपनी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को धैया रानीबांध में धनबाद महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धैया रानीबांध सड़क पर हो रहे जल जमाव के विरोध में धनरोपनी कर राज्य सरकार के विरुद्ध धरना का आयोजन किया। इसमें मछली पकड़ने का भी कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल ने कहा कि जबसे इस रोड का निर्माण हुआ, तब से रानी बांध धैया रोड जलजमाव की स्थिति दयनीय है।

इस कार्यक्रम में शामिल भाजपा महानगर महामंत्री नितिन भट्ट ने कहा कि ये नाकामी झारखंड सरकार की है लाख नाकामियों को छुपाने की कोशिश करे पर छुपा नहीं सकती है। आज धैया के लोगों की जो स्थिति बनी है, बच्चे स्कूल तक नहीं जा पा रहे है। इस पर सोने पर सुहागा आइएसएम -आइआइटी की नाली का पानी भी इसी पर निकास हो रहा है, क्योंकि उनके पास भी समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं है। न ही नगर निगम ने कभी इस पर विचार किया है। ये झारखंड सरकार की नाकामी है, क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा आइएसएम को आइआइटी की मान्यता देने के बाद झारखंड की हेमन्त सरकार ने केंद्र सरकार को नीचा दिखाने के लिए बहुत से कार्य को नकारने का काम किया है। धनबाद डीसी से आग्रह है कि धैया की जनता को लेकर इस परेशानी से जल्द निजाद दिलायी जाये। इस कार्यक्रम में भाजपा बरटांड मंडल जिला महामंत्री नितिन भट्ट, सह मीडिया प्रभारी कुमार अमित, जगबंधु मंडल, अरमजीत चंद्रवंशी, भाजपा बरटांड मंडल महामंत्री रिंकु सिन्हा, उपाध्यक्ष डीके सिंह,पुस्पा राय, मंत्री सरोज शुक्ला, अमित सिंह, प्रमोद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी बृजनंदन शर्मा, विजय ठाकुर, मीना देवी, किशोर मंडल, संजीत सिंह, के साथ साथ अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



# ऑटो एजेंटी बढ़ाने का विरोध, चालकों ने किया प्रदर्शन, यात्री घंटों रहे हलकान

## लोयाबाद चैंबर के हस्तक्षेप से हुआ विवाद का निपटारा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद में शुक्रवार को ऑटो वाले ने प्रदर्शन किया। इस दौरान लोयाबाद के करीब 50 ऑटो वाले बीच सड़क पर उतर आये और कतरास से आने वाले तमाम ऑटो में बैठे हुए पैसेंजर को उतार दिया। प्रदर्शनकारियों के कहना था कि अब यहां से पैसेंजर को लोयाबाद का ऑटो वाला धनबाद लेकर जायेगा। करीब 50 ऑटो वाले को खाली कराया गया। ऐसा करने से पैसेंजर को काफी परेशानी हुई। छात्र, छात्राओं वकील, गैराज, मेकेनिकल एंव ऑफिस वर्क करने वाले परेशान रहे। कुछ पैसेंजर को लोयाबाद के ऑटो वाले ने धनबाद पहुंचाया। ये सब विवाद कतरास के एजेंट के वजह से उत्पन्न हुआ था। अगुवाई कर रहे निर्मल सिंह ने कहा कि कतरास के एजेंटी वसूलने वाले बमबम पाठक मनमानी कर रहा है। पहले 20 वसूलता था, अब 30 रुपये वसूलने लगा और रसीद भी नहीं देता है। विरोध किया, तो धमकी दिया और कहा कि कतरास से पैसेंजर उठाने नही दिया जायेगा। करीब तीन घंटे बाद लोयाबाद चेंबर के सचिव सुनील पांडेय के हस्तक्षेप के बाद दोनों में सुलह हुआ। अब कतरास में 20 रुपये ही वसूला जायेगा। इसके बाद ऑटो वाले मान गये। प्रदर्शन में निर्मल सिंह, अजय केशरी, संजय केशरी, गुलाम खान, शमशेर आलम, शहबाज खान, बैधनाथ भूईयां, विजय पासवान, गुड्डू केशरी आदि शामिल थे।


## झारखण्ड सरकार, ग्रामीण विकास विभाग

**सूचना**

मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता की शिकायतों पर जिला स्तर पर त्वरित कार्रवाई हेतु झारखण्ड राज्य के पाँच जिलों यथा – गुमला, लोहरदगा, चतरा, सरायकेला–खरसावाँ एवं जामताड़ा में एक–एक लोकपाल की नियुक्ति हेतु प्रक्रिया संचालित की गई है। इस क्रम में दिनांक 23.12.20222 को आयोजित साक्षात्कार में औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों एवं उनके विरूद्ध PR No.- 287877 दिनांक 18.01.2023 द्वारा माँगे गए आपत्तियों के विरूद्ध प्राप्त सभी आपत्तियों के निराकरण के उपरान्त चयन समिति द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में निम्न तालिका के स्तंभ – 03 में अंकित अभ्यर्थियों का चयन किया गया है तथा स्तंभ – 04 में अंकित अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है :–

| क्रमांक | जिला | चयनित अभ्यर्थी का नाम | प्रतीक्षा सूची हेतु अभ्यर्थी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | गुमला | श्री शहवान शेख | श्री शंभु सिंह |
| 2 | लोहरदगा | श्रीमती इंदू तिवारी | श्री रामबाबु गुप्ता |
| 3 | चतरा | श्रीमती संध्या प्रधान | श्री सतीश गिरी |
| 4 | सरायकेला–खरसावाँ | श्री संतोष कुमार राय | श्री अवधेश चन्द्र लाल |
| 5 | जामताड़ा | श्री संजय कुमार उपाध्याय | श्रीमती सुनिता कुमारी |

लोकपाल पद पर चयनित उपरोक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति, प्रशिक्षण इत्यादि के संदर्भ में सूचना दूरभाष/ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

(प्रमोद कुमार)
सरकार के उप सचिव

PR 304018 Rural Development(23-24).D

## जिला परिषद का कार्यालय, रामगढ

Phone no. : 06553-231504 Email ID : ddc-ramgarh@jharkhandmail.gov.in

**संवेदक के नवीकरण हेतु सूचना**

जिला परिषद, रामगढ़ में निबंधित संवेदक जिनकी निबंधन नवीकरण की अवधि समाप्त हो चुकी है उनके संबंध में जिला परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है कि वैसे संवेदक जिनका निबंधन नवीकरण नहीं हो पाया है वो नवीकरण शुल्क का 1.5 (डेढ गुणा) विलम्ब शुल्क देकर जिला परिषद कार्यालय में मूल निबंधन प्रमाण पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा कर अपना निबंधन का नवीकरण करा सकते है।

निबंधन का नवीकरण हेतु आवेदन शुल्क दिनांक 05.08.2023 से 21.08.2023 तक पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:30 अपराह्न तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा किया जा सकता है। नवीकरण शुल्क बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में मान्य होगा जो DDC CUM CEO DISTRICT BOARD RAMGARH के पदनाम से निर्गत एवं रामगढ़ कैण्ट में भुगतेय हो। नवीकरण हेतु निर्धारित शुल्क निम्नवत है :–

| श्रेणी | निविदा राशि की सीमा | नवीकरण शुल्क | विलम्ब शुल्क | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| I | 2.50 करोड़ रूपये उपर कार्यो का निविदा देने के लिए सक्षम। | 2,00,000/– | 1,00,000/– | 3,00,000/– |
| II | 50 लाख रूपये से उपर किन्तु 2.50 करोड़ तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 1,00,000/– | 50,000/– | 1,50,000/– |
| III | 10 लाख रूपये से उपर किन्तु 50 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 25,000/– | 12,500/– | 37,500/– |
| IV | 10 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 10,000/– | 5,000/– | 15,000/– |

निबंधन नवीकरण हेतु वांछित दस्तावेज :–

1- GST Registration
2. अद्यतन Income Tax Return
3. चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति (पुलिस अधीक्षक के स्तर का)
4. काली सूची (Black Listed) में नहीं डाले जाने से संबंधित शपथ पत्र।

**विशेष जानकारी हेतु जिला परिषद कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।**

उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, रामगढ़।

PR 304014 (District) 23-24 (D)

## कार्यालयः जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला में वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्यादेश सं0– 16 रा0(वि0), दिनांक–24.07.2023 के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अंतर्गत निम्नलिखित योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है एवं जिसके आलोक में निम्नांकित योजनाओं हेतु लाभुकों का चयन किया जाना है। अतः निम्न योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | इकाई अनुमान्य अनुदान | लाभुक का अंषदान | चयन हेतु अर्हताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | सं0 में | 796 | 45 | अधिकतम 1200/– रू | 25 प्रतिषत अथवा 400/– रू0 (इकाई लागत का) | 1. केज मत्स्य पालक हो जिनके द्वारा वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो। 2. लाभुक द्वारा अपना अंषदान लगाने हेतु लिखित सहमति देना होगा। 3. विगत वर्षो का केज में मछली उत्पादन का ऑकड़ा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। 4. सरकार का अंषदान 75 प्रतिषत् (प्रति हेक्टेयर भी अधिकतम 1200/–रू0 देय होगा एवं शेष अंषदान 25 प्रतिषत लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा।) |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | एकड़ में | 796 | 9 | अधिकतम 128000/– रू0 | | 1. आवेदक मत्स्य पालन से जुड़ा हो। 2. अपना निजी 1 एकड़ अथवा 0.50 एकड़ जलक्षेत्र का सदाबहार तालाब हो। 3. ST/SC/ एवं महिला वर्ग के लिए राज्य सरकार का अंषदान 128000/– रू0 प्रति एकड़ होगा शेष अंषदान लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा। |
| 3 | पुरस्कार/ सम्मान | सं0 में | 796 | 2 | अधिकतम 30000/– रू0 | | उत्कृष्ट मत्स्य पालकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप/ सम्मानित करने हेतु अधिकतम् राषि 30000/– रू0 प्रति चयनित कृषक पुरस्कार के रूप में 12 Paddle Wheel Aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित) अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिन्डर (Accessories सहित) के क्रय हेतु प्रोत्साहन राषि उनके बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से दी जायेगी। |
| 4 | मत्स्य कृषकों की गोष्ठी | – | – | – | – | – | इच्छुक मत्स्य कृषक पंचायत/ प्रखण्ड स्तर पर मत्स्य कृषक गोष्ठी हेतु स्थल एवं वांछित विवरणी के साथ कार्यालय में संपर्क करें। |
| 5 | जलाशय स्तरीय मछुआरों के लिए I. Card | सं0 में | 796 | 25 | – | – | जलाषयों में मत्स्य षिकारमाही करने वाले मछुआरे वांछित कागजातों के साथ अपना निबंधन कराने हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है। |

नोटः– क्रमांक संख्या– 01, 02, 05, 06 एवं 07 में अंकित Components हेतु चयनित लाभुकों का Escrow Account जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा खोला जाएगा जिसमें अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी तथा लाभुकों के द्वारा अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त होगी। एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिए गए विवरणों के आलोक में सिमडेगा जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अहर्ता रखते हैं एंव आवेदित कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अंशदान लगाने में सक्षम है, उनसे आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 14.08.2023
आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।
आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
संबंधित जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

PR 304023 Fish(23-24)D

जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।

## न्यूज रील्स

### महाप्रभु का रत्न भंडार खोलने का निर्णय

भुवनेश्वर, पुरी (आजाद सिपाही)। आखिरकार काफी बहस के बाद महाप्रभु का रत्न भंडार खोला जायेगा। यह निर्णय शुक्रवार को पुरी में आयोजित श्रीमंदिर प्रबंधन की बैठक में लिया गया। हालांकि इस बैठक के निर्णय के अनुसार इसे अगले साल यानी 2024 के रथ यात्रा के समय खोला जायेगा। इसलिए इस बैठक में एएसआइ को अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। प्रबंधन बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रथ यात्रा के दौरान तीनों ठाकुर श्रीमंदिर में मौजूद नहीं रहेंगे और यह सर्वेक्षण करना सुविधाजनक होगा। मंदिर प्रबंधन कमिटी इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र लिखेगी। निरीक्षण में एक न्यायिक कमिटी के उपस्थित रहने का अनुरोध किया जायेगा। राज्य सरकार इस कमिटी का गठन करेगी। इसके साथ ही श्रीमंदिर प्रशासन एक और कमिटी बनायेगा। इसमें एएसआइ टीम के साथ तकनीकी टीम और सेवायत एवं प्रशासनिक कर्मचारी शामिल होंगे।

### 4000 मीट्रिक टन गेहूं इ-नीलामी के लिए पेश किया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर के महाप्रबंधक (क्षेत्र) ने बताया कि गेहूं की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकारद्वारा खुले बाजार में ई-नीलामी द्वारा ओपन मार्केट सेल स्कीम (घरेलू) के तहत भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गेहूं के अधिशेष स्टॉक को बेचने का निर्णय लिया गया है। एफसीआइ द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार एफसीआइ ओड़िशा क्षेत्र के 7 केंद्रों से 4000 मीट्रिक टन गेहूं इ-नीलामी के लिए पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक साप्ताहिक नीलामी में एक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में एक पैन नंबर के बदले एक बोली में अधिकतम 100 मीट्रिक टन गेहूं की अनुमति दी जायेगी। इस वचन में संशोधन किया गया है कि एफसीआइ के ओएमएसएस (डी) के तहत बोली लगाने वाले, खरीदे गये गेहूं को गेहूं उत्पादों में उठाने की अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर प्रसंस्करण करबिक्री के लिए बाजार में जारी किया जायेगा।

### प्रदेश बीजेपी की नयी टीम की

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मनमोहन सामल ने अपनी नयी टीम की घोषणा कर दी है। उन्होंने 35 पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। बीजेपी की 35 सदस्यीय टीम में 10 उपाध्यक्ष, 5 साधारण संपादक शामिल किये गये हैं। अपराजिता षड़ंगी, रवि नायक, नाउरी नायक, ललितेंदु विद्याधर महापात्र, पूर्णचंद्र महापात्र, लेखाश्री सामंतसिंहार, कुसुम टेटे, गोलक महापात्र, सुकेशी ओराम और बिरंची नारायण त्रिपाठी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह अभिलाष पंडा भाजपा का युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने हैं, जबकि डॉ ऐश्वर्या बिस्वाल महिला मोर्चा की अध्यक्षा बनी हैं। इसी तरह महेश्वर साहू किसान मोर्चा के अध्यक्ष, नित्यानंद गंड एसटी मोर्चा, विभूप्रसाद तराई एससी मोर्चा, सुरथ बिस्वाल ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष बने हैं।

## एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय साहित्य समारोह 'उन्मेश 2023' भोपाल में

# भारतीय ज्ञान प्रणाली, भारतीय दर्शन, भारतीय संस्कृति पूरे विश्व के कल्याण के लिए प्रेरित करती है : प्रो चक्रधर त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने शुक्रवार को रवींद्र भवन, भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेश (अभिव्यक्ति का उत्सव) 2023 के उत्सव को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्पराएं, विचारों और दर्शन के मूल्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली, भारतीय दर्शन, भारतीय संस्कृति पूरे विश्व के कल्याण के लिए प्रेरित करती है। हमारा दर्शन एक दुनिया और एक परिवार में विश्वास करता है। वेद, उपनिषद और पुराणों जैसे प्राचीन भारतीय साहित्य में परिलक्षित संस्कारों ने भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक लोकाचार को एक विश्व एक परिवार के सामाजिक मूल्यों को समृद्ध किया। मीरा और भगवान कृष्ण के बीच दिव्य संबंध दुनिया के लिए दिव्य प्रेम और रचनात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने आग्रह किया कि दुनिया की भलाई के लिए साहित्य में भारत के ज्ञान और विचारों को प्रतिबिंबित करें। उन्होंने इस अवसर पर एनइपी 2020 की मुख्य विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला, जहां भारतीय ज्ञान की रचनात्मकता परिलक्षित हुई है। उन्होंने ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अनुवाद कार्य का हवाला दिया और भारतीय पुस्तकों का विदेशी भाषाओं में और विदेशी पुस्तकों भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन; जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित, और संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय प्रो गिरीश्वर मिश्रा ने महोत्सव को भी संबोधित किया। साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित यह महोत्सव तीन अगस्त, 2023 से शुरू हुआ और छह अगस्त, 2023 तक चलेगा। यह 'उन्मेश' का दूसरा संस्करण है।

'उन्मेश' भारत का सबसे समावेशी साहित्यिक उत्सव है और भाषा संख्याओं के प्रतिनिधित्व के मामले में न केवल एशिया का सबसे बड़ा साहित्यिक उत्सव है, बल्कि यह जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा साहित्यिक उत्सव बनने जा रहा है। इस फेस्टिवल में सेमिनार में लेखकों की कई नयी पीढ़ियां हिस्सा लेती हैं और ऐसा लगता है कि उनकी क्रिएटिविटी को इसमें एक नयी दिशा मिली है। समारोह में 100 भाषाओं के 575 से अधिक लेखकों ने भाग लिया। भारत के अलावा 13 अन्य देशों के लेखकों ने भी इस महोत्सव में भाग लिया।

बहुभाषी कहानियों और कविता पाठ के अलावा कई अन्य विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में पहली बार चर्चा की जा रही थी। इन विषयों में डॉक्टर का साहित्य, महासागर साहित्य, मशीनों का उदय - लेखक हीन साहित्य, रचनात्मकता बढ़ाने वाली शिक्षा और अनुवाद शामिल हैं। भारतीय कविता, भारतीय भक्ति साहित्य, भारत की सांस्कृतिक विरासत, विविधता में एकता, सिनेमा और साहित्य आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जा रही है। इस अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में देश-विदेश के लेखक, विद्वान, पत्रकार, अनुवादक, प्रकाशक, संस्कृतिकर्मी, रंगकर्मी और फिल्म निमार्ता भाग ले रहे हैं। साहित्य अकादमी और अन्य साहित्यिक संस्थानों की किताबें भी महोत्सव में आकर्षक छूट पर उपलब्ध हैं।

## चंद्रयान-3 ने दो-तिहाई दूरी तय की आज चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 ने लगभग दो-तिहाई दूरी तय कर ली है। यानी चंद्रमा का लगभग 66% सफर स्पेसक्राफ्ट पूरा कर चुका है। अब ये चंद्रमा की कक्षा में 5 अगस्त को शाम करीब 7 बजे प्रवेश करेगा। इसरो ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। वहीं 23 अगस्त को यान चंद्रमा पर लैंड करेगा।


बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातु
अड़की (खूंटी)
झारखंड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

आवश्यकता

बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातु अड़की (खूंटी) में निम्नलिखित विषयों में सहायक शिक्षकों की आवश्यकता है।

| विषय | | योग्यता |
|---|---|---|
| (1) हिन्दी | - | बी. ए. बी. एड. |
| (2) गणित | - | बी. एस. सी. बी. एड. |
| (3) इतिहास | - | बी. ए. बी. एड. |

आदिवासी हरिजन एवं पिछड़ी स्थानीय अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
**बायोडाटा जमा करने की अंतिम तिथि 15/08/23 कार्यालय में जमा करेंगें।**
साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यार्थियों को दूरभाष (मोबाइल) के माध्यम से तिथि एवं समय की सूचना दी जाएगी।
संपर्क करें - 9572949704 / 62024544759
सचिव/प्रधानाध्यापिका



EAR LOBE REPAIR
HLCCS
SKIN, HAIR, COSMETICS AESTHETIC AND LASER CENTER
(कटे हुए कान को ठीक करवाएँ)




- बिना टांके (Stitches) के कान ठीक किये जाते है।
- किसी प्रकार का दर्द नहीं होता है।
- किसी प्रकार का कोई परहेज नहीं करना पड़ता है।
- 100% प्रतिशत पक्का Treatment
- किसी प्रकार का कोई भी साईड इफेक्ट नहीं होता है।

Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुरुष विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट अरगोड़ा, रांची 834002


## खोरधा रोड मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने दी जानकारी

# पीएम मोदी कल खोरधारोड मंडल के 11 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत खोरधा रोड मंडल के 11 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी जायेगी। शुक्रवार को एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत खोरधा रोड मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के संबंध में मीडिया को जानकारी देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत शुरू की गयी अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं और सेवा प्रदान करने के लिए देश भर में रेलवे स्टेशनों के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाना और सुधारना है। वर्तमान में इस योजना में भारतीय रेलवे के 1309 स्टेशनों के उन्नयन/ आधुनिकीकरण की परिकल्पना की गयी है। अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकास के लिए खोरधा रोड मंडल के कुल 23 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है। पहले चरण में 11 रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए चुना गया है। वे स्टेशन हैं - साक्षीगोपाल, मंचेश्वर, ढेंकानाल, छत्रपुर, अंगुल, पलासा, मेरामंडली, बालूगांव, लिंगराज टेंपल रोड, तालचेर रोड और खोरधा रोड।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह अगस्त को नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत योजना के तहत 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे, जहां, खोरधा रोड मंडल के अंतर्गत उपरोक्त 11 स्टेशन शामिल हैं।

# एसडीओ धीरेंद्र कुमार सिंह को दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता




**राजधनवार।** निवर्तमान एसडीओ धीरेंद्र कुमार सिंह के स्थानांतरण पर शुक्रवार को धनवार प्रखंड परिसर में अनुमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो एवं संचालन बीपीओ दिलीप कुमार साहू ने किया। इस दौरान पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने उनके कार्यों की सराहना की तथा कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया।

कार्यक्रम में पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद प्रसाद सिंह, प्रमुख गौतम सिंह, सीओ नरेश वर्मा, उप प्रमुख असगर अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी, भाजपा नेता सुनील अग्रवाल, विनय शर्मा, उदय सिंह,पवन साव, नकुल राय, सुबोध राय, बसंत भोक्ता, श्रीकांत राय, अरविंद साव, नंदलाल साव, व्यापार संघ अध्यक्ष दिनेश संथालिया, मुखिया गौरव नारायण देव, रामदेव यादव, गौतम शर्मा, निरंजन सिंह, राजेंद्र यादव, अजित जोगी, जय प्रकाश साहा, अजित रजक, विकेंद्र साहा, सदानंद राय, निरंजन तिवारी, सुदामा राम, रोबिन साव, शिक्षाविद राजेंद्र सिंह, रविंद्र नाथ सिंह, धर्मेंद्र सेठ, अंबिका प्रसाद, कृष्णकांत राय, पूर्व मुखिया मंजूर आलम, संजय साव आदि उपस्थित थे।


bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors: bathsense ESSESS Flowkem Glocera M-seal ASTRAL Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob.: 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email: balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

PERFECT AQUA
50 जार फ्री
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163
Perfect service
H.B ROAD KOKAR RANCHI JHARKHAND

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-99341 89684
76673 84788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob: 9939563560, 7004525571, Email id: shivacement1212@gmail.com

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob: 9973853279, 9031249105
समस्या है तो! समाधान भी है!
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची


# लंबे सप्ताहांत की छुट्टी के लिए एकमात्र गंतव्य स्थल है दुबई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** लंबे सप्ताहांत नजदीक होने के साथ, रोमांचक छुट्टी की योजना बनाने के लिए अभी से बेहतर कोई समय नहीं है। अविस्मरणीय अनुभव चाहने वालों के लिए, दुबई के अलावा और कहीं न देखें, एक ऐसा गंतव्य जो भारत से एक छोटी सी उड़ान के भीतर संस्कृति, रोमांच, विलासिता और बहुत कुछ का एक असाधारण मिश्रण प्रदान करता है। आधुनिकता और परंपरा, विलासिता और रोमांच के मिश्रण का आनंद लें, साथ ही आप विश्व स्तरीय आकर्षण, प्रतिष्ठित स्थल और आतिथ्य भी देखें। दुबई के पाककला विकल्प आपको चुनने के लिए मजबूर कर देंगे। मिशेलिन-तारांकित रेस्तरां से लेकर स्थानीय अमीराती व्यंजन, प्रामाणिक भारतीय व्यंजन और स्ट्रीट फूड तक, दुबई आपके खाने के शौकीनों के लिए एक लजीज व्यंजन है। दुबई दुनिया के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों का घर है। आश्चर्यजनक मनोरम दृश्यों के लिए शक्तिशाली बुर्ज खलीफा, मंत्रमुग्ध कर देने वाला दुबई फाउंटेन शो और शानदार पाम जुमेराह - विकल्प वास्तव में अंतहीन हैं। दुबई में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है, जो परिवारों, जोड़ों, दोस्तों और अकेले यात्रियों के लिए एक सुखद अनुभव सुनिश्चित करता है। रोमांच और रोमांच चाहने वालों के लिए, दुबई रोमांचक रेगिस्तानी सफारी, पाम जुमेराह पर स्काइडाइविंग अनुभव और अपने प्राचीन समुद्र तट पर पानी के खेल प्रदान करता है। परिवार कई थीम पार्कों, वन्यजीव अभयारण्यों और इंटरैक्टिव संग्रहालयों में गुणवत्तापूर्ण समय बिता सकते हैं। पारंपरिक बाजारों से लेकर जहां आप बेहतरीन स्मृति चिन्ह पा सकते हैं, दुबई मॉल और मॉल ऑफ एमिरेट्स जैसे आधुनिक मेगा-मॉल तक, दुबई एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करता है। दुबई में शानदार होटलों और रिसॉर्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला है जो विश्व स्तरीय सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करते हैं।


FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office: 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob: 9835502908
Cooperate Office: Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob: 9631103045
Cooperate Office: Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob: 7488289546
E-mail: alphaeducational.center@gmail.com, Web site: www.alphaec08.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**